नई दिल्ली
शनिवार 21 फरवरी 2026
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 309
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 27
न्यून. 13

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### बांग्लादेश ने भारत संग वीजा सेवाएं बहाल की



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश ने भारत के संग रिश्तों में सुधार की दिशा में दिल्ली स्थित बांग्लादेश हाई कमीशन ने शुक्रवार को भारतीय नागरिकों के लिए वीजा सेवाएं फिर से शुरू कर दीं। करीब दो महीने पहले इन सेवाओं को रोक दिया गया था। भारत के एक वरिष्ठ वाणिज्य दूतावास अधिकारी ने भी कहा है कि नई दिल्ली भी जल्द बांग्लादेश में सभी वीजा सेवाएं बहाल करेगी। दिसंबर 2025 में दोनों देशों के रिश्तों में तेज गिरावट के बाद वाणिज्य दूतावास और वीजा सेवाएं रोक दी गई थीं। यह तनाव शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद बढ़ा था।

### ट्रेन छूटने से पहले बदल सकेंगे बोर्डिंग स्टेशन



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बोर्डिंग स्टेशन बदलने के नियमों में बदलाव करने की तैयारी कर रहा है। मौजूदा प्रक्रिया के तहत ट्रेनों के तय समय से करीब 10 से 20 घंटे पहले रिजर्वेशन चार्ट बनना शुरू हो जाता है। सामान्य ट्रेनों में यात्री चार्ट तैयार होने से करीब तीस मिनट पहले तक अपना बोर्डिंग स्टेशन बदल सकेंगे। जबकि प्रीमियम ट्रेनों जैसे वंदे भारत एक्सप्रेस में यह सुविधा ट्रेन रवाना होने या चार्ट बनने से सिर्फ 15 मिनट पहले तक मिल सकती है। इससे यात्रियों को टिकट रद्द करने की जरूरत कम पड़ेगी।

### कार और ट्रक के बीच टक्कर, 7 की मौत



**वलसाड।** गुजरात के वलसाड जिले के कुंभघाट इलाके में एक भीषण सड़क दुर्घटना में 7 लोगों की मौत हो गई। कार और ट्रक के बीच हुई इस भीषण टक्कर में एक ही परिवार के 7 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 2 महिलाएं भी शामिल हैं। जिले के कपराड़ा तालुका के दुर्घटना बहुल्य इलाके में ये हादसा हुआ। पुलिस के अनुसार तेज गति से चल रहे ट्रक और कार के बीच भीषण टक्कर में हादसा हुआ। लोग कपराड़ा के अंबा जंगल गांव के रहने वाले थे। हादसे के बाद मौके पर ही 5 लोगों की मौत हो गई। वहीं, हादसे में घायल 2 लोगों को पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

अब ज्यादा दिनों तक नहीं चलेगी चीन की दादागिरी...

# भारत ने अमेरिका के साथ किए ऐतिहासिक 'पैक्स सिलिका' घोषणापत्र पर हस्ताक्षर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अलग-अलग सुरक्षा और आर्थिक कारणों की वजह से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी हुई अस्थिरता के बीच शुक्रवार को भारत, अमेरिका के नेतृत्व वाली रणनीतिक पहल 'पैक्स सिलिका' का आधिकारिक रूप से हिस्सा बन गया है। राजधानी के भारत मंडपम में 'इंडिया एआई इंपैक्ट सम्मेलन-2026' के दौरान आयोजित किए गए एक समारोह में इससे जुड़े घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जिसका उद्देश्य चीन पर निर्भरता को घटाकर दुर्लभ खनिजों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को लेकर एक लचीली और सुरक्षित वैश्विक सप्लाई चेन का निर्माण करना है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि एआई सम्मेलन में घोषणापत्र पर भारत से केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय में सचिव एस.कृष्णन ने हस्ताक्षर किए हैं। जबकि अमेरिका से नई दिल्ली में तैनात राजदूत सर्जियो गोर और अमेरिका के आर्थिक विकास, ऊर्जा और पर्यावरण मामलों के अवर सचिव जैकब हेलबर्ग ने हस्ताक्षर किए हैं। इस दौरान केंद्रीय रेलवे, सूचना-प्रसारण-इलेक्ट्रानिक्स व सूचना तकनीक मंत्री अश्विनी वैष्णव और अमेरिका के विज्ञान-प्रौद्योगिकी नीति कार्यालय के अधिकारी माइकल क्राटसिओस भी मौजूद रहे।

- ⏩ घोषणापत्र का उद्देश्य अमेरिका के नेतृत्व में दुर्लभ खनिजों और एआई के मामले में वैश्विक सप्लाई को सुरक्षित बनाना है
- ⏩ भारत ने अमेरिका के साथ एआई अवसर भागीदारी से जुड़े संयुक्त बयान पर भी किए हैं हस्ताक्षर
- ⏩ केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले, ये महज एक समझौता नहीं, इससे युवा पीढ़ी के लिए नई नींव और अवसरों का निर्माण होगा




### ब्लैकमेल को ना कहता घोषणापत्र

अमेरिका के अवर सचिव जैकब हेलबर्ग ने कहा कि ये घोषणापत्र सिर्फ कागज पर किया गया एक समझौता नहीं है। बल्कि ये साझा भविष्य से जुड़ा एक रोडमैप है। दोनों देशों के लोकतांत्रिक इतिहास का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा आज जब हम घोषणापत्र पर हस्ताक्षर कर रहे हैं। तो हम हथियारबंद निर्भरता और ब्लैकमेल को ना कहते हैं। साथ ही हम इस बात की पुष्टि करते हैं कि आर्थिक सुरक्षा ही राष्ट्रीय सुरक्षा है। इस पहल के पीछे व्यापक महत्वाकांक्षा यह है कि हम भविष्य के संपूर्ण संसाधनों को सुरक्षित कर रहे हैं। जमीन की गहराई में मौजूद खनिज हमारी प्रयोगशालाओं और निर्माण इकाइयों में मौजूद सिलिकॉन वेपर्स और वह बुद्धिमत्ता मुख्य है। जो मानव क्षमता को उजागर करेगी। पैक्स सिलिका से हमारी यही घोषणा है कि भविष्य उन्हीं का है, जो निर्माण करते हैं।

### परिभाषित होगी तकनीकी-आर्थिक व्यवस्था

अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने पैक्स सिलिका में भारत के प्रवेश को रणनीतिक और आवश्यक बताया। उन्होंने कहा, ये वह गठबंधन है। जो 21 वीं सदी की आर्थिक और तकनीकी व्यवस्था को परिभाषित करेगा और जिसे संपूर्ण सिलिकॉन स्टैक को सुरक्षित करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें उन खानों से लेकर जहां हम अहम खनिजों का खनन करते हैं। साथ ही उन फैबियों तक, जहां हम चिप्स का निर्माण करते हैं। उन डेटा केंद्रों तक जहां हम अत्याधुनिक एआई का उपयोग करते हैं शामिल हैं। घोषणापत्र की लोकतांत्रिक नींव को समझाते हुए राजदूत गोर ने कहा कि घोषणापत्र के जरिए हम स्वतंत्रता, साझेदारी और शक्ति का चुनाव करते हैं। एआई सम्मेलन में इस पर किए गए हस्ताक्षर से ये संदेश मिलता है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उन्नत प्रौद्योगिकियों का भविष्य संयोग पर नहीं छोड़ा जाएगा। बल्कि इसका निर्माण स्वतंत्रता, साझेदारी व दीर्घकालिक लचीलेपन ⏩ शेष पेज 5 पर

### भारत-अमेरिकी साझेदारी को मिलेगी मजबूती

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि ये महज एक समझौता नहीं है। बल्कि उससे भी कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। भारत केवल एक एआई सम्मेलन का आयोजन नहीं कर रहा है। बल्कि हम युवा पीढ़ी के लिए नई नींव और नए अवसर सृजित कर रहे हैं। उन्होंने देश में बढ़ती हुई सेमीकंडक्टर क्षमताओं पर जोर देते हुए कहा कि आज हमारे प्रतिभाशाली इंजीनियर दुनिया के सबसे उन्नत दो नैनोमीटर चिप्स डिजाइन कर रहे हैं। सेमीकंडक्टर उद्योग को करीब 10 लाख नए और कुशल युवा पेशेवरों की आवश्यकता होगी। यह भारत के लिए एक बहुत बड़ा अवसर है।

*भारत ने फिलिस्तीन का किया समर्थन, इजरायल के वेस्ट-बैंक में अवैध विस्तार की निंदा की*

## ट्रंप के 'बोर्ड ऑफ पीस' की पहली बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में हुई भारत की एंट्रीः जायसवाल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा गाजा शांति योजना से जुड़ी 'बोर्ड ऑफ पीस' की पहल को लेकर बीते गुरुवार को आयोजित की गई पहली बैठक में भारत ने बतौर पर्यवेक्षक के रूप में भाग लिया है। ये बैठक अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में आयोजित की गई थी। जिसमें भारत के प्रतिनिधि के रूप में वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास में तैनात प्रभारी राजनयिक नामग्या खम्पा शामिल हुई। बोर्ड ऑफ पीस का संबंध राष्ट्रपति ट्रंप की गाजा शांति योजना और इसके क्रियान्वयन को लेकर जारी प्रयासों से जुड़े संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के प्रस्ताव-2803 से है। उन्होंने कहा कि भारत ने गाजा शांति योजना और यूएनएससी के प्रस्तावों में शामिल मुद्दों का ⏩ शेष पेज 5 पर



राजधानी में शुक्रवार को हुई मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए सवालों के जवाब में बोले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता

*पैक्स सिलिका समझौते पर हस्ताक्षर के बाद आयोजित की गई प्रेस वार्ता में बोले भारत में अमेरिका के राजदूत*

## रूस से तेल खरीद पर भारत को निशाना नहीं बना रहा अमेरिकाः सर्जियो गोर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर जल्द होने वाले हस्ताक्षर से ठीक पहले दोनों देशों की तरफ से कुछ महत्वपूर्ण बयान सामने आए हैं। जिसमें एक ओर शुक्रवार को नई दिल्ली में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने रूस से भारत की तेल खरीद को लेकर अपने देश के रुख को दोहराते हुए कहा कि इस मामले में अमेरिका भारत को निशाना नहीं बना रहा है। बल्कि हमारे देश की असली मंशा ये है कि रूस से भारत ही नहीं बल्कि दुनिया का कोई भी देश कच्चे तेल की खरीद न करे। जिससे ये साफ हो जाता है कि ये मुद्दा केवल नई दिल्ली से संबंधित नहीं है। बल्कि इसका वास्तविक उद्देश्य रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को अमेरिका द्वारा समाप्त ⏩ शेष पेज 5 पर

माइक्रोसॉफ्ट कंपनी का बड़ा ऐलान


## भारत समेत ग्लोबल साउथ में एआई पर 4 लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

माइक्रोसॉफ्ट ने भारत में चल रहे एआई इंपैक्ट समिट 2026 के दौरान बड़ा ऐलान किया है। कंपनी ने कहा है कि वह इस दशक के अंत तक यानी 2030 तक करीब 50 अरब डॉलर एआई से जुड़े इंफ्रा और स्किल डेवलपमेंट पर खर्च करेगी। भारतीय रुपए में देखें तो यह रकम करीब 4 लाख करोड़ रुपए बैठती है। माइक्रोसॉफ्ट के वाइस चेयरमेन और प्रेसीडेंट ब्रैड स्मिथ ने मंच से कहा कि एआई का फायदा अभी दुनिया में बराबर नहीं बंटा है। कुछ देशों में एआई तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन कई देशों में इसकी पहुंच अभी भी कम है। कंपनी चाहती है कि एआई ⏩ शेष पेज 5 पर

### डेटा सेंटर और क्लाउड इंफ्रा पर फोकस

कंपनी का फोकस एआई डेटा सेंटर, क्लाउड इंफ्रा और लोकल लेवल पर एआई स्किल बढ़ाने पर रहेगा। साथ ही टीचर्स और स्टूडेंट्स को भी एआई से जोड़ने की योजना है ताकि आने वाले समय में ज्यादा लोग एआई टूल्स का सही तरीके से इस्तेमाल कर सकें। कंपनी पहले से ही भारत में क्लाउड और एआई इंफ्रा पर निवेश कर रही है। उम्मीद है कि भारत में डेटा सेंटर, ट्रेनिंग प्रोग्राम और एआई से जुड़े स्टार्टअप्स को भी फायदा मिलेगा।



*ब्रैड स्मिथ*

## एनएसयूआई के नए अध्यक्ष बने विनोद जाखड़

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) ने राष्ट्रीय छात्र संगठन में बड़ा बदलाव करते हुए विनोद जाखड़ को राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। एआईसीसी के महासचिव के.सी. वेणुगोपाल की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि कांग्रेस अध्यक्ष ने विनोद जाखड़ को एनएसयूआई की कमान सौंपी है। पार्टी नेतृत्व ने भरोसा जताया है कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी तथा छात्र-युवा मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा। विज्ञप्ति में निवर्तमान अध्यक्ष वरुण चौधरी के योगदान की भी सराहना की गई है।



पार्टी ने कहा कि वरुण चौधरी ने अपने कार्यकाल में संगठन को सशक्त बनाने और विभिन्न छात्र आंदोलनों में सक्रिय भूमिका निभाई। गौरतलब है कि एनएसयूआई कांग्रेस की छात्र इकाई है, जो देशभर के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में सक्रिय है। आगामी छात्र संघ चुनावों और युवा मुद्दों को लेकर संगठन की भूमिका अहम मानी जा रही है। ऐसे में नेतृत्व परिवर्तन को संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**24 फरवरी को भोपाल में पहला किसान सम्मेलन**
**यवतमाल और श्रीगंगानगर में भी होंगे कार्यक्रम**

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के खिलाफ कांग्रेस का राष्ट्रव्यापी अभियान

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली


भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में कांग्रेस ने देशव्यापी जनसंपर्क और आंदोलन की घोषणा की है। पार्टी 24 फरवरी को भोपाल (मध्य प्रदेश) में पहला किसान सम्मेलन आयोजित करेगी, जिसके बाद महाराष्ट्र के यवतमाल और राजस्थान के श्रीगंगानगर में भी सम्मेलन होंगे। दोनों 'घेराबंदी' ऐसे तैयार की गई है कि 9 मार्च से शुरू हो रहे बजट सत्र के अगले चरण से पहले कांग्रेस पार्टी संसद से बाहर ट्रेड डील को लेकर भाजपा नीत केंद्र सरकार के खिलाफ एक राजनीतिक जमीन तैयार कर सके। जाहिर है इसका असर संसदीय सत्र भी पड़ेगा।



पार्टी के महासचिव (संचार) और सांसद जयराम रमेश ने यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान की रणनीति को अंतिम रूप देने के लिए आज शाम एक बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने की। बैठक में लोकसभा में नेता ⏩ शेष पेज 5 पर

### 'किसानों के हितों से समझौता' का आरोप

जयराम रमेश ने कहा कि हाल ही में संपन्न भारत-अमेरिका व्यापार समझौता प्रधानमंत्री की "पूर्ण समर्पण" की नीति का उदाहरण है। कांग्रेस नेताओं का मानना है कि इस समझौते का पहले चरण में कपास, सोयाबीन, मक्का, फल और मेवा उत्पादक किसानों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा, खासकर इन छह राज्यों में। उन्होंने बताया कि प्रभावित किसानों तक सीधे पहुंचने और जनमत तैयार करने के लिए कांग्रेस विभिन्न राज्यों में किसान सम्मेलन आयोजित करेगी। पहला सम्मेलन 24 ⏩ शेष पेज 5 पर



## खबर संक्षेप



### गैस रिसाव के बाद आग लगी, छह झुलसे

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के मधु विहार इलाके में शुक्रवार को एक झुग्गी बस्ती में एलपीजी सिलेंडर से रिसाव के कारण आग लग गई। इसके बाद अफरा तफरी में एक ही परिवार के छह लोग गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों में हरिलाल, उनकी पत्नी राजकुमारी और चार बच्चे आस्था, संजू, मुस्कान व राखी शामिल हैं। सूचना मिलने पर दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। हादसे में झुलसे सभी लोगों को तत्काल उपचार के लिए एम्स में भर्ती कराया गया है।

### लुटेरों के गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार



नई दिल्ली। करोल बाग से लुटेरों के एक गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस ने सरगना सहित चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इसी गैंग ने सर गंगा राम अस्पताल के पास एक व्यक्ति से मारपीट और लूटपाट की थी। इस संबंध में 16 फरवरी को करोल बाग थाने में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार द्वारका से करोल बाग खरीदारी करने आए पीड़ित से दो लोगों ने संपर्क किया और उससे बातचीत करने की कोशिश की। उसका विश्वास जीतने के लिए उसे नोटों जैसे दिखने वाले नकदी के बंडल दिखाए। पीड़ित से कहा कि अगर वह नकदी को बैंक खाते में जमा करने में मदद करें तो वे राशि साझा करेंगें। संदेह होने पर अस्पताल की ओर जाने का प्रयास करने लगे पीड़ित का आरोपी कथित तौर पर पीछा करने लगे तथा जंगल क्षेत्र में उस पर हमला कर दिया। पीड़ित के सिर पर ईंट से हमला किया गया था। आरोपियों ने उसका आईफोन भी छीन लिया था। पकड़े गये आरोपियों की पहचान इबरार (23), सुलेमान (22), आशिक खान (27) और असलम (34) के रूप में हुई है। ये सभी बवाना के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि असलम गिरोह का सरगना है।

### मुखर्जी नगर के पार्क में ले जाकर दिया वारदात को अंजाम

# मौसी ने दो साल के बच्चे का गला घोंटा, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- पुलिस जांच जारी, मौसी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं



मुखर्जी नगर में दो साल के बच्चे की सगी मौसी ने ही गला घोंटकर हत्या कर दी। बच्चा अपनी मां के साथ ननिहाल आया हुआ था। शुक्रवार दोपहर को बच्चे की मौसी उसे एसएफएस फ्लैट स्थित पार्क में घुमाने के बहाने लेकर गई थी और उसी दौरान गला घोंटकर हत्या कर दी। मौसी भी बेहोशी की हालत में पाई गई थी। पुलिस का कहना है कि मौसी ने ही बच्चे की गला घोंटकर हत्या की है। बच्चे के मामा ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

दिल्ली पुलिस ने बताया कि शुक्रवार दोपहर लगभग 1:30 बजे मुखर्जी नगर थाने को एक पीसीआर कॉल मिली। कॉलर ने बताया कि मेरे भांजे की मौत हो गई है। हत्या करने वाला कोई और नहीं बल्कि उसकी बहन है। एक स्थानीय निवासी ने बच्चे को पार्क से उठाकर अस्पताल पहुंचाया था। डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। जबकि महिला को जहांगीरपुरी के बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला का मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं है। स्थानीय लोगों ने बताया कि आरोपी महिला की पहचान अजरा (30) के रूप में हुई है। अजरा ने कथित तौर पर पार्क में टहलने के बहाने बच्चे को साथ लिया और वहां सन्नाटा पाकर उसका गला घोंट दिया। पुलिस जांच में सामने आया कि मासूम हादी अपने पिता आदिल के साथ ओल्ड सीलमपुर में रहता था। रमजान का महीना होने के कारण उसकी मां उजमा अपने मायके आई हुई थी।

# हत्या और हत्या की कोशिश के दो मामलों का खुलासा, तीन अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



पूर्वी दिल्ली के दो थाना क्षेत्रों में चाकू से हमला कर एक शख्स की हत्या करने और दूसरे व्यक्ति को घायल करने की दो अलग अलग घटनाओं के संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। ये घटनाएं पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र और पांडव नगर में हुई थी। पाया गया कि इन्हें हमलावरों के एक ही समूह ने अंजाम दिया था। पुलिस के मुताबिक पहले मामले में 18 फरवरी को रात करीब 9.30 बजे पीआईए के पास मोहित शर्मा (28) पर चार से पांच अज्ञात लोगों ने जानलेवा हमला किया था। हमले में मोहित को गंभीर चोटें आई थी और उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। इसके बाद मामले की जांच शुरू की गई थी। इसी बीच 19 फरवरी को लगभग आठ बजे पीसीआर को जानकारी मिली कि पांडव नगर इलाके के संजय झील पार्क के सार्वजनिक शौचालय में एक अज्ञात व्यक्ति घायल पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची तो पाया कि शख्स की मौत हो चुकी है और उसके शव पर चाकू से वार करने के निशान हैं। बाद में उसकी पहचान लुक्कू चौधरी (36) के रूप में हुई। हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। पूर्वी दिल्ली के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अभिषेक धनिया ने बताया कि एक विशेष टीम का गठन किया गया था। जांचकर्ताओं ने उत्सव ग्राउंड से खिचड़ीपुर होते हुए मेरठ एक्सप्रेसवे की ओर जाने वाले मार्ग पर लगे लगभग 200 कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया। हत्या का सही समय शुरू में स्पष्ट नहीं था, इसलिए पुलिस ने इस बात की जानकारी निकाली कि पीड़ित को आखिरी बार कब देखा गया था। पीड़ित को आखिरी बार 18 फरवरी को शाम करीब सात बजे देखा गया था। अधिकारी ने बताया कि संजय झील पार्क के प्रवेश और निकास बिंदुओं सहित 14 घंटे से अधिक की फुटेज की जांच की गई जबकि मृतक का मोबाइल फोन गायब था। फोन की आखिरी लोकेशन और गतिविधि से महत्वपूर्ण सुराग मिले। पुलिस ने यह स्थापित किया कि दोनों अपराध एक ही गिरोह द्वारा किए गए थे। सबसे पहले साहिल (18) की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही के आधार पर सह आरोपी अंश उर्फ किंग (19) और विपिन (21) को पकड़ा गया। यह गिरोह शाम और रात के समय सुनसान इलाकों में लोगों को निशाना बनाता था।

### रोहिणी में लूटपाट के चलते दिया था वारदात को अंजाम

# चाकू मारकर हत्या के आरोप में दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



रोहिणी में लूटपाट की कोशिश के दौरान एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या करने और दूसरे को घायल करने के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के नाम रोहित (29) और दुर्गेश उर्फ दुर्गी (23) बताये गये हैं। दोनों रोहिणी के सेक्टर 23 के रहने वाले हैं।

पुलिस के अनुसार 16 फरवरी को शाम करीब सात बजे पीसीआर से सूचना मिली कि सेक्टर 23 में चाकू से घायल एक व्यक्ति को संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान अमरनाथ यादव के रूप में हुई थी। इस घटना में चाकू से घायल हुए राम यादव से हमले के दौरान उनका मोबाइल फोन कथित तौर पर छीन लिया गया था। जांच में दो संदिग्धों की संलिप्तता का पता चला, जिन्हें घटना वाले दिन अपराध स्थल के पास एक स्कूटर पर देखा गया था। बृहस्पतिवार को रोहित को गिरफ्तार किया गया। उसने पूछताछ के दौरान अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर सह आरोपी दुर्गेश को भी पकड़ लिया गया। पुलिस ने बताया कि रोहित पहले चोरी, छीना झपटी और डकैती के आठ मामलों में शामिल था, जबकि दुर्गेश डकैती, छीनी झपटी और जानबूझकर चोट पहुंचाने के नौ मामलों में शामिल रहा है।

# क्रोएशिया के विश्वविद्यालय में 1876 से पढ़ाई जा रही है संस्कृत : आंद्रेज प्लेनकोविच

- दोनों देशों के शैक्षणिक और सांस्कृतिक संबंधों को नई दिशा देगा आंद्रेज प्लेनकोविच का दौरा : प्रो. योगेश सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




क्रोएशिया गणराज्य के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेनकोविच ने भारत-क्रोएशिया संबंधों की निकटता को लेकर कहा कि क्रोएशिया के विश्वविद्यालय में 1876 से संस्कृत भाषा पढ़ाई जा रही है। आंद्रेज प्लेनकोविच दिल्ली विश्वविद्यालय के वाइस रीगल लॉज के कन्वेंशन हॉल में "महाद्वीपों को जोड़ते हुए: एक जुड़े हुए विश्व में क्रोएशिया और भारत" विषय पर आयोजित विशेष व्याख्यान में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर क्रोएशिया गणराज्य के भारत में राजदूत पीटर लुबिसिच बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। व्याख्यान में क्रोएशिया गणराज्य के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेनकोविच ने भारत-क्रोएशिया संबंधों, वैश्विक सहयोग और बदलते अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य पर विस्तृत प्रकाश डाला। वहीं, डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्रोएशिया गणराज्य के प्रधानमंत्री सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया। कुलपति ने कहा कि प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेनकोविच का भारत और दिल्ली विश्वविद्यालय का यह दौरा दोनों देशों के शैक्षणिक और सांस्कृतिक संबंधों को नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब क्रोएशिया के किसी प्रधानमंत्री का भारत, विशेषकर दिल्ली विश्वविद्यालय में आगमन हुआ है। इस दौरान डीयू दक्षिणी परिसर की निदेशक प्रो. रजनी अब्बी, रजिस्ट्रार डॉ विकास गुप्ता, चेयरमैन इंटरनेशनल रिलेशन प्रो. नीरा अग्निमित्रा, क्रोएशिया के मंत्री एवं अन्य गणमान्य नागरिकों सहित दिल्ली विश्वविद्यालय के अनेकों अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

### उत्तम नगर ईस्ट मेट्रो स्टेशन की घटना

# मेट्रो के आगे कूदकर किशोर ने जान दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तम नगर ईस्ट मेट्रो स्टेशन पर शुक्रवार को एक किशोर ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतक का नाम अश्विनी डागर (17) बताया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए डीडीयू अस्पताल भिजवाया गया है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने उसका मोबाइल फोन कब्जे में लिया है। परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

डीसीपी मेट्रो कुशल पाल सिंह के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 11.07 बजे उत्तम नगर ईस्ट मेट्रो स्टेशन के कंट्रोलर के जरिए एक युवक के मेट्रो ट्रेन के सामने कूदने की जानकारी मिली। बताया गया कि एक युवक उत्तम नगर ईस्ट मेट्रो स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक से ट्रैक पर द्वारका की तरफ से आ रही मेट्रो ट्रेन के आगे कूद गया था। पुलिस व आरपीएफ मौके पर पहुंची। शव को ट्रैक से उठाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। बाद में मृतक की पहचान अश्विनी डागर के रूप में हुई। परिवार में पिता देवेंद्र और मां हैं। किशोर परिवार के साथ नजफगढ़ में रहता था। जांच में पुलिस को पता चला कि वह 12वीं कक्षा पास करने के बाद उत्तम नगर के सक्सेस कोचिंग सेंटर से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतू कोचिंग ले रहा था। पिता डीटीसी में कॉन्ट्रैक्ट पर ड्राइवर हैं और मां हाउस वाइफ। वह अपने परिवार का इकलौता बच्चा था। पुलिस किशोर द्वारा उठाये गये इस कदम के पीछे के कारणों की पड़ताल कर रही है।

# डीएमआरसी ने बोर्ड छात्रों को दी विशेष सुविधा टिकट काउंटर व सुरक्षा जांच में प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



बोर्ड की परीक्षा देने जाने वाले छात्रों को दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने यात्रा के लिए कुछ राहत दी है। डीएमआरसी ने कहा है कि बोर्ड की परीक्षा 2026 देने जाने वाले छात्रों की सुविधा के लिए फ्रिस्किंग एवं टिकट काउंटर पर प्राथमिकता दी जा रही है। इनमें सीबीएसई द्वारा कक्षा दसवीं एवं बाहरवीं की बोर्ड परीक्षाएं शामिल है, जो 17 फरवरी से शुरू हुई है और 10 अप्रैल 2026 तक आयोजित की जा रही हैं इन परीक्षाओं में उपस्थित होने वाले विद्यार्थियों की सुगम, सुरक्षित एवं निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए डीएमआरसी ने अपनी तरफ से पूरी पूरी कोशिश की है कि उन्हें कम से कम समय में टिकट आदि मिल जाए और यात्रा निर्बाध रूप से संपन्न हो। इसके लिए डीएमआरसी ने कई विशेष प्रबंध किए हैं। जिसमें लाखों विद्यार्थियों के आवागमन को ध्यान में रखते हुए, डीएमआरसी ने सीआईएसएफ के सहयोग से परीक्षा के दिनों में बढ़ी हुई यात्री संख्या को संभालने के लिए मेट्रो स्टेशनों पर विशेष सुविधा उपाय लागू किए हैं। इनमें सीबीएसई का प्रवेश पत्र यानी एडमिट कार्ड साथ रखने वाले विद्यार्थियों को मेट्रो स्टेशनों पर सुरक्षा जांच के दौरान प्राथमिकता दी जाएगी। प्रवेश पत्र दिखाने वाले विद्यार्थियों को टिकट ऑपरेटिंग मशीन (डीओएम) तथा कस्टमर केयर (सीसी) केंद्रों से टिकट खरीदते समय भी प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अतिरिक्त सभी मेट्रो स्टेशनों पर विशेष केंद्रीकृत घोषणा भी की जा रही है जिससे कि छात्रों को सहयोग व सुविधा मिल सके।

# डीडीए के 14,962 करोड़ के बजट को उपराज्यपाल की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- 2,112 करोड़ रुपये का रेवेन्यू
- अटल कैंटीन के लिए डीडीए की खाली पड़ी जमीनों के अलॉटमेंट की पॉलिसी को मिली हरी झंडी

दिल्ली डेवलपमेंट अथॉरिटी (डीडीए) द्वारा प्रस्तुत 2026-27 के लिए 14,962 करोड़ रुपये के बजट को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मंजूरी दे दी। जबकि बड़ी बात यह रही है कि डीडीए ने वर्तमान वित्त वर्ष 2025-26 में 18 फरवरी 2026 तक 2,112 करोड़ रुपये का रेवेन्यू सरप्लस दर्ज किया है। इसके साथ ही डीडीए का लगातार यह तीसरा साल है जब उसने अपना रेवेन्यू सरप्लस दर्ज किया है। शुक्रवार को एलजी वीके सक्सेना की अध्यक्षता में हुई डीडीए अथॉरिटी बोर्ड की बैठक में इस बजट को मंजूरी मिलने से कहा जा रहा है कि दिल्ली के विकास को और गति मिलेगी, तथा कई रुकी हुई परियोजनाएं आगे बढ सकेगी। एलजी ने बजट को मंजूरी देते हुए कहा कि डीडीए दिल्ली के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। बजट सरप्लस रखते हुए आगामी 2026-27 के लिए 14,962 करोड़ रुपये का बजट प्रशंसनीय है। इस बजट से राजधानी में डीडीए लोगों के लिए जन सुविधाओं से जुड़ी अनेक परियोजनाएं शुरू करेगा या पहले से चल रही योजनाओं को पूरा करेगा। डीडीए के अनुसार इस बजट में एलजी सक्सेना ने पूरी दिल्ली में अटल कैंटीन बनाने के लिए खाली ज़मीनों के अलॉटमेंट की पॉलिसी को मंजूरी दी है। नरेला सब-सिटी में दिल्ली सरकार की यूनिवर्सिटी को अलॉट की गई जमीन के लिए प्रीमियम और ब्याज में छूट की पॉलिसी को एलजी ने मंजूरी दे दी है। बजट में एलजी ने डीडीए ने कम्युनिटी इस्तेमाल के लिए दिल्ली सरकार को बनी हुई ग्राम सभा प्रॉपर्टी के अलॉटमेंट की पॉलिसी को भी मंजूरी दी है। डीडीए के उस प्रस्ताव को एलजी ने मंजूरी दे दी जिसमें 48 ग्रामीण गांवों के शहरीकरण शामिल था। एलजी ने पार्क, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, गोल्फ कोर्स और खाली ज़मीन जैसी डीडीए प्रॉपर्टीज़ से रेवेन्यू जनरेट करने के लिए एडवर्टाइजमेंट पॉलिसी को भी मंजूरी दी है। डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 2023-24 में, डीडीए ने जनरल डेवलपमेंट अकाउंट (जीडीए) के तहत 511 करोड़ रुपये का सरप्लस दर्ज किया था, जिससे लगातार 12 सालों से रेवेन्यू डेफिसिट का ट्रेंड उलट गया। इस साल का भारी सरप्लस मुख्य रूप से माननीय लेफ्टिनेंट गवर्नर सक्सेना के गाइडेंस में अलग-अलग जगहों पर सभी कैटेगरी में हाउसिंग यूनिट्स की बहुत ज्यादा बिक्री की वजह से है। जब मई 2022 में सक्सेना ने चार्ज संभाला, तो डीडीए को भारी नुकसान हो रहा था। खासकर फ्लैट्स की बड़ी अनसोल्ड इन्वेंट्री की वजह से। हालांकि, तब से डीडीए ने उनके गाइडेंस में मिशन मोड में काम करना शुरू कर दिया और कई नई पहल और लोगों के लिए अच्छे कदम उठाए, जिससे एजेंसी का पूरा कायापलट हो गया। डीडीए के अनुसार स्पोर्ट्स से होने वाली कमाई में भी जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है, कलेक्शन लगातार बढ़ रहा है। यह फाइनेंशियल ईयर 2022-23 में 77 करोड़ से बढ़कर फाइनेंशियल ईयर 2023-24 में **Rs**.105 करोड़ और फाइनेंशियल ईयर 2024-25 में 133 करोड़ हो गया है। वर्तमान 2025-26 में यह 100 करोड़ दर्ज किया जो 18 फरवरी 2026 तक 142 करोड़ रूपए है। डीडीए ने कहा कि एलजी सक्सेना की देख रेख में कस्टमर एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने और हाउसिंग यूनिट्स की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए कई उपाय किए। सिर्फ़ सीरियस खरीदारों को अट्रैक्ट करने के लिए टोकन मनी में काफ़ी बढ़ोतरी की गई, लॉटरी सिस्टम से, अलॉटमेंट का तरीका बदलकर पहले आओ पहले पाओ, ई ऑक्शन कर दिया गया, जिससे खरीदारों को अपनी पसंद के फ्लैट्स चुनने का मौका मिला। इसके अलावा, हाउसिंग रेगुलेशन में बदलाव किया गया, जिससे डीडीए हाउसिंग स्कीम में अप्लाई करने के लिए दिल्ली में प्रॉपर्टी का मालिक होने की पाबंदी हटा दी गई। इसके अलावा डीडीए द्वारा पहली बार अपनाई गई एक प्रोफेशनल मार्केटिंग स्ट्रेटेजी ने भी बिक्री में मदद की। वेबसाइट पर सिंगल विंडो पूछताछ, खरीदारों को आसान जानकारी और खरीदार को प्रॉपर्टी से जुड़े सभी और ओनरशिप डॉक्यूमेंट्स सौंपने से कस्टमर का भरोसा और विश्वास पैदा करने में मदद मिली।

### 'तीन इंजन की सरकार' में बेहतर तालमेल के निर्देश

# नरेला जोन में विकास कार्यों में ढिलाई बर्दाश्त नहीं : उपमहापौर

**लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई की चेतावनी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




दिल्ली नगर निगम के उपमहापौर जय भगवान यादव ने नरेला जोन की वार्ड समिति बैठक में विकास कार्यों की रफ्तार और विभागीय समन्वय को लेकर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निगम अधिकारियों को केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार के संबंधित विभागों के साथ बेहतर तालमेल स्थापित कर कार्य करना होगा, ताकि किसी भी स्तर पर विकास कार्य बाधित न हों। उपमहापौर ने कहा कि दिल्ली में "तीन इंजन की सरकार" होने के बावजूद यदि जमीनी स्तर पर विकास कार्य अटकते हैं, तो यह प्रशासनिक समन्वय की कमी को दर्शाता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अब लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शिकायतों के समाधान में देरी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। वहीं, बैठक में आम आदमी पार्टी की पार्षद बबीना शौकीन सहित सभी पार्षदों ने एक स्वर में कहा कि लाइसेंसिंस इंस्पेक्टरों का इस जोन से बाहर तबादला किया जाए क्योंकि ये लोगों को रात के समय भी परेशान करते हैं। उपमहापौर यादव ने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही भविष्य में गंभीर कार्रवाई का कारण बनेगी। इस मौके पर सभी ने आईएएस के पद पर पदोन्नत हुए वर्तमान उपायुक्त राजीव सिंह को शुभकामनाएं देते हुए फूल मालाओं व बुके से स्वागत किया।

#### नरेला जोन दिल्ली का ग्रामीण इलाका

उपमहापौर यादव ने यह भी कहा कि जो अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता से नहीं कर रहे हैं, उनके खिलाफ प्रस्ताव लाकर उन्हें जोन से बाहर भेजने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि नरेला जोन दिल्ली का ग्रामीण इलाका है, जहां बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दों का समय पर समाधान अत्यंत आवश्यक है। जनता की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए।

#### अवैध अतिक्रमण मामले पर पार्षदों ने जताई चिंता

बैठक में नरेला जोन वार्ड समिति अध्यक्ष बबीता दीपक डबास, उपाध्यक्ष जनता देवी, पार्षद अनिल लाकड़ा, बबीना शौकीन, संदीप डबास, अंजू अमन डबास, पवन सहरावत, नेहा मिश्रा, मनोनीत पार्षद विनोद सहरावत व लक्ष्मण आर्या ने मुख्य मार्गों पर अवैध अतिक्रमण, नालियों की नियमित और उचित सफाई नहीं होना, स्टॉफ की कमी, लापरवाही अधिकारियों पर एक्शन, जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। इस बैठक में उपायुक्त राजीव सिंह सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में क्षेत्रीय विकास, सफाई व्यवस्था, बुनियादी सुविधाओं और लंबित परियोजनाओं की समीक्षा की गई।

# एआई समिट के दौरान यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन, चार कार्यकर्ता पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को एआई समिट में शर्ट उतार कर किए गए विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में भारतीय युवा कांग्रेस के चार कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। करीब 10 अन्य को हिरासत में लिया गया है। कुछ की तलाश में छापेमारी जारी होने की बात पुलिस द्वारा कहीं गई है। खबर लिखे जाने तक पुलिस सभी कार्यकर्ताओं से संसद मार्ग थाने में पूछताछ कर रही थी। गिरफ्तार किये गये नेताओं व कार्यकर्ताओं को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस दो दर्जन से ज्यादा वीडियो की जांच कर रही है ताकि फरार प्रदर्शनकारियों की पहचान की जा सकें।

पुलिस ने इस संबंध में साजिश समेत कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

#### शर्ट उतारकर प्रदर्शन किया

भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर समिट के आयोजन स्थल पर पहुंचकर अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के विरोध में प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारे लगाए। इसके बाद पुलिस ने 10 लोगों को हिरासत में ले लिया। चार लोगों की गिरफ्तारी दिल्ली पुलिस ने कंफर्म की है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार किये गये लोगों की पहचान बिहार से युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कृष्णा हरि, बिहार के राज्य सचिव कुंदन यादव, उत्तर प्रदेश के राज्य अध्यक्ष अजय कुमार और तेलंगाना से नरसिम्हा यादव के रूप में हुई है। उनकी पेशी की तैयारी देर शाम तक चल रही थी। इस घटना के बाद हॉल के अंदर सुरक्षा और कड़ी की गई है। यह विरोध प्रदर्शन कुछ ही मिनटों तक चला, जिसके बाद समूह को हॉल से बाहर निकाल दिया गया। इस घटना ने अतिथियों और अन्य आगंतुकों को हैरान कर दिया, क्योंकि 'एआई इम्पैक्ट समिट' के मद्देनजर यह अप्रत्याशित था।

#### पुलिस कई बिंदुओं पर कर रही जांच

पुलिस के अनुसार मामले की कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है। गिरफ्तार किये गये प्रदर्शकारियों के फोन कॉल हिस्ट्री की जांच होगी। टी शर्ट प्रिंट कराने की जगह की भी जांच होगी। किसके कहने पर प्रदर्शन किया इसकी जांच के अलावा प्रदर्शन कारी दिल्ली कब आये कहां रूके इसकी भी छानबीन पुलिस कर रही है।

## खबर संक्षेप

### पुस्तक मेले के साथ तीन दिवसीय महोत्सव शुरू



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद साहित्यिक एवं सांस्कृतिक केंद्र द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कला, संगीत और साहित्य महोत्सव जश्न-ए-फरीदाबाद-5 का शुभारंभ सेक्टर-12 स्थित टाउन पार्क में हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व आईपीएस अधिकारी एवं महात्मा गांधी विश्वविद्यालय के कुलपति ने फरीदाबाद पुस्तक मेले का फीता काटकर किया।

### शेयर मार्केट में मुनाफे का झांसा, 1 लाख की ठगी



**फरीदाबाद।** शेयर मार्केट में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर 1 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में साइबर थाना एनआईटी पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रकाश और रमेश कुमार निवासी फालौदी, राजस्थान के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार डबुआ कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी अज्ञात ने टेलीग्राम के माध्यम से संपर्क कर उसे शेयर मार्केट में निवेश का झांसा दिया।

### सीपी ने प्रशंसा पत्र व नकद इनाम देकर बढ़ाया हौसला



**फरीदाबाद।** सूरजकुंड मेला के दौरान 7 फरवरी को सुनामी झूला टूटने की दुर्घटना में घायल हुए पुलिसकर्मियों को शुक्रवार को सम्मानित किया गया। सतेंद्र कुमार गुप्ता, पुलिस आयुक्त फरीदाबाद ने सेक्टर-21सी स्थित अपने कार्यालय में साहसिक कार्य करने वाले तीनों पुलिसकर्मियों को प्रशंसा पत्र व 5000 रुपए नकद इनाम देकर सम्मानित किया।हादसे के दौरान झूला एक तरफ से टूटने पर अफरा-तफरी मच गई थी। राहत एवं बचाव कार्य में जुटे पुलिसकर्मियों के बीच अचानक दूसरी ओर से भी झूला टूट गया।

# एआई युग में प्लेटफॉर्म गवर्नेंस की चुनौतियों पर विशेषज्ञों ने की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



एक मंच पर जुटे ग्लोबल साउथ विशेषज्ञ

एसएफएलसी इन ने मानवाधिकार, प्रौद्योगिकी नीति और इंटरनेट शासन के क्षेत्र में कार्यरत ब्रिटेन की संस्था ग्लोबल पार्टनर्स डिजिटल के साथ मिलकर विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को एक मंच पर एकत्रित किया।

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के साथ आयोजित इस बैठक में लगभग 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें कानून निर्माता, नीति-निर्माता, नागरिक समाज के नेता, उद्योग प्रतिनिधि, शोधकर्ता तथा प्रौद्योगिकी शासन विशेषज्ञ शामिल थे। एशिया, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका, यूरोप और अन्य क्षेत्रों से एकत्र हुए विशेषज्ञों ने एआई और प्लेटफॉर्म शासन से संबंधित नई चुनौतियों पर चर्चा के दौरान सामने आया कि प्लेटफॉर्म शासन नियम ग्लोबल साउथ की परिस्थितियों से अलग बनाए गए हैं और वे स्थानीय सामाजिक-राजनीतिक स्थितियों, भाषाई विविधता तथा सीमित संस्थागत क्षमता के अनुरूप पूरी तरह उपयुक्त नहीं हैं।

ग्लोबल पार्टनर्स डिजिटल की पॉलिसी और एडवोकेसी प्रमुख मारिया पाज ने कहा कि नियामक अब भी उन प्लेटफॉर्म के लिए पुराने मध्यस्थ दायित्व नियमों का उपयोग करने का प्रयास कर रहे हैं, जो अब जेनरेटिव एआई का व्यापक रूप से इस्तेमाल करते हैं। ग्लोबल साउथ के अनुभव दर्शाते हैं कि अस्पष्ट मॉडरेशन प्रणालियों और स्वचालित निर्णय कमजोर समुदायों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। अलग-अलग और असंगठित राष्ट्रीय नीतियों के बजाय अधिकार-आधारित तथा सहयोगात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। राज्यसभा सांसद साकेत गोखले ने मतदाता डेटा, अनुवाद प्रणालियों और चुनावी मानचित्रण में एआई उपकरणों के बढ़ते उपयोग पर प्रकाश डाला।

### अमृता ने लॉन्च किया एआई क्लिनिकल असिस्टेंट 'मेडसम'

**गुरुग्राम।** अस्पतालों में डॉक्टरों का अधिकतर समय मरीजों के बारे में टाइपिंग और कागजी कार्रवाई करने में चला जाता है। इस स्थिति को बदलने के लिए अमृता ने मेडसम नाम की एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्लीनिकल सहायता शुरू की है। यह एआई असिस्टेंट चिकित्सक और मरीज की बातचीत सुनता है और उन्हें अपने आप कई भारतीय भाषाओं में स्ट्रक्चर्ड मेडिकल नोट्स प्रिस्क्रिप्शन और मरीज के लिए आसान लहजे में पूरी जानकारी देता है। डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ सचिन गुप्ता ने बताया कि एआई टीम के साथ मिलकर काम करके हमने एक ऐसा समाधान बनाया है जो डॉक्टरों को ज्यादा समय देता है ताकि वे मरीज को अधिक समय दे सके। वहीं, अमृता विश्व विद्यापीठम के स्कूल ऑफ एआई के डीन प्रो. कमल बिजलानी ने कहा कि यह समाधान मात्र सिर्फ टेक्नोलॉजी में ही नहीं, बल्कि असल जिंदगी में भी इस्तेमाल के लिए होगा।

### बिना ईटीपी के कैमिकलयुक्त पानी सीवर में छोड़ रहे थे, यूनिट बंद करने की तैयारी

# आईएमटी में अवैध जींस फैक्टरी पर मुख्यमंत्री उड़न दस्ता का छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद की टीम ने 19 फरवरी 2026 को गुप्त सूचना के आधार पर आईएमटी सेक्टर-69 क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित जींस धुलाई व रंगाई फैक्टरी पर छापा मारा। सूचना थी कि फैक्टरी में जींस कपड़ों की धुलाई और रंगाई के दौरान उपयोग किए जाने वाले रसायनयुक्त गंदे पानी को बिना शोधन संयंत्र (ईटीपी) के सीधे सीवर में छोड़ा जा रहा है, जिससे प्रदूषण फैल रहा है। टीम ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बल्लभगढ़ के कनिष्ठ अभियंता विकास कुमार के साथ प्लॉट नंबर 905 के साथ वाले प्लॉट का निरीक्षण किया। जांच में सामने आया कि उक्त जमीन गांव चंदावली निवासी रोहताश की है। मौके पर जींस पेंट की रंगाई और धुलाई का कार्य चल रहा था। फैक्टरी श्री बाला जी प्रोसेस नाम से संतोष नामक व्यक्ति द्वारा संचालित की जा रही थी।

परीक्षण के दौरान पाया गया कि फैक्टरी में उपयोग किए जा रहे रसायनों का अपशिष्ट बिना किसी उपचार संयंत्र के सीधे सीवरेज लाइन में डाला जा रहा था। टीम ने संचालक से वैध अनुमति और दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा, लेकिन वह कोई अधिकृत अनुमति नहीं दिखा सका। प्रदूषण विभाग की टीम ने मौके से निकलने वाले गंदे पानी का नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया है। बिना अनुमति बॉयलर व अन्य उपकरणों के संचालन तथा बिना स्वीकृति फैक्टरी चलाने पर यूनिट को बंद कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए क्लोजर रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय भेजी जाएगी। छापे के दौरान बिजली चोरी की आशंका पर बिजली विभाग की टीम को भी बुलाया गया। कनिष्ठ अभियंता अमित ने बताया कि फैक्टरी में 49 किलोवाट का एलटी मीटर लगा मिला, जो अंडरलोड पाया गया। हालांकि जांच में बिजली चोरी की पुष्टि नहीं हुई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पर्यावरण नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### महापौर तथा आयुक्त ने किया निगम सदन तथा कार्यकारिणी कक्ष का किया लोकार्पण



**गाजियाबाद।** नगर निगम मुख्यालय में सदन कक्ष तथा कार्यकारिणी कक्ष का जीर्णोद्धार कराया गया। जिसका लोकार्पण महापौर सुनीता दयाल व नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने शुक्रवार को किया। सदन कक्ष में 100 पार्षदों व अधिकारियों के बैठने की समुचित व्यवस्था कराई गई। पार्षदों ने निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी को धन्यवाद किया। नगर आयुक्त ने बताया आग लगने के बाद पूर्ण रूप से सदन कक्ष खराब हो गया था, इलेक्ट्रिक की वायर भी जल गई थी जिनको बदल गया है।

सदन कक्ष को नया स्वरूप दिया गया है, फर्नीचर से लेकर ए सी भी नए लगाए गए हैं, सदन कक्ष का इलेक्ट्रिक पैनल भी अलग किया गया है। सदन में अग्नि संयंत्र भी लगाए गए हैं, सदन कक्ष के साथ-साथ माननीय कार्यकारिणी कक्ष भी सुविधाजनक बनाया गया है।

# गाजियाबाद में बदहाल सड़कों पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

शहर में जर्जर सड़कों और अधूरे निर्माण कार्यों को लेकर कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सतीश शर्मा एवं महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष वीर सिंह जाटव के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने अधिशासी अभियंता, पीडब्ल्यूडी गाजियाबाद को ज्ञापन सौंपकर शहर की बदहाल सड़कों और अधूरे पड़े कार्यों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की, 10 दिन से खुदी पड़ी हैं सड़कें, बढ़ रहा प्रदूषण और हादसों का खतरा

कांग्रेस नेताओं ने बताया कि हापुड़ रोड फ्लाईओवर और भाटिया मोड़ फ्लाईओवर पर सड़क निर्माण के नाम पर दोनों ओर की सड़कों को जेसीबी मशीन से खोदकर पिछले दस दिनों से अधूरा छोड़ दिया गया है।

सड़क पर फैले रोड़ी-पत्थर और गड्ढों के कारण दोपहिया वाहन चालकों को फिसलन का सामना करना पड़ रहा है, जिससे लगातार दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। गाजियाबाद में पहले से ही वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यू आई) उच्च स्तर पर है।

# मुख्यमंत्री शहरी आवास योजनाः फीस जमा करने का पोर्टल 25 फरवरी तक खुला

**ईडब्ल्यूएस लाभार्थी 10 हजार रुपए टोकन मनी जमा कर सकेंगे फ्लैट बुक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के पात्र लाभार्थियों को बड़ी राहत मिली है। सरकार ने पहले से आवेदन कर चुके नागरिकों के लिए 10 हजार रुपये टोकन मनी जमा कराने हेतु पोर्टल दोबारा खोल दिया है।

अब पात्र आवेदक 25 फरवरी तक अपनी पहली किस्त जमा कर सकेंगे। नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर गौरव अंतिल ने बताया कि नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग से लाइसेंस प्राप्त कॉलोनियों में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए आरक्षित फ्लैटों की बुकिंग करने वाले आवेदकों को फीस जमा करने का अवसर दिया जा रहा है। निर्धारित अवधि के दौरान आवेदक 10,000 रुपए जमा कर अपनी बुकिंग सुनिश्चित कर सकते हैं। जिला परियोजना अधिकारी द्वारका प्रसाद ने बताया कि पात्र आवेदकों की नामवार सूची जारी की जा चुकी है और इस संबंध में समाचार पत्रों के माध्यम से भी सूचना प्रकाशित की गई है। आवेदकों से अपील की गई है कि वे समय रहते ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी करें। योजना के तहत गुरुग्राम, फरीदाबाद, रेवाड़ी, पानीपत और रोहतक में फ्लैट/प्लॉट बुकिंग प्रक्रिया जारी है।

पात्रता उन्हीं आवेदकों की होगी जिन्होंने योजना में पंजीकरण कराया है और सत्यापन में योग्य पाए गए हैं। अधिक जानकारी के लिए आवेदक 0172-2585852 पर संपर्क कर सकते हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर बाल मित्र केंद्र पर आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर शुक्रवार को समाधान अभियान संस्था एवं इंडिया पेस्टिसाइड लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में चुप्पी तोड़; हल्ला बोल परियोजना के अंतर्गत बाल मित्र केंद्र पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में लैंगिक शोषण से प्रभावित बच्चों, उनके परिजनों एवं सेवा बस्ती की महिलाओं को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप स्कूल बैग वितरित किए गए और सेवा बस्ती की महिलाओं को सेनेटरी पैड वितरित किए गए।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य,** वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिए आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। क्रम सं0: 1 **ई–निविदा सूचना सं0 एवं निविदा कार्य का विवरण :** टेण्डर नं. – "53–जीकेपी–एमडब्ल्यूएस–2025–26" "मोडिफिकेशन फॉर शिफ्टिंग ऑफ ईपीपीएफएस फ्राम अंडरस्लंग्स टु ऑनबोर्ड इन एलएचबी कोचेज एट मैकेनिकल वर्कशॉप, गोरखपुर फॉर 12 मन्थ्स" **अनुमानित लागत (रु. में) :** 27531571.20 **धरोहर राशि (रु.में):** 287700.00 **निविदा समापन की तिथि एवं अवधिः** 11.00 बजे 13.03.2026 **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु0 शून्य **संविदा की अवधि :** 12 माह ● उपरोक्त ई–निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट संख्या **http://www.ireps.gov.in.** पर देखें।

उप मुख्य यांत्रिक इंजी.(कार्य) गोरखपुर

मुजाधि/यांत्रिक–142

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## गिरोह का मुख्य आरोपी सौरव त्यागी

# कफ सिरप की तस्करी करने वाले सौरभ त्यागी व पत्नी की दो करोड़ से ज्यादा की संपत्ति सीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

पुलिस ने शुक्रवार को एसक्फ कफ सिरप व फेनेसीडील कफ सिरप की कालाबाजारी व तस्करी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के सदस्य सौरव त्यागी की तस्करी से अर्जित लगभग 2 करोड़ रुपए मूल्य की सम्पत्ति को पुलिस ने सीज कर दिया। गाजियाबाद पुलिस की अपराध शाखा/स्वाट टीम व नंदग्राम पुलिस ने मुखबिर नवंबर माह में 08 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया था। साथ ही 04 ट्रकों से चूने के बोरों के बीच में छिपाकर रखी कुल 1150 पेटी में 1573500 शीशी कोडीन युक्त बरामद की थी। जिसका कुल मूल्य लगभग 03 करोड़ 40 था बरामद की थी।

इस गिरोह का मुख्य आरोपी सौरव त्यागी था। एनसीआर में कफ सिरप को एकत्रित कर तस्करी किया जाता था। सौरव त्यागी द्वारा आर एस फार्मा फर्म के माध्यम से तस्करी की जा रही थी। विवेचना से यह तथ्य प्रकाश में आया कि सौरव त्यागी, उसके पत्नी मोहिनी द्वारा विगत 5 वर्षों में दाखिल इनकम टैक्स रिटर्न के आधार पर इनकी कुल आय 59,78,260 रुपए थी। जबकि सौरव त्यागी द्वारा वर्ष 2020 से 2025 के मध्य अपने व अपनी पत्नी के नाम पर 2 करोड़ से अधिक की सम्पत्ति अर्जित की गई। जो कि कफ सिरप की तस्करी से अर्जित अवैध धन से प्राप्त की गई हैं। तस्करी से अर्जित अवैध धन से अपने तथा अपनी पत्नी मोहिनी त्यागी के नाम पर शक्ति खण्ड-सेकेंड, इन्द्रापुरम, गाजियाबाद के एरोस मार्केट प्लेस में दुकान संख्या 016 तथा कृष्णा अपरा डी-माल के शाप नं0 ए-30, न्याय खण्ड–आई, इन्द्रापुरम, गाजियाबाद में दुकान संख्या केएस-19 खरीदी थी, इसके अतिरिक्त अभियुक्त द्वारा 4 कारें खरीदी गईं, जिसकी अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 2 करोड़ रुपए है। जिसको आज पुलिस ने सीज कर दिया।

सम्पत्ति का विवरण मूल्य

1. दुकान संख्या ए-30, भूतल, कृष्णा अपरा डी-मॉल, प्लॉट संख्या-1, शक्ति खंड-2, इंदिरापुरम, गाजियाबाद। 2. दुकान संख्या 016, भूतल, एरोस मार्केट प्लेस, प्लॉट संख्या-02, शक्ति खंड-सेकेंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद। मूल्य 66,96,090 रु. 3. व्यावसायिक दुकान का पता दुकान संख्या केएस-19, भूतल, न्याय खंड-1, इंदिरापुरम, गाजियाबाद। 23,44,000 रु. 4. मारुति वैगन-आर एलएक्सआई सीएनजी, पंजीकरण संख्या UP14EH9829। 4,98,999 रु. 5. ह्युंडई ग्रैंड i-10 निओस 1.2 एमटी सीएनजी, पंजीकरण संख्या UP14FD8950। 7,69,800 रु. 6. ह्युंडई क्रेटा 1.5 सीआरडीआई एमटी एसएक्स, पंजीकरण संख्या UP14FB2244। 15,43,100 रु.

**भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना**
**Indian Institute of Technology Patna**

**भर्ती सूचना**

आईआईटी पटना निर्धारित प्रारूप में आईआईटी पटना की खेल इकाई में अनुबंधात्मक/अंशकालिक स्पोर्ट्स कोचेज के अस्थाई पदों के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है। सभी प्रमाण-पत्रों/प्रत्यायकों आदि की प्रतियों सहित आवेदन "खेल अधिकारी, जिमखाना भवन, आईआईटी पटना, बिहटा, पटना-801106" के पास 5 मार्च 2026 को अप. 5 बजे तक या उससे पहले पहुंच जाने चाहिएं। आवेदन पत्र और विस्तृत विज्ञापन के लिए कृपया नोटिस बोर्ड सेक्शन के तहत वेबसाइट **www.iitp.ac.in** पर पधारें।

विज्ञा. :- आईआईटीपी/स्पोर्ट्स/2025-26/31 रजिस्ट्रार

CBC 21366/12/0002/2526

**उत्तर रेलवे**

**टेंडर नोटिस सं॰ 88/2025-2026 दिनांक 19/02/2026**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतू निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र॰ सं॰ | निविदा सं॰ | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 14260835 | रेफरिजेनट आर– 407 सी | 21494 किलो ग्राम | 16-03-26 |
| 02 | 08255668 | सिग्नल्लिंग केबल साइज 24 कोर X1.5 वर्ग मिमी. | 97 किलो मीटर | 19-03-26 |
| 03 | 77269024 RGC | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर एच वी एन लाइनर्स (टी–8751 & टी–3706) | टी–8751:- 1749856 नग टी–3706:- 775088 नग | 18-03-26 |
| 04 | 18251251 | थर्मल टिकट रोल्स | 239243 रोल्स | 19-03-26 |
| 05 | 02262175 | एंटी वाइब्रेशन माउंनटिंग पैड | 6232 नग | 23-03-26 |
| 06 | 77269023 RGC | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर गैल्वेनाइज्ड प्लेट | 329845 नग | 25-03-26 |

**निविदा शर्ते–1.** विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। **2.** मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी। 580/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**जिला पुलिस भिवानी**

दिनांक 20.02.2026

सार्वजनिक सूचना / **PUBLIC NOTICE**

वाद संख्या-CRWP No. 13266 of 2025

**Rinku Vs. State & Others**

विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि रिंकू पुत्री जयभगवान, निवासी ग्राम बमला, जिला भिवानी (हरियाणा) के संबंध में उपरोक्त याचिका माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय, चण्डीगढ़ के संबंध में जो की महिला थाना जिला भिवानी में जांच लंबित है।

अतः आप रिंकू इस प्रकाशन की तिथि से 02 दिनों के भीतर व्यक्तिगत रूप से महिला थाना जिला भिवानी में उपस्थित होकर जांच में शामिल होने, अपना बयान दर्ज कराने तथा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया जाता है अथवा आप इस संबंध में प्रबंधक थाना महिला के मोबाइल फोन नम्बर 8814011409 सुचित करके अपनी सुविधा अनुसार अपनी जगह सुनिश्चित करके व अपने अधिवक्ता के माध्यम से जांच में शामिल हो सकते हो.

निर्धारित समयावधि में उपस्थित न होने की स्थिति में यह माना जाएगा कि आप कुछ कहना नहीं चाहते।

दिनाकः 20.02.2026
स्थान : भिवानी
श्री महेश कुमार
डीएसपी मुख्यालय भिवानी
जिला भिवानी।।

पीआरडीएच 1084/11/4492/2026/43223/88/7 दि. 20.02.2026

# एक्सईएन पुराने कर्मचारियों को प्रताड़ित कर रहे

## कर्मचारियों ने नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद


ओल्ड फरीदाबाद ज़ोन के सेक्टर-15 स्थित दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता (एक्सईएन) कार्यालय परिसर में कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन हरियाणा स्टेट इलेक्टिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन के बैनर तले यूनिट प्रधान मुकेश शर्मा की अध्यक्षता और यूनिट सचिव सत्यवान लोहचब के नेतृत्व में हुआ। सर्कल सचिव लेखराज चौधरी ने आरोप लगाया कि एक्सईएन ओल्ड कर्मचारियों के कार्यों को लंबित रखकर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ति करते हैं। उनका कहना है कि कर्मचारियों के हितों से जुड़े कई आवश्यक दस्तावेज कार्यालय में दबे पड़े हैं, जिससे कर्मचारियों को बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। यूनियन प्रतिनिधियों ने इस संबंध में बात की तो एक्सईएन द्वारा कथित तौर पर अभद्र व्यवहार और गाली-गलौच की गई। यूनिट ग्रेटर के प्रधान सुनील चौहान ने आरोप लगाया कि एक्सईएन अपने अधीनस्थ जेई और एसडीओ पर दबाव बनाकर कर्मचारियों की अनुपस्थिति दर्ज करवाते हैं, जिससे उनकी वेतन कटौती होती है। सुरक्षा उपकरणों (टी एंड पी किट) के काम करने को मजबूर हैं, जिससे करंट लगने के फेटल और नॉन-फेटल हादसे बढ़ रहे हैं। यूनिट प्रधान मदन गोपाल ने कहा कि जब भी यूनियन कर्मचारियों की समस्याएं उठाती है तो अधिकारियों की ओर से सहयोग के बजाय शोषणपूर्ण रवैया देखने को मिलता है।

**हरियाणा सरकार** | **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | सतनाली में कि.मी. 7.080 और 7.910 पर गांव बाघोत आउट फॉलिंग के फील्ड एरिया में पानी निकालकर फसलों को बचाने के लिए पम्प हाउसेज का निर्माण और 900 मिमी डाया. आरसीसी एनपी-3, 355 मिमी डाया. एचडीपीई प्रेशराइज्ड पाइप लाइन बिछाना + 2 कार्य। | 18.02.2026 05.03.2026 | 369.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8059375563 xenmgcckd11@gmail.com |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | जल सेवाएं यांत्रिकी मंडल, झज्जर हेतु एचडीपीई पाइप 160 मिमी (3000 पाइप्स) और एलडब्ल्यूएस यांत्रिकी मंडल चरखी दादरी हेतु एचडीपीई पाइप 200 मिमी (2000 पाइप्स) की आपूर्ति। | 21.02.2026 09.03.2026 | 150 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2580542 xenproc@gmail.com |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा भिवानी | लिफ्ट जल सेवाएं (एम) मंडल भिवानी में आरडी 47900 बी.जी. ड्रेन डाउनस्ट्रीम पर बाढ़ सुरक्षा कार्यों के लिए विभिन्न इलैक्ट्रो मैकेनिकल उपकरण जैसे 20सीएस. के वीटी पम्पस, विद्युत मोटर्स, स्टार्टर पैनल और अन्य सम्बद्ध एक्सेसरीज की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु आकलन। | 18.02.2026 03.03.2026 | 286.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812364411 xenmechbhiwani@gmail.com |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | आरडी 12500/एल पर आसन लिंक ड्रेन के अंदर गांव कंसाला आउटफाल के नीचे पड़ने वाले क्षेत्र से बाढ़ के पानी को निकालने के लिए भूमि आरसीसी 600 मिमी डाया एनपी3 पाइप लाइन बिछाना + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 25.02.2026 | 90.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | सिंचाई विभाग के यांत्रिकी मंडल, फरीदाबाद के लिए 05 टन क्षमता के 02 अदद 06 डायरेक्शनल ईओटी क्रेन अनुमोदित मेक की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | 20.02.2026 06.03.2026 | 14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2582542 xenproc@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | जल सेवाएं (यांत्रिकी) मण्डल, हिसार से सम्बन्धित एचडीपीई पाइप 200 मिमी (3300 पाइप्स) की आपूर्ति। | 20.02.2026 06.03.2026 | 98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2582542 xenproc@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज नारनौल | करीरा ब्लॉक कनीना एसएचसी का निर्माण + 7 कार्य। | 18.02.2026 25.02.2026 | 342.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8168502876 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज करनाल | गांव अलावला ब्लॉक मुनक, जिला करनाल में सामुदायिक केन्द्र के निर्माण हेतु कच्चा लागत आकलन + 1 कार्य। | 19.02.2026 28.02.2026 | 65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 9 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हिसार | वार्ड नं. 17, हिसार टाउन पर डी-सिल्टेड गाद को शहर से बाहर निपटान समेत गाद निकालने के कार्य के लिए आवश्यक गाद निकालने की मशीनरी का उपयोग करते हुए यांत्रिक तरीके से सीवरेज मैनहोल की गाद निकालना इत्यादि + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 24.02.2026 | 11.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662-247033 eephisar@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/180/43216/I/88/7 दि. 20.02.26



# बॉबी की फिल्म 'बंदर' की रिलीज डेट अनाउंस

**मुंबई।** अनुराग कश्यप के डायरेक्शन में बनी बॉबी देओल स्टारर फिल्म बंदर का आज मेकर्स ने नया पोस्टर रिलीज कर दिया है। इसके साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी गई है। बॉबी फिल्म एनिमल के बाद से ही चर्चा में है। इस फिल्म में वह अबरार के रोल में दिखे थे और उन्होंने अपने इस किरदार से तहलका मचा दिया। वहीं, इसके बाद अब वह फिर से धांसू रोल में नजर आने वाले हैं। दरअसल, बॉबी फिल्म बंदर : मंकी इन ए केज में नजर आएंगे। दरअसल, अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी बॉबी, सान्या मल्होत्रा, सबा आजाद और सपना पब्बी स्टारर फिल्म बंदर का हाल ही में मेकर्स ने नया पोस्टर रिलीज करते हुए फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया है।

लाइफ Style

# संदीपा

## 'नैना' की कहानी मेरी भी कहानी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दो दीवाने सहर में' सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म में मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी के अलावा अभिनेत्री संदीपा धर ने दमदार किरदार निभाया है। अभिनेत्री ने रिलीज के दिन सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने दिल की बात बयां की।

अभिनेत्री संदीपा धर ने इंस्टाग्राम पर कुछ बीटीएस तस्वीरें शामिल हैं, जिनमें वे नैना के किरदार में नजर आ रही हैं। साथ ही, उनके साथ मृणाल, सिद्धांत और फिल्म के अन्य कलाकार भी नजर आ रहे हैं। संदीपा ने लिखा, "नैना अब आपकी है। मैं करीब एक साल से इस किरदार के साथ जुड़ी हुई हूं। इसने मुझे उन बातों पर सोचने को मजबूर कर दिया, जिनसे मैं भागना चाहती थी।

उन्होंने लिखा कि अक्सर हम लोग किसी को पसंद आने के लिए अपने आपको बदलने लगते हैं और फिर भी लगता है कि हम अच्छे नहीं हैं। आईने में देखकर सिर्फ अपनी कमियां ही क्यों दिखती हैं? उन्होंने लिखा, नैना की कहानी मेरी कहानी है। शायद आपकी भी। मेरे पास हर सवाल का जवाब नहीं है। मैं भी सीख रही हूं, लेकिन इतना जरूर जानती हूं कि हमें बार-बार उन लोगों को अपनी वैल्यू साबित करने की जरूरत नहीं, हमें कभी समझ ही नहीं पाएंगे। हमें अपनी किस्मत खुद समझनी चाहिए। अभिनेत्री ने पोस्ट के अंत में लिखा,अगर कभी आपको लगे कि आप काफी नहीं हैं, तो ये कहानी आपके लिए है। अगर आपने कभी किसी के लिए खुद को खो दिया, तो ये कहानी आपके लिए है। आइए, हम सब मिलकर खुद को फिर से ढूंढें।



हॉलीवुड मसाला



# एरिक ने दुनिया को कहा अलविदा

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री से एक बहुत बुरी खबर सामने आई है। यहां इंडस्ट्री के फेमस और दिग्गज एक्टर एरिक डेन का निधन हो गया है। 'ग्रेज एनाटॉमी' और 'यूफोरिया' जैसी हिट सीरीज देने वाले एरिक डेन ने महज 53 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। एरिक डेन के निधन की जानकारी उनके परिवार ने दी है। उनके निधन की खबर से पूरी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। बताया जा रहा है कि एरिक डेन की मौत कथित तौर पर एक खतरनाक बीमारी की वजह से हुई है।




# ऑरलैंडो ब्लूम दिखे खूबसूरत हसीना के साथ

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड स्टार ऑरलैंडो ब्लूम अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही में एक्टर को कैलिफोर्निया के सांता क्लारा स्थित लेवीज़ स्टेडियम में एक खूबसूरत हसीना के साथ देखा गया, जहां से उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। सुपर बाउल संडे के मौके पर 49 वर्षीय "लॉर्ड ऑफ द रिंग्स" फेम एक्टर ऑरलैंडो ब्लूम को हसीना संग मैच के बाद स्टेडियम से निकलते हुए देखा गया, जहां दोनों एक-दूसरे का हाथ थामे नजर आए। दोनों की नजदीकियों ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों इवेंट में एक साथ पहुंचे थे, हालांकि स्टेडियम में एंट्री के वक्त लुईसा ऑरलैंडो से एक कदम आगे चल रही थीं। इसके बावजूद, पूरे समय दोनों की बॉन्डिंग और केमिस्ट्री साफ नजर आ रही थी।



# सस्ते बिस्किट की दीवानी करीना

**मुंबई।** करीना कपूर 5 रुपए वाले सस्ते बिस्किट की दीवानी हैं। हर शाम चाय की चुसकी संग वो इसके चटकारे लेती हैं। गौर करने वाली बात ये है कि ये बिस्टिक घर-घर में खाया जाता है। अब उन्होंने इसकी झलक भी दिखाई है। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने शाम के रूटीन की एक ऐसी झलक साझा की, जिसने करोड़ों भारतीयों के दिल को छू लिया। करीना ने इंस्टाग्राम पर अपनी शाम की चाय की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें किसी महंगे विदेशी स्नैक के बजाय भारत का सबसे भरोसेमंद और पुराना साथी 'पारले-जी' बिस्कुट नजर आया। एक कप गरमा-गरम चाय और उसके बगल में रखे दो पारले-जी बिस्कुट की इस तस्वीर ने न केवल पुरानी यादें ताजा कर दीं, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि खुशियां अक्सर छोटी और साधारण चीजों में ही छिपी होती हैं।



# एक्शन मूवी टॉक्सिक का टीजर रिलीज

**मुंबई।** यश की मोस्ट अवेटेड एक्शन ड्रामा मूवी टॉक्सिक का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म की पहली झलक ने फैंस के होश उड़ा दिए थे। वहीं अब टीजर देखकर लोगों की एक्साइटमेंट और भी ज्यादा बढ़ गई है। फिल्म में यश के अलावा तमाम हसीनाएं नजर आएंगी। हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया, कियारा आडवाणी, रुक्मिणी वसंत, नयनतारा जैसी एक्ट्रेस दिखाई देंगी। टीजर की शुरुआत यश के वॉइस ओवर से होती है, जहां वो कहते हैं कि इस बार जंग अलग है, उनकी मक्कारी भी अलग है। इसके बाद टीजर के कई एक्शन सीन देखने को मिले है। टीजर में कई सीन में यश अपने दुश्मनों का बुरा हाल करते हुए दिख रहे हैं। यहां तक कि एक ऐसा सीन भी है जब यश आरी की मशीन से एक शख्स की गर्दन काटते हुए भी दिख रहे हैं। यह सीन दिमाग हिला देने वाला है।

टीवी मसाला

# दिव्या अग्रवाल की शादी की अफवाहों पर लगा विराम



**मुंबई।** मशहूर अभिनेत्री दिव्या अग्रवाल अक्सर अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं। कई समय से उनकी शादी में दरार और तलाक की खबरें जोरों पर थीं, और यह खबरें भी आई थीं कि दिव्या अपने पति से अलग रह रही हैं और उनके रिश्ते में कड़वाहट आ गई है। दरअसल, रियलिटी शो 'द 50' में कंटेस्टेंट भाव्या सिंह ने दिव्या के वैवाहिक जीवन पर सवाल उठाए थे, जिससे अफवाहें और तेज हो गई थीं, लेकिन इन सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए दिव्या ने अपनी शादी की सालगिरह के मौके पर पति संग एक खास वीडियो शेयर किया। पोस्ट किए गए वीडियो में दोनों एक दूसरे के साथ प्यार भरे अंदाज में नजर आ रहे हैं। दिव्या ने लिखा, मैंने आपसे शादी इसलिए की क्योंकि आप ही वो इंसान हैं जो मुझे पूरी तरह समझते हैं। आपने कभी मुझे बदलने की कोशिश नहीं की। आप मुझे अंदर से जानते हैं, जैसे मैं सच में हूं। आगे उन्होंने लिखा, मेरे प्यार को शादी की सालगिरह मुबारक। आने वाले सालों में चाहे जिंदगी कितनी भी पागलपन भरी क्यों न हो, हम हमेशा साथ रहेंगे। यह पोस्ट देखकर फैंस बहुत खुश हो गए। दिव्या की दोस्त और अभिनेत्री गौहर खान ने भी कमेंट करके बधाई दी।



# कल्याणी की लोका 2 को लेकर बड़ा अपडेट

**मुंबई।** साउथ की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'लोका चैप्टर 1' के दूसरे पार्ट को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। इसके बारे में खुद फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने अपडेट दी है। साल 2025 की ब्लॉकबस्टर मलयालम फिल्म 'लोका चैप्टर 1' ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। दर्शकों को ये फिल्म बहुत पसंद आई थी। बॉक्स ऑफिस पर इसकी धुआंधार कमाई ने हर किसी को हैरान कर दिया था। अब इस फिल्म के दूसरे पार्ट को लेकर बड़ी खबर आई है। फिल्म की शूटिंग को लेकर भी अपडेट सामने आया है। इसके बारे में खुद फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने खुलासा किया है। दरअसल हाल ही में हुए एक इवेंट में लोका फिल्म की लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने फिल्म के दूसरे पार्ट को लेकर बात की। उन्होंने कहा, 'फिल्म 'लोका 2' की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। उम्मीद है कि शूटिंग सितंबर से शुरू होगी। मैं फिल्म का हिस्सा हूं। आप फिल्म का इंतजार करें। बता दें कि बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई के साथ लोका चैप्टर 1 ने कई रिकॉर्ड बनाए थे। ये भारत की पहली सुपरवुमन फिल्म भी है। लीड एक्ट्रेस के तौर पर कल्याणी प्रियदर्शन ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। एक्शन और ड्रामा से भरपूर मलयालम फिल्म 'लोका' एक वुमन सुपरहीरो की कहानी है। इसमें चंद्रा नाम की एक लड़की है, जिसमें पास कुछ सुपरपावर होती हैं और वो असहाय लोगों की मदद करती है। इसकी कहानी ने दर्शकों को खूब आकर्षित किया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की थी। महज 33 करोड़ रुपये के बजट में तैयार इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ग्रास 183.96 करोड़ रुपए कमाए थे।

# कुमार ने दिया सरप्राइज, रैपर के साथ गाया गाना

*मशहूर गायक कुमार सानू ने मनोरंजन जगत में कई यादगार गाने गाए हैं और दर्शकों के दिलों में खास पहचान बनाई है, लेकिन गायक ने इस बार फैंस को सरप्राइज दिया है। उन्होंने रैपर और सिंगर किंग के साथ मिलकर नया गाना 'मजा प्यार करने में' रिलीज किया है। यह गाना किंग के नए एल्बम राजा हिंदुस्तानी का ही हिस्सा है।*



**मुंबई।** यह एल्बम इसलिए भी खास है क्योंकि इसमें किंग और कुमार सानू को साथ में देखा जा रहा है। गाने में कुमार सानू की क्लासिक आवाज और किंग का मॉडर्न रैप स्टाइल मिलकर कमाल का जादू बिखेर रहे हैं। दोनों कलाकार अपने सुरों से खेलते नजर आ रहे हैं। कुमार सानू और किंग ने गाने को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, "मजा प्यार करने में गाना रिलीज किया जा चुका है। यह मेरे लिए जिंदगी में एक बार मिलने वाला खास पल है। थोड़ा सा प्यार जरूर दिखाएं।" जहां गाने को कुमार सानू और किंग ने अपनी शानदार आवाज से सजाया है, वहीं इसके लिरिक्स भी किंग ने दिए हैं और आदित्य देव ने इसे संगीतबद्ध किया है।

# 7 साल बड़े क्रिकेट होस्ट से शादी करेंगी



*मुंबई। एक्ट्रेस कृतिका कामरा इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। जल्द ही उनके घर शादी की शहनाई बजने वाली है। लंबे समय से फैंस शादी का इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच उनकी शादी की डेट भी फिक्स हो गई है। कृतिका कामरा और गौरव कपूर 11 मार्च को शादी के बंधन में बंधेंगे। दोनों ने बिना किसी शोर शराबे और दिखावे के सिंपल तरीके से शादी करने का फैसला किया है। बताया जा रहा है कि दोनों घर पर ही निजी साइनिंग सेरेमनी में शादी करेंगे, जिसमें केवल घर के लोग ही शामिल होंगे। हालांकि, शादी के बाद दोनों ने रिसेप्शन पार्टी देने का फैसला किया है, जो कि 12 मार्च को होस्ट की जाएगी। इस खास मौके पर कई टीवी और बॉलीवुड के स्टार्स और कई क्रिकेटर्स शामिल होंगे। करीबी सूत्रों की मानें तो दोनों का यह मानना है कि वह बिना दिखावे के ऐसी शादी करें, जिसमें ढेर सारी यादें हों। ऐसे पल जिसे आप जी सकें। वह परंपराओं का सम्मान करते हैं। इसीलिए वह अपने परिवार के साथ सादगी, अपनापन और अपनों की खुशियों के बीच इन खास पलों को शेयर करना चाहते हैं। बता दें, कृतिका कामरी की यह गौरव से पहली शादी है, जबकि गौरव कपूर इससे पहले किरत भट्टल के साथ शादी के बंधन में बंधे थे। दोनों ने साल 2014 में शादी की थी और साल 2021 में दोनों का तलाक हो गया। फिर इसके बाद वे कृतिका के रिलेशन में आए और 2025 में दोनों ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल किया।*

## ग्लोबल पॉप स्टार ने किया था 2007 में मुंबई में परफॉर्म

# 19 साल बाद भारत लौट रहीं शकीरा, मुंबई और दिल्ली में करेंगी लाइव कॉन्सर्ट

*करीब दो दशकों के बाद ग्लोबल पॉप स्टार शकीरा एक बार फिर भारत में लाइव परफॉर्म करेंगी। खास बात यह है कि इस बार शकीरा मुंबई और दिल्ली में अपने धमाकेदार कॉन्सर्ट करेंगी। 19 साल बाद भारत में उनकी वापसी को लेकर म्यूजिक लवर्स के बीच जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।*

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आयोजकों की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक, शकीरा 10 अप्रैल को मुंबई में और 15 अप्रैल को दिल्ली में परफॉर्म करेंगी। यह पहली बार है कि शकीरा का भारत दौरा दो शहरों में आयोजित किया जा रहा है। दोनों ही शहरों में उनके भारी संख्या में फैंस हैं। माना जा रहा है कि ये कॉन्सर्ट्स पूरी तरह हाउसफुल रहेंगे। शकीरा की एनर्जी, डांस मूव्स और सुपरहिट गानों का जादू भारतीय दर्शकों के सिर चढ़कर बोलेगा।

### शकीरा का कॅरियर तीन दशकों से ज्यादा लंबा

शकीरा का करियर तीन दशकों से भी ज्यादा लंबा रहा है। उन्होंने 1990 के शुरुआती दौर में अपने म्यूजिक सफर की शुरुआत की थी और धीरे-धीरे वह दुनिया की सबसे लोकप्रिय पॉप सिंगर्स में शामिल हो गईं। 'हिप्स डोंट लाइ', 'व्हेनएवर, वेयरएवर', 'वाका वाका', 'शी वुल्फ' और 'ला टोर्टुरा' जैसे गानों ने उन्हें ग्लोबल पहचान दिलाई। आज भी उनके गाने लगभग सभी देशों में पसंद किए जाते है।

### भारत में शो को लेकर भावुक और उत्साहित

अगर शकीरा के भारत कनेक्शन की बात करें, तो उन्होंने आखिरी बार साल 2007 में मुंबई में परफॉर्म किया था। उस समय वह अपनी 'ओरल फिक्सेशन टूर' के तहत भारत आई थीं। अब लगभग 19 साल बाद फैंस को उनकी लाइव परफॉर्मेंस देखने के लिए मिलेगी। भारत में अपनी वापसी को लेकर शकीरा खुद भी काफी भावुक और उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि भारत में परफॉर्म करना हमेशा उनके लिए खास रहा है। मुंबई और दिल्ली के फैंस से दोबारा जुड़ना एक यादगार अनुभव होगा। इस 'फीडिंग इंडिया कॉन्सर्ट' के जरिए वह बच्चों के पोषण और बेहतर भविष्य का संदेश देना चाहती हैं।



### विधानसभा में कांग्रेस विधायकों के हंगामे के बाद माना-कथन उचित नहीं थे

# अडाणी के मुद्दे पर मंत्री विजयवर्गीय ने नेता प्रतिपक्ष उमंग से कहा- लिमिट में रहिए, बाद में जताया खेद








हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विधानसभा में बजट सत्र के चौथे दिन सुबह से ही हंगामा मचा रहा। दिनभर में पांच बार सदन को स्थगित करना पड़ा। राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा करते हुए संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के बीच तीखी बहस हुई। चर्चा के दौरान सिंघार ने सरकार और अडाणी के बीच समझौते का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अडाणी को बिजली खरीदने के नाम पर अगले 25 साल में 1 लाख से सवा लाख करोड़ रुपए दिए जाएंगे, तब मंत्री ने कहा कि इसका सबूत दें। इस पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि उनके पास सबूत हैं और वे दिखा देंगे। इसी दौरान दोनों के बीच तनातनी बढ़ गई।

बहस के दौरान विजयवर्गीय ने नेता प्रतिपक्ष से सीमा में रहने को कहा, जिसके बाद सदन में कांग्रेस विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। आखिरकार मुख्यमंत्री मोहन यादव को बीच में आकर कहना पड़ा कि जाने-अनजाने में कुछ कहा गया है, तो उसके लिए मैं माफी मांगता हूं। बाद में विजयवर्गीय ने कहा कि आज मैं खुद अपने व्यवहार से प्रसन्न नहीं हूं। इस पर सिंघार ने कहा कि मैं कभी अहम में नहीं आता। अगर मेरी ओर से कुछ हुआ है तो मैं भी खेद व्यक्त करता हूं। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने पक्ष और विपक्ष दोनों का आभार प्रकट किया।

### ओबीसी को 27 नहीं, 13 फीसदी आरक्षण

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि ओबीसी (पिछड़ा वर्ग) को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की बात हो रही है, लेकिन 13 प्रतिशत ही दिया जा रहा है। उन्होंने पूछा कि 369 सीएम राइज स्कूल के अलावा कितने नए स्कूल खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि पुराने स्कूलों के नाम बदलकर नए काम दिखाए जा रहे हैं। उन्होंने प्रदेश में महंगी बिजली देने की भी बात कही। उन्होंने बालाघाट का जिक्र करते हुए कहा कि नक्सलवाद खत्म होने के दावे के बावजूद वहां घटनाएं हो रही हैं।

## प्रदेश में डायल 108 एंबुलेंस पर 72 महीनों में 868 करोड़ 31 लाख का खर्च

**मध्यप्रदेश में सागर में सर्वाधिक 35 और रीवा में 30 बीएलएस संचालित**



मध्यप्रदेश के सभी जिलों में लगी डायल 108 एंबुलेंस के संचालन पर 72 महीनों में राज्य के सरकारी खजाने से 868 करोड़ 31 लाख 46 हजार 775 रुपए खर्च हुए है। प्रदेश में प्रति पांच लाख की आबादी पर एक एएलएस तथा प्रति एक लाख की जनसंख्या पर एक बीएलएस के मान से 1002 डायल 108 एंबुलेंस संचालित है। प्रति एंबुलेंस के संचालन पर राज्य सरकार को लगभग 14 लाख 69 लाख रुपए खर्च होता है। उपमुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राजेन्द्र शुक्ल ने विधायक डॉ विक्रांत भूरिया के सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने बताया कि वर्ष 2019-20 में जनवरी माह में एंबुलेंस के संचालन में कुल 8 करोड़ 86 लाख 98 हजार 717 रुपए खर्च किए गए थे वहीं यह खर्च लगातार बढ़ रहा है। दिसंबर 2025 में एंबुलेंस के संचालन पर 14 करोड़ 75 लाख 56 हजार 684 रुपए खर्च किए गए है । उन्होंने बताया कि दिसंबर 2023 में एंबुलेंस संचालन पर 18 करोड़ 38 लाख रुपए और मार्च 2024 में 18 करोड़ 22 लाख रुपए खर्च किए गए है जो इस 72 महीने की अवधि में सर्वाधिक है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि 2021 में अनुबंधित संस्था जेएईएस द्वारा एंबुलेंस का संचालन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में सागर में सर्वाधिक 35 और रीवा में 30 बीएलएस संचालित है। वहीं एएलएस की बात करें तो इंदौर और सागर में सात-सात एएलएस संचालित की जा रही है। प्रदेश में कुल 167 एएलएस और 835 बीएलएस संचालित की जा रही है। जो प्रदेश की आबादी 8 करोड़ 35 लाख 33 हजार 645 के मान से संचालित की जा रही है।

## कॉलेज प्राचार्य ने हड़पी 60 लाख की राशि, वसूली और एफआईआर का इंतजार





विधानसभा में दूसरे ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के तहत विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को और जयवर्धन सिंह ने अनूपपुर के सरकारी कॉलेज पुष्पराजगढ़ के तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य डॉ. डीपी शाह पर छात्राओं की फीस राशि के दुरुपयोग का मामला उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि करीब 60 लाख 45 हजार रुपए का निजी इस्तेमाल किया गया, लेकिन शिकायत के बावजूद राशि की वसूली नहीं हो सकी है। प्राचार्य के खिलाफ एफआईआर भी नहीं कराई जा रही है। इस मामले में विधायक जयवर्धन सिंह ने आरोप लगाया कि संबंधित अधिकारी न केवल छात्रों से अवैध वसूली करता था, बल्कि उनके साथ मारपीट की घटनाएं भी सामने आई हैं। जिसका जवाब देते हुए उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने बताया कि अतिरिक्त संचालक की जांच में शिकायत सही पाई गई, जिसके बाद संबंधित व्यक्ति को प्रभारी प्राचार्य पद से हटा दिया गया। विधायक मार्को ने मांग की कि जांच पूरी हो चुकी है, इसलिए प्राचार्य को निलंबित किया जाए। मंत्री ने जवाब दिया कि डॉ. शाह को सस्पेंड किया जा चुका है और वसूली आदेश जारी करने में देरी पर संबंधित को नोटिस भी दिया गया है।

### ख्याली पुलाव की खाली थाली लेकर पहुंचे कांग्रेसी, नेता प्रतिपक्ष बोले- आदमी जिंदा रहने के लिए संघर्ष कर रहा



विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले कांग्रेस विधायकों ने थाली लेकर प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि सरकार के बजट में आम जनता को कुछ भी नहीं मिला है। यह ख्याली पुलाव वाली सरकार है, जिसने हर वर्ग के साथ धोखा और छलावा किया है। सिंघार ने कहा कि सरकार ने किसानों के लिए कहा था कि उनकी आय दोगुनी होगी। किसान खाली थाली में सपना देख रहा है। एमएसपी नहीं मिल रही है। युवाओं के लिए नौकरियों द्वार खोले जाने की भी बात कही गई थी, बडे-बड़े पोस्टर और विज्ञापन लगे लेकिन पिछले 2 साल से सरकार कोई भर्ती नहीं कर पा रही है। युवा सपना देख रहे हैं कि ख्याली पुलाव की सरकार उन्हें नौकरी देगी। लाडली बहन इंतजार कर रही है कब उन्हें 3000 रुपये मिलेंगे। बिजली के बिल कम नहीं हुए बिजली के बल बढ़ रहे हैं। यही हाल अस्पतालों का है स्टाफ नहीं है, डॉक्टर नहीं है। आदमी जिंदा रहने के लिए संघर्ष कर रहा है।

### राज्यपाल के अभिभाषण के साथ हरियाणा का बजट सत्र शुरू, सरकार की उपलब्धियां गिनाईं

# विकसित भारत मिशन के तहत काम कर रही सरकार : प्रो.घोष



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने शुक्रवार को अपने अभिभाषण में राज्य की नायब सैनी सरकार की जनहित की योजनाओं की जमकर प्रशंसा की और अभिभाषण में किसानों, युवाओं, महिलाओं के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार पिछले 10 साल से जनहित और गुड गवर्नेंस की दिशा में कार्य कर रही है। मेरी सरकार की सोच और कार्य प्रणाली में सब कुछ साफ-साफ दिख रहा है। मेरी सरकार सबको साथ और सबके विकास की अवधारणा में विश्वास करती है। सरकार का सपना है कि जब आजादी के 100 साल पूरे होंगे तो भारत दुनिया एक खुशहाल राज्य बनेगा। घोष ने कहा कि पिछले साल दिसंबर में हरियाणा ने 2047 तक का अपना दस्तावेज जारी किया है। यह सरकार का एक रणनीतिक ब्लूप्रिंट है, जिसमें विकास के खाके को रखा गया है। 2047 तक भारत को विकसित बनाने में हरियाणा की भी अहम भूमिका होगी।

**भारत मंडपम : प्रदर्शन से सीएम नाराज**

## देश की गरिमा से खिलवाड़ करने वालों पर हो सख्त कार्रवाई



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि देश को अलग-अलग स्थानों पर शर्मिंदा करना और भारत की छवि को ठेस पहुंचाना कुछ लोगों के डीएनए में शामिल हो गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार देश की संवैधानिक संस्थाओं का अपमान कर लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने का कार्य कर रही है।मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित समिट के दौरान कांग्रेस द्वारा अपनाए गए विरोध के तरीके को बेहद अफसोसजनक बताया। उन्होंने कहा कि इस समिट में पूरे विश्व से प्रबुद्धजन, नीति-निर्माता और प्रतिनिधि भाग लेने के लिए आए हैं। ऐसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर समिट के अंदर जिस प्रकार का अशोभनीय कार्य किया गया है, वह न केवल अनुचित है बल्कि देश की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने वाला है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस प्रकार की हरकत करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति राष्ट्र की गरिमा को आहत करने का साहस न कर सके।

### उद्योग क्षेत्र में ग्लोबल हब बनने की दिशा में बड़ा कदम

मेरी सरकार हरियाणा को उद्योग क्षेत्र में ग्लोबल हब बनाने के प्रयासों में जुटी हुई है। उन्होंने अपने भाषण में हरियाणा सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने, लागत कम करने और उनके जोखिम को न्यूनतम करने के लिए बहुआयामी रणनीतियां अपनाई हैं। अन्नदाता के सम्मान से प्रदेश प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ा है।

### सदन में विपक्ष को भी पूरा मौका मिले : अशोक अरोड़ा

चंडीगढ़। कांग्रेस के विधायक और वरिष्ठ नेता अशोक अरोड़ा का कहना है कि विपक्षी विधायकों को मुद्दे उठाने का पूरा वक्त देना चाहिए उनकी आवाज को दबाना ठीक नहीं हैं। अरोड़ा ने कहा कि सत्र लंबा चलाने का महज दिखावा है, इस बार अवकाश ज्यादा हैं। लोकसभा में भी सत्र लंबा चल रहा है लेकिन लोकसभा में नेता विपक्ष को बोलने ही नहीं दिया जा रहा है। लोकतंत्र में विधायकों का गला दबाने का काम है, गुहला के विधायक के विरुद्ध केस दर्ज करना पूरी तरह से गलत है।अशोक अरोड़ा ने कहा कि सरकार को पीने का साफ पानी और बिजली की पूरी व्यवस्था करनी चाहिए।

### मारेंगा से बुरुंगपाल जा रहा था ट्रैक्टर

## ईंट लेकर जा रहा ट्रैक्टर पलटा, चार गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



मारेंगा से बुरुंगपाल ईट लेकर जा रहा एक ट्रैक्टर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर में सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए मेकाज में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। घायलों के परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की सुबह मारेंगा में रहने वाले राजू कोहरामी 25 वर्ष, आयते कोहरामी 22 वर्ष, काडे कोहरामी 23 वर्ष व संगीता 4 वर्ष के अलावा अन्य ग्रामीण ट्रैक्टर में ईंट लेकर बुरुंगपाल जा रहे थे। इसी दौरान अचानक बुरुंगपाल मोड़ पर चालक ट्रैक्टर से नियंत्रण खो बैठा। इस घटना में ट्रैक्टर में सवार 4 लोगों को गंभीर चोट आई, जबकि अन्य घायलों को मामूली चोटें आई, सभी घायलों को उपचार के लिए मेकाज लाया गया।

### इबादत के लिए बंदों को एक घंटा पहले मिल जाएगी छुट्टी

## मुस्लिम कर्मचारियों को रमजान पर सरकार का बड़ा तोहफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



रमजान के पाक महीने की शुरुआत हो गई है। बीजेपी शासित छत्तीसगढ़ में विष्णु देव की सरकार ने मुस्लिम कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। रमजान के महीने में कर्मचारियों को ऑफिस से एक घंटे पहले नमाज पढ़ने के लिए छुट्टी मिल जाएगी। 19 फरवरी से सभी शासकीय कार्यालयों में यह नियम लागू होगा। छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सलीम राज ने कहा है कि मुस्लिम धर्म से सबसे पवित्र माह कहा जाने वाला रमजान महीना 19 फरवरी से शुरू हो गया है। इस माह में मुस्लिम समाज के लोग पूरे दिन रोजा रखकर खुदा की इबादत करते हैं। साथ ही हर दिन रात्रि में विशेष नमाज तरावीह का भी आयोजन किया जाता है। इसमें संपूर्ण कुरान का पाठ किया जाता है। उन्होंने कहा कि रमजान को देखते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार ने राज्य समस्त शासकीय अधिकारी और कर्मचारियों को एक घंटा पूर्व कार्यालय छोड़ने की अनुमति प्रदान की गई है। यह बहुत ही सराहनीय कार्य है।

### मुस्लिम समाज के लोगों ने किया स्वागत

वक्फ बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में हर जाति, धर्म, पंथ और समाज के आस्था का सम्मान किया जा रहा है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास का ही स्वरूप है। वहीं, छत्तीसगढ़ सरकार के इस निर्णय का मुस्लिम समाज के लोगों ने स्वागत किया है। सोशल मीडिया पर भी इस आदेश की खूब चर्चा हो रही है। आम तौर पर लोगों ने यह धारणा बना रखी है कि बीजेपी की नीति अलग रहती है। मगर विष्णु देव साय की सरकार ने इस मिथक को तोड़ दिया है।

## अब होली-मुहर्रम पर भी खुली रहेंगी शराब दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ की सरकार ने आबकारी नीति में बड़ा बदलाव किया है। इसके बाद विवाद की शुरुआत हो गई है। नई आबकारी नीति के अनुसार छत्तीसगढ़ में होली, मुहर्रम और गांधी निर्वाण दिवस पर शराब की दुकानें खुली रहेंगी। पुरानी नीति में इन मौकों पर दुकानें बंद रहती थीं। पूरे राज्य में इस अवसर पर ड्राई डे होता था। इसे लेकर विपक्ष और सामाजिक संगठनों ने सरकार की नितियों का विरोध किया है।

वहीं, पहले धार्मिक और राष्ट्रीय मौकों पर व्यवस्था बनाए रखने और सामाजिक भावनाओं का सम्मान करने के लिए शराब की बिक्री पर रोक थी। मामले ने तूल पकड़ा तो सरकार की तरफ से कहा गया है कि इस कदम का मकसद चुनौतियों के साथ रेगुलेशन को बैलेंस करना है।

## एआई और वर्टिकल फिल्मों के साथ बिफ्फ का सातवां सत्र शुरू, सिनेमा के नए दौर की आहट



मुंबई। मायानगरी में आयोजित होने वाला बॉलीवुड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (बिफ्फ) इस वर्ष अपने छह वर्ष पूरे कर सातवें सत्र में प्रवेश कर चुका है। महोत्सव के नए संस्करण के लिए फिल्मों की प्रविष्टियां आधिकारिक रूप से शुरू हो गई हैं। इस बार का सत्र कुछ मायनों में अलग और चर्चा का विषय बनता दिख रहा है। सबसे बड़ा बदलाव है कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से बनी फिल्मों को शामिल किया जाना। पहली बार ऐसी फिल्मों के लिए अलग पहचान दी जा रही है, जो तकनीक और सिनेमा के मेल को नई दिशा दे सकती हैं। इसके साथ ही वर्टिकल फॉर्मेट-यानी मोबाइल स्क्रीन के अनुरूप बनाए गए ऊर्ध्वाधर प्रारूप की फिल्मों को भी स्वीकार किया जा रहा है। डिजिटल दौर में तेजी से बदलती दर्शक की आदतों को देखते हुए यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है। फिल्म जगत में इस पहल को लेकर उत्सुकता और बहस दोनों है-क्या एआई सिनेमा की रचनात्मक सीमाएं बदल देगा? क्या मोबाइल फॉर्मेट पारंपरिक पर्दे को चुनौती देगा? सातवां बिफ्फ इन सवालों के बीच नई संभावनाओं और प्रयोगों का मंच की ओर बढ़ रहा है।

### वित्त मंत्री के बंगले को घेरने निकली महिला कांग्रेस

भोपाल। मध्य प्रदेश के बजट के विरोध में महिला कांग्रेस ने आज अनूठा प्रदर्शन किया। हाथ ठेले पर खाली थाली रखकर उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा के बंगले का घेराव किया। हालांकि पुलिस ने उन्हें शिवाजी नगर चौराहे पर ही रोक दिया। विरोध प्रदर्शन के लिए प्रदेश महिला कांग्रेस की सभी पदाधिकारी शामिल हुई। प्रदेश अध्यक्ष रीना रासी ने आरोप लगाया कि बजट में रसोई को राहत देने वाला कोई भी प्रावधान नहीं किया गया। प्रदेश सरकार भले ही महिलाओं के हित की बात करे।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा संख्या | 6S-Efile-333507RTTender | | |
| कार्य का नाम और कार्य स्थान | सामान्य बिजली आपूर्ति के संचालन और रखरखाव का प्रावधान – मौजूदा विद्युत सूची की मरम्मत सहित कार्यशाला सुविधाएं और भवन और छोटी-मोटी नई स्थापनाएँ (जब और जब आवश्यकता हो)। | | |
| अनुमानित लागत | रुपये 1,70,46,806.25/– जीएसटी @18% सहित | | |
| बयाना राशि | रुपये 2,35,200/– | निविदा फार्म का मूल्य | शून्य |
| कार्य अवधि | अवधि कार्य आरंभ होने से अठारह महीने | | |
| निविदा पत्र जमा करने की तिथि व समय | | दिनांक 05.03.2026 समय 15:00 बजे। | |
| निविदा पत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | | उपरोक्त निविदा IREPS साइट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in | |

यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा।

निविदा सं. 6S-Efile-333507RTTender दिनांक – 19.02.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 585/2026

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक कुमार** पुत्रः **जय प्रकाश यादव** पताः **6523, ग्राउण्ड फ्लोर, गली नं. 1, ब्लॉक नं. 9, देव नगर, करोल बाग, प्रसाद नगर, दिल्ली** ने case **FIR No. 269/2022 U/s 27/61/85 NDPS Act, थानाः प्रसाद नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 269/2022 U/s 27/61/85 NDPS Act, थानाः प्रसाद नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दीपक कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 11.05.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री करणबीर सिंह
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–02
केन्द्रीय जिला, रूम नं. 26
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/2145/CD/2026 (Court Matter)

### मप्र और इन्वेस्टर्स मिलकर देश को बढ़ाएंगे आगे, सिकोया क्लाइमेट फाउंडेशन के साथ हुआ

# क्लाइमेट चेंज से निपटने में लीडर बन कर उभर रहा मध्यप्रदेश: मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि क्लाइमेट चेंज के मामले में ठोस और समयबद्ध समाधान पर काम करना आज की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत की क्लाइमेट चेंज को लेकर प्रतिबद्धताओं में राज्यों का योगदान महत्वपूर्ण है। मध्यप्रदेश क्लाइमेट चेंज से निपटने में सर्वाधिक नवकरणीय ऊर्जा का उत्पादक बन लीडर की भूमिका में है।

मुख्यमंत्री ने नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में मप्र में निवेश करने के इच्छुक निवेशकों को हरसंभव सहयोग देने का विश्वास और सुरक्षा की गारंटी देते हुए कहा कि राज्य और निवेशक मिलकर देश को नवकरणीय ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाएंगे। निवेशकों के साथ हमारा रिश्ता नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में व्यापार-व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। डॉ यादव मुंबई में क्लाइमेट वीक-2026 को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के विकास के लिए नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग एवं ग्रीन एनर्जी के लिए विख्यात सिकोया क्लाइमेट फाउंडेशन के बीच एमओयू हुआ।

डॉ यादव ने मुंबई क्लाइमेट वीक-2026 में की



### मध्यप्रदेश सरकार के नवाचारों की दी जानकारी

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने हरित ऊर्जा उत्पादन के जरिए क्लाइमेट चेंज से निपटने की दिशा में मध्यप्रदेश सरकार के नवाचारों की जानकारी देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश भारत के उन अग्रणी राज्यों में से एक है, जिसने नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश पहला राज्य है, जिसने ईवी नीति बनाई, जो क्लाइमेट चेंज की ओर कारगर कदम है। हमारी सरकार मध्यप्रदेश में 300 मेगावाट 4 घंटे सौर-सह एनर्जी स्टोरेज परियोजना, 300 मेगावाट 6 घंटे सौर-सह एनर्जी परियोजना सहित 24 घंटे नवकरणीय ऊर्जा बैटरी आधारित एनर्जी स्टोरेज परियोजना पर काम कर रही है। यह एक नया प्रयोग है। यह भारत की अपनी तरह की पहली परियोजना है।

### *नवकरणीय ऊर्जा क्षमता में अप्रत्याशित वृद्धि*

*मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि बीते 12 सालों में मप्र की नवकरणीय ऊर्जा क्षमता में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। सौर ऊर्जा में 48 प्रतिशत और पवन ऊर्जा में 19 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट दुनिया का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट है। मध्यप्रदेश में सांची देश की पहली सोलर सिटी बनी है। हमारी सरकार निवेशकों, निजी क्षेत्र और नीति निर्माताओं के साथ मिलकर मप्र को भारत का नवकरणीय ऊर्जा हब बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। हम सौर, पवन, एनर्जी स्टोरेज, बायोफ्यूल तथा ग्रीन हाइड्रोजन सहित सभी नवकरणीय टेक्नोलॉजी में वित्तीय एवं नीतिगत प्रोत्साहन भी दे रहे हैं। उन्होंने निवेशकों से अपील करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश अनंत संभावनाओं का प्रदेश है। यहां निवेश करें, सरकार आपके साथ है। अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मनु श्रीवास्तव ने कहा कि नवकरणीय ऊर्जा, विद्युत आपूर्ति का एक कारगर, सस्ता और विश्वसनीय विकल्प है। सिकोया क्लाइमेट फाउंडेशन की भारत में निदेशक सुश्री सीमा पॉल ने कहा कि नवकरणीय ऊर्जा के विकास एवं विस्तार में हम मध्यप्रदेश के साझेदार भी हैं और भागीदार भी। उन्होंने कहा कि इसी दिशा में हम आज मध्यप्रदेश के साथ पार्टनरशिप के लिए एक एमओयू भी कर रहे हैं।*

**राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, तिरुपति**
**NATIONAL SANSKRIT UNIVERSITY, TIRUPATI**
(संसद के एक अधिनियम द्वारा स्थापित एक केंद्रीय विश्वविद्यालय)

**भर्ती अधिसूचना / RECRUITMENT NOTIFICATION**
**अध्यापन पद (सीधी भर्ती)**

(विज्ञा. सं. एनएसकेटीयू/प्रशा./टी/2025/04 दिनांक 18.02.2026)

राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, तिरुपति भारतीय नागरिकों से अध्यापन पदों की सीधी भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

| क्र. सं. | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | पदों की संख्या और आरक्षित श्रेणियाँ | | | | | | शैक्षणिक पे लेवल (7वां सीपीसी) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | एससी | एसटी | ओबीसी | पीडब्ल्यूबीडी | ईडब्ल्यूएस | यूआर | |
| 1. | योग विज्ञान में एसोसिएट प्रोफैसर | 01 | – | – | 01* | – | – | – | 13ए |
| 2. | अगामा में एसोसिएट प्रोफैसर | 01 | – | – | – | – | – | 01 | 13ए |

** बैकलॉग रिक्तियाँ*

अध्यापन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने हेतु अंतिम तिथि 15.03.2026 है। पदों, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और अन्य मानदंड के विवरण के लिए, कृपया विश्वविद्यालय वेबसाइट http://www.nsktu.ac.in पर पधारें।


सीबीसी 21364/12/0004/2526 कुलसचिव / REGISTRAR

## चिंतन

# एसआईआरः कोई भी योग्य छूटे नहीं और अयोग्य शामिल न हो

पश्चिम बंगाल में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर पैदा हुआ टकराव अब केवल प्रशासनिक मतभेद नहीं रहा, यह लोकतंत्र की विश्वसनीयता की सीधी परीक्षा बन चुका है। ऐसे समय में सुप्रीम कोर्ट का अभूतपूर्व हस्तक्षेप बताता है कि हालात साधारण नहीं हैं। अदालत ने स्पष्ट कहा है कि मतदाता सूची से कोई योग्य नागरिक छूटे नहीं और अयोग्य उसमें शामिल न हो। यह निर्देश भर नहीं, लोकतांत्रिक मर्यादा की अंतिम रेखा है। मतदाता सूची में शुचिता और पारदर्शिता के लिए शीर्ष अदालत ने एसआईआर की निगरानी के लिए सेवारत और पूर्व न्यायिक अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। शीर्ष अदालत ने राज्य की निर्वाचित सरकार और चुनाव आयोग के बीच भरोसे की कमी पर जो टिप्पणी की, वह सबसे ज्यादा चिंताजनक है। जब चुनाव कराने वाली संवैधानिक संस्था और राज्य सरकार आमने-सामने खड़ी दिखें, तो नुकसान किसी एक पक्ष का नहीं, पूरे लोकतंत्र का होता है। अदालत को सेवारत और पूर्व न्यायिक अधिकारियों की निगरानी में प्रक्रिया चलाने का आदेश देना पड़ा। यह असाधारण व्यवस्था है, जो बताती है कि संस्थागत संवाद की डोर कितनी कमजोर हो चुकी है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और उनकी पीठ ने साफ किया कि न्यायिक अधिकारियों के आदेश अदालत के आदेश माने जाएंगे और कलेक्टर-एसपी उन्हें लागू कराएंगे। सवाल यह है कि क्या चुनावी प्रक्रिया इतनी अविश्वसनीय हो गई है कि उसे पटरी पर लाने के लिए न्यायपालिका को प्रत्यक्ष भूमिका निभानी पड़े? यदि हां, तो यह लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है। अदालत ने 28 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित करने की अनुमति दी है और जरूरत पड़ने पर सप्लीमेंट्री सूची की छूट भी दी। यह संतुलन का प्रयास है कि समयबद्धता भी रहे और त्रुटि-सुधार का रास्ता भी खुला रहे, लेकिन असली सवाल यह है कि दावे और आपत्तियां तार्किक निष्कर्ष तक क्यों नहीं पहुंच पा रहीं? क्यों आरोप-प्रत्यारोप का दौर प्रक्रिया पर हावी है? मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी कि हमें राज्य सरकार से सहयोग की उम्मीद थी, सिर्फ नाराजगी नहीं, निराशा का संकेत है। अदालत ने यह भी कहा कि वह सूक्ष्म पर्यवेक्षक नहीं है। यानी रोजमर्रा के प्रशासनिक काम में दखल देना न्यायपालिका का काम नहीं। पर जब जवाब देने में देरी हो, तथ्यों की स्पष्टता न हो और गतिरोध बना रहे, तब अदालत को आगे आना पड़ता है। न्यायिक अधिकारियों की तैनाती अस्थायी समाधान हो सकती है, स्थायी इलाज नहीं। इससे लंबित अदालती मामलों पर असर पड़ेगा, अंतरिम राहत के मामलों को अन्य अदालतों में स्थानांतरित करना पड़ेगा। मतदाता सूची की शुचिता सुनिश्चित करने के लिए केवल न्यायिक आदेश काफी नहीं। बूथ स्तर पर सत्यापन की पारदर्शी प्रक्रिया, दावों-आपत्तियों की खुली सुनवाई, आदेशों का सार्वजनिक प्रकाशन और तकनीक का प्रभावी उपयोग, ये सब मिलकर ही भरोसा बहाल कर सकते हैं। राजनीतिक इच्छाशक्ति के बिना कोई भी व्यवस्था अधूरी है। यह भी याद रखना होगा कि अदालत का हस्तक्षेप किसी एक पक्ष की जीत या हार नहीं है। यह लोकतंत्र को पटरी पर रखने की कोशिश है। शीर्ष कोर्ट ने जो कहा, वह मूलभूत सिद्धांत है। अब समय की मांग है कि सियासत से ऊपर उठकर पारदर्शिता, जवाबदेही और सहयोग को प्राथमिकता दी जाए। लोकतंत्र की असली ताकत मतदाता की आस्था है; उसे टूटने नहीं देना ही हर संवैधानिक संस्था की सर्वोच्च जिम्मेदारी है।

# तिरंगे की संवैधानियत



**जिरहनामा**
कनक तिवारी

> आज़ादी के तीन महीने पहले संविधान सभा में नेहरू ने तिरंगे झंडे को अपनाने का प्रस्ताव पेश करते उसकी ऐतिहासिक और भविष्यमूलक व्याख्या की थी। कहा इस झंडे के तीनों रंग किसी संप्रदाय के प्रतीक नहीं हैं। यह भारत की जनता का झंडा है। झंडे के बीच से चरखे को विशेष कारण से हटाकर अशोक चक्र को अपनाया गया है क्योंकि अशोक का काल वास्तव में भारतीय इतिहास का अंतर्राष्ट्रीय काल था। मुख्य बात नेहरू ने कही कि आज दो झंडे हैं। एक रेशम का और दूसरा खादी का।

भारत उत्सवधर्मी देश है। कैलेन्डर के हर दिन कोई राष्ट्रीय, सांप्रदायिक, क्षेत्रीय, जातीय या सांस्कृतिक उत्सव कहीं न कहीं मनाया जाता है। बड़ी संख्या में प्रतिभागिता होती है। फूड पैकेट बांटकर, नकद रुपए देकर, सरकारी बसों से मनुष्यों को ढोने के बावजूद नेताओं की सभाओं में भीड़ नहीं जुटती। जब पुरखों के तीज त्यौहार नहीं होते तो लोकतंत्र की बानगी राष्ट्रीय चखचख बाजार में बदगुमानी के भी इंडेक्स पर उछलने लगती है। अमृतकाल में सरकारी कर हुक्म हुआ कि देश में तिरंगा फहराया जाए। अफवाहें तैरती रहीं कि खादी या हाथ कताई के रेशमी कपड़े का भी नहीं पोलिएस्टर का लाखों मीटर लंबाई का कपड़ा झंडों के लिए उपयोग किया जाएगा। शायद वह सबसे बड़े भारतीय कॉरपोरेटी या पड़ोसी मुल्क की हिकमत के जरिए बनाया जाकर उन्हें ही मालामाल कर दिया जा सकता। राष्ट्रीय ध्वज तो आजादी के महान आंदोलन का सबसे बड़ा प्रतीक, प्रवक्ता और प्रस्तोता है। किसी भी मुल्क में सेनाओं की लड़ाई में राजा या मुख्य सेनापति के हाथ में अपनी आजादी और अहमियत का झंडा होता था। सेना मर, कट, खप जाए लेकिन अगर सेनानायक के हाथों झंडा सुरक्षित है, तो जीतती लगती ताकत भी फतह हासिल नहीं कर पाती थी। 62 वर्षों की सत्याग्रही मशक्कत के बाद अंगरेज भारत से रुखसत हुआ। तब लाल किले की प्राचीर पर जवाहरलाल के हाथों तिरंगा झंडा फहराया गया। उसे लेकर चखचख बाजार में विमर्श की शक्ल में अनावश्यक विवाद भी पैदा किए जाते रहे।

आज़ादी के तीन महीने पहले संविधान सभा में नेहरू ने तिरंगे झंडे को अपनाने का प्रस्ताव पेश करते उसकी ऐतिहासिक और भविष्यमूलक व्याख्या की थी। कहा इस झंडे के तीनों रंग किसी संप्रदाय के प्रतीक नहीं हैं। यह भारत की जनता का झंडा है। झंडे के बीच से चरखे को विशेष कारण से हटाकर अशोक चक्र को अपनाया गया है क्योंकि अशोक का काल वास्तव में भारतीय इतिहास का अंतर्राष्ट्रीय काल था। मुख्य बात नेहरू ने कही कि आज दो झंडे हैं। एक रेशम का और दूसरा खादी का।

संविधान सभा ने नहीं सोचा होगा कि रेशम और गांधी की खादी को बेदखल कर बहुराष्ट्रीय कंपनी में बना पोलिएस्टर कपड़ा अपनी छाती पर तिरंगा झंडा छापकर लाखों घरों में फहराया जाने कहा जा सकता है। सेठ गोविन्ददास ने बताया कि 1922 में ही जबलपुर के सार्वजनिक टाउन हाल में जो तिरंगा फहराया गया। उसका रंग लाल, सफेद और हरा था, लेकिन वह किसी भी धर्म का नहीं था। अशोक चक्र के समर्थन में कहा कि महान लेखक एच. जी. वेल्स ने संसार के इतिहास पर लिखी पुस्तक में कहा है कि राजाओं के खूनी जीवन में अशोक अकेला ऐसा है जिसने पूरी दुनिया को प्रेम के सूत्र में बांधने की कोशिश की। सेठ गोविन्ददास ने बताया 1857 के जनयुद्ध में हरे रंग का झंडा न केवल मुसलमानों का और न केवल हिन्दुओं का बल्कि हर स्वतंत्रता संग्राम सैनिक का वह रंग रहा है। चौधरी खलीकुज्जमा ने तो संस्कृत के कथन 'सर्वेत्यागा राजधर्मेषु दृष्टा' अर्थात त्याग करने के सभी रूप राजधर्म के तहत होते हैं। कहा होगा लेकिन हमारे नेता निष्पक्ष,



कर्तव्यपारायण और त्याग करने की भावना से आज़ादी के बाद ही लबरेज नहीं रह सके। फिर तो मतलबपरस्ती का ज्वार उछल उछलकर तिरंगे के आदेशों को मजाक में उड़ा देने का हौसला पाले रहा।

दार्शनिक राधाकृष्णन ने कहा कि झंडे में हरा रंग भारत की वनस्पतियों से संबंधित है जिन पर हर मनुष्य का जीवन निर्भर है। मौलवी सैयद मोहम्मद सादुल्ला ने कहा केसरिया रंग केवल हिन्दुओं में नहीं मुसलमानों के इतिहास में भी है। साधु, सन्यासी, पीर और पंडित इसी रंग के सहारे धार्मिकता का प्रचार कर पाते रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस को सफेद टोपी मुकर्रर करने की बधाई दी।

यह भी बाद में दिलचस्प हुआ कि लाल, हरी, नारंगी बल्कि काली टोपियों ने भी काफी राजनीतिक धमाचौकड़ी मचाई। सच यही है कि इन सभी रंगों ने स्वतंत्रता की उमंग की नुमाइन्दगी की है। मौलवी साहब ने बताया तेरहवीं शताब्दी के भी पहले अरब के बड़े पैगंबर के समय से मुसलमानों के झंडे का तयशुदा रंग रहा है। उन्होंने तल्खी में कह दिया कि चरखे को हटाया जाना जायज लगता है क्योंकि गांधी के आदर्शों और प्रेरणा को अहिंसा खत्म कर हिंसावादी बनकर नेताओं ने चरका तो दिया है। अकिंचन जातियों के प्रतिनिधि खांडेकर ने कड़यिल बात कही कि भगवा झंडे तले लाखों दलितों ने कुर्बानियां की हैं। सिद्धनाथ महार का कोरेगांव में लौह स्तंभ उसी जमाने की याद दिलाता है। गोविन्द मालवीय ने अपनी तकरीर में हरा रंग मुसलमानों, सफेद रंग ईसाइयों और केसरिया रंग को सिक्खों के साथ साथ सभी रंग हिन्दुओं के भी बताए। सबसे बेहतरीन वक्ता सरोजिनी नायडू ने भावुक भाषण में संवेदनाओं को झकझोरते कहा क्या इस्लाम भारत में बिरादराना भाव नहीं लाया है? क्या पारसी अग्नि देवालय से ईरान से दहकते लट्ठे लेकर अपना दृढ़ साहस नहीं लाए? क्या ईसाइयों ने गरीबों की सेवा करने का सबक हमें नहीं पढ़ाया? क्या सनातन हिन्दू धर्म ने इंसान को पूरी तौर पर प्रेम करना नहीं सिखाया? इसीलिए यह झंडा इतिहास, संस्कृति, धर्म और इंसानियत की सेवा का जज्बा अपने में समेटे हुए है।

यक्ष प्रश्न है कि राष्ट्रीयता की भावना सरकार की ओर से इंजेक्शन या बूस्टर डोज़ की तरह क्यों इंजेक्ट की जाए? क्या जनता में आजादी और गणतंत्र के पर्व को लेकर वैसी भावनात्मक उथलपुथल है जो धार्मिक त्यौहारों को लेकर अपने आप उफनती रहती है। लोग बुलाए जाने पर भी राष्ट्रीय पर्वों के जश्न में इकट्ठा नहीं होते बल्कि घर पर बैठकर टेलीविजन के कार्यक्रम देख लेते और छुट्टियां मना लेते हैं। उससे कहीं ज़्यादा लोग 'इस्लाम खतरे में है' या 'हनुमान चालीसा' का जुलूस में पाठ करना है' या 'कांवड़ यात्रा निकालनी है' के उद्दाम में इकट्ठा हो जाते हैं। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के बरक्स राजनीतिक राष्ट्रीयता अब भी भारत के लिए एक सपना है।

लाखों तिरंगे झंडे लग भी जाएं। तब भी आसमान में चीख चीखकर लोगों से यही पूछते रहेंगे कि क्या हमारा नसीब केवल हवा में उड़ते रहने से है? हमारे संदेश को धरती पर उतारकर मनुष्यों के आचरण में ढालने की कोई जरूरत महसूस होती भी है। हम केवल कपड़े या कागज का या अब पोलिएस्टर का टुकड़ा नहीं हैं। हमें रंगाई कारखाने का पात्र भी नहीं समझा जाए। हम भी अन्य मुल्कों के परचमों की तरह भारतीय कौम की विजय का इतिहास हैं। हिन्दुस्तानियों का हौसला हैं। गरीब भारतीय अवाम के जीवन का अब भी अधूरा सपना हैं। हम सरहदों पर सैनिकों की चुनौतियों का अहसास हैं। हम बेरोजगार नौजवानों की निराशाओं का मर्सिया भी गाते हैं। हमें सियासत के लोग सत्ता की कुर्सी पर काबिज रहने के लिए तिजारत की वस्तु और लाशों का कफन भी बनाते हैं। याद रहे जब तक हम देशवासियों की मजबूत मुट्ठियों में हम सम्मान के साथ रहेंगे। तब तक ही हमें इंसानियत का परचम समझा जाता रहेगा।

## जन्म दिवस विशेष

छगन लाल लोन्हारे

# साय ने राज्य में गढ़ा विकास का नया आयाम

छत्तीसगढ़ की खूबसूरत वादियों में स्थित जशपुर जिला के ग्राम बगिया में 21 फरवरी को जन्म लेने वाले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सज्जनता और सहृदयता की एक मिसाल है। दो वर्ष के अपने मुख्यमंत्रित्व काल में छत्तीसगढ़ राज्य में विकास का एक नया आयाम गढ़ने वाले तथा प्रदेश के नागरिकों के दिलों में राज करने वाले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज अपनी लोकप्रियता के शिखर पर विद्यमान है। विष्णुदेव साय जनता के बीच के एक ऐसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री हैं जिनकी सदाशयता और दूरगामी योजनाओं से प्रदेश में विकास और प्रगति का राह आसान हुआ है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आदिवासी पृष्ठभूमि से आते हैं। केबिनेट बैठक में राज्य में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से अंतर की राशि होली पर्व से पहले एकमुश्त भुगतान किए जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 25 लाख 24 हजार 339 किसानों से 141.04 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत धान के मूल्य के अंतर की राशि के रूप में लगभग 10 हजार करोड़ रुपए का भुगतान होली त्यौहार से पहले एकमुश्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री स्वयं एक किसान पुत्र हैं वे किसानों की पीड़ा को भलीभांति जानते हैं।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी 3100 रुपए प्रति क्विंटल के मान से की की गई है, जो देश में सर्वाधिक है। बीते दो वर्षों में कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के किसानों को धान के मूल्य के अंतर के रूप में 25 हजार करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। इस साल होली से पूर्व किसानों को 10 हजार करोड़ रुपए का भुगतान होने से यह राशि बढ़कर 35 हजार करोड़ रूपए हो जाएगी। किसान हितैशी सरकार के इस निर्णय से बाजार भी गुलजार होंगे, जिससे शहरी अर्थव्यवस्था पर सीधा असर दिखाई देगा, ट्रैक्टर आदि की बिक्री में वृद्धि होगी। प्रदेश की नवीन औद्योगिक नीति से राज्य में अब तक 7 लाख 83 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने अपने दो साल के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ को पूरे देश में एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश की जनता के बीच जाकर जनता का न केवल विश्वास जीता है बल्कि उनके हित को ध्यान में रखकर उन्होंने ऐसी योजनाओं का क्रियान्वयन किया है जिससे छत्तीसगढ़ का समग्र विकास सम्भव हो पाया है। यह केवल और केवल विष्णुदेव साय जैसे एक संवेदनशील, कर्मठ तथा ऊर्जावान मुख्यमंत्री ही संभव कर सकते हैं। मुख्य मंत्री विष्णु देव की सुशासन में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। वर्ष 2026 को महतारी गौरव वर्ष घोषित किया गया है। राज्य सरकार ने मातृशक्ति का सम्मान करते हुए 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 1000 रुपए की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। प्रदेश के 42 हजार 878 महिला स्व- सहायता समूहों को आसान ऋण से अब तक 129.46 करोड़ रुपए का लाभ दिया गया है। प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के अंतर्गत 4.81 लाख महिलाओं को 237 करोड़ रुपए की सहायता राशि दी गई है। राज्य की 19 लाख से अधिक महिलाओं को पूरक पोषण आहार सुनिश्चित की गई है। महिला सुरक्षा के लिए सखी वन स्टॉप सेंटर और महिला हेल्पलाइन 181 की स्थापना की गई है। महिलाओं को रोजगार मूलक कार्यों के जरिए स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए पंचायत स्तर पर 52.20 करोड़ की लागत से 179 महतारी सदनों का निर्माण कराया जा रहा है। महिला समूहों के उत्पादों की बिक्री हेतु 200 करोड़ की लागत से नवा रायपुर में यूनिटी मॉल का निर्माण कराया जाएगा।




राज्य सरकार द्वारा आवास और सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रख कर अब तक 26 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति किए गए हैं। स्वच्छ पेयजल सबका अधिकार है। प्रदेश के 41 लाख से अधिक घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। गुणवत्तापूर्ण जलापूर्ति के लिए राज्य में 77 जल परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की गई है। 70 समूह जल प्रदाय योजनाओं से प्रदेश के 3208 गांव लाभान्वित हो रहे हैं। इसके अलावा राज्य के शत-प्रतिशत गांवों का विद्युतीकरण किया जा रहा है। डबल इंजन की सरकार में रावघाट-जगदलपुर रेल परियोजना के साथ रेल नेटवर्क मैप से बस्तर जुड़ रहा है। जगदलपुर-विशाखापट्नम और रायपुर-विशाखापट्नम नई सड़क परियोजनाओं से विकास की नई राहें खुल रही है। प्रदेश के 32 नगरीय निकायों में नॉलेज बेस्ड सोसाइटी हेतु लाइट हाउस निर्माण की पहल की जा रही है।

उन्होंने प्रदेश के हर वर्ग की बुनियादी सुविधाओं और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पीएम आवास योजना, कृषक उन्नति योजना, नियद नेल्ला नार, अखरा निर्माण योजना जैसी योजनाओं का शुभारम्भ किया है और जनता के बीच अपनी एक अलग छवि निर्मित की है। उन्होंने अपने जीवन का बहुमूल्य समय पद्रेश की जनता को समर्पित कर यह सिद्ध कर दिया है कि उनका जीवन केवल उनका नहीं है अपितु प्रदेश की जनता की निः स्वार्थ सेवा के लिए समर्पित है। वे सही मायने में एक ऐसे जननेता हैं जिनके लिए जनता ही सब कुछ हैं। ऐसे सेवाभावी और लोकप्रिय जनसेवक बहुत कम होते हैं जिनके लिए जनता का विकास और जनता का साथ ही सबसे महत्वपूर्ण होता है। मुख्यमंत्री श्री साय का अब तक का कार्यकाल इस बात का प्रमाण है कि यदि नेतृत्व ईमानदार, समर्पित और जनता की आकांक्षाओं से जुड़ा हो तो विकास की राह कठिन नहीं होगी।

*-लेखक उप संचालक जनसंपर्क*

# हमारे विचार ही तय करते हैं जीवन की दिशा



संकलित
**दर्शन**

मनुष्य के लिए आज का जीवन जितना सुविधाओं से भरा है, उतना ही बैचेनी, दुख और संताप से भरा हुआ है। जब परेशानियां घेर लेती हैं तब लगता है कि जीवन इतना आसान नहीं है, बहुत कठिन है और हम सभी संघर्ष कर रहे हैं। परिस्थितियां हमारे विचारों को प्रभावित करती रहती हैं। जब परिस्थितियां अपने अनुकूल नहीं होतीं, तो हर कार्य में बाधाएं उत्पन्न होने लगती हैं। ठीक इसी वक्त में हमें एक निराशा घेर लेती है। ऐसे में अगर धर्मग्रंथ गीता को सही ढंग से समझ लिया जाए, तो हर तरह की उलझनों से दूर हुआ जा सकता है। जब मन हारने लगता है तब गीता का ज्ञान आवश्यक हो जाता है। वही हमें सही मार्ग दिखाता है। जिसके माध्यम से भगवान श्री कृष्ण सद्गुरु के रूप में हमारे जीवन का मार्गदर्शन कर रहे हैं और उस जीवन दर्शन को समझने के बाद जीवन में कुछ भी समझने के लिए बाकी नहीं रह जाता है, अर्थात समस्त ज्ञान गीता में ही समाया हुआ है। गीता हमें जीवन जीने की शिक्षा देती है। जिस प्रकार से एक सिक्के के दो पहलू होते हैं, उसी प्रकार हमारे जीवन के भी दो चेहरे हैं- एक अच्छा, दूसरा बुरा। ये तो केवल समय की कश्मकश है, जो हमारी जिंदगी को एक आकार प्रदान करती है। अधिकतर लोग विश्वास करते हैं कि सुख बाहर है। हमें समझा दिया गया है कि नाम, संपन्नता और शक्ति बाहरी दुनिया में हासिल की जा सकती है। यह असत्य धारणा है, पर हमारा जीवन उसके सहारे ही चलता है। मनुष्य के जीवन में दुख-पीड़ा आना स्वाभाविक है। हमारे स्वयं के विचार ही जीवन की दिशा तय करते हैं।

# समर्पित भक्त का वास वैकुन्ठ में



संकलित
**प्रेरणा**

एक ब्राह्मण था तथा महान भक्त था, वह मंदिर की पूजा में बहुत शानदार सेवा पेश करना चाहता था, लेकिन उसके पास धन नहीं था। एक दिन की बात है वह एक भागवत पाठ में बैठा हुआ था और उसने सुना कि नारायण मन में भी पूजे जा सकते हैं। उसने इस अवसर का लाभ उठाया क्योंकि वह एक लंबे समय से सोच रहा था कि कैसे बहुत शान से नारायण की पूजा करूं, लेकिन उसके पास धन नहीं था। जब वह यह समझ गया, कि मन के भीतर नारायण की पूजा कर सकते हैं। एक दिन वह गोदावरी नदी में स्नान करने के बाद एक पेड़ के नीचे बैठा हुआ था। अपने मन के भीतर वह बहुत खूबसूरत सिंहासन का निर्माण कर रहा था, गहनों के साथ लदी और सिंहासन पर भगवान की मूर्ति को रखते हुए, वह भगवान का गंगा, यमुना, गोदावरी, नर्मदा, कावेरी नदी के जल के साथ अभिषेक कर रहा था। फिर बहुत ही उत्तम तरह से भगवान का श्रृंगार कर और फूल, माला के साथ पूजा करते हुए, वह मीठे चावल बहुत अच्छी तरह से भोजन के रूप में पका रहा था। वह परखना चाहता था कि भोजन भोग के लिए कहीं गरम तो नहीं हैं। तो ऐसा जानने के लिए उसने भोजन में अपनी उंगली डाली तो उसकी उँगली जल गई। तब उसका ध्यान टूटा क्योंकि वहाँ कुछ भी नहीं था। केवल अपने मन के भीतर वह सब कुछ कर रहा था। लेकिन उसने अपनी उंगली जली हुइ देखी। तो वह चकित रह गया। इस तरह, वैकुन्ठ से नारायण, मुस्कुरा रहे थे। देवी लक्ष्मीजी ने पूछा- आप क्यों मुस्कुरा रहे हैं ?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### रोजगार निगल जाएगी एआई तकनीक

कुछ समय पहले अमेरिका में मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीच्यूट की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि एआई अमेरिका में भी रोजगार पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। इसमें बताया गया है कि वर्ष 2030 तक वहां बहुत से लोगों का रोजगार यह तकनीक छीन सकती है। पुरुषों से ज्यादा महिलाओं की नौकरी इस तकनीक से जा सकती है। कुछ लोग एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के अवसर में भी मौका ढूंढने के पक्ष में विचार रख रहे हैं। परिवर्तन प्रकृति का भी नियम है, लेकिन यह जरूरी नहीं कि कोई परिवर्तन हर किसी के लिए लाभदायक ही हो। यह ऐसी टैक्नोलॉजी है जो कंप्यूटर प्रोग्राम द्वारा बनाई जाती है और यह इनसान की तरह बहुत से काम भी कर सकती है। इस तकनीक का सबसे बड़ा नुकसान यह होगा कि यह रोजगार निगल जाएगी। *– प्रवीण उपाध्याय, भिलाई*

## ट्रेंड

### जीवंत ग्राम कार्यक्रम



पहले सीमावर्ती गांवों को न केवल उनकी भौगोलिक स्थिति बल्कि विकास में पिछड़ेपन के कारण भी अंतिम गांव कहा जाता था। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी ने जीवंत ग्राम कार्यक्रम के तहत उन्हें हर सुविधा उपलब्ध कराकर उन्हें पहले गांवों में बदल दिया।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**

### कांग्रेस ने शर्मसार किया



जब पूरा विश्व भारत के वैश्विक नेतृत्व, नवाचार और प्रौद्योगिकी दृष्टि की सराहना कर रहा है, तब राहुल गांधी और कांग्रेस एक बार फिर देश को शर्मसार करने की राजनीति में लिप्त दिखे, जिसमें सत्ता की भूख इतनी गहरी है कि राष्ट्रीय सम्मान भी दांव पर लगाने से इन्हें गुरेज नहीं है।
**- धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### सिंगकॉन के निधन से दुःख



शिलांग से लोकसभा सांसद डॉ. रिकी ए.जे. सिंगकॉन के निधन से गहरा दुःख व्यक्त करते हैं। मेघालय की जनता और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उनके परिवार, मित्रों और समर्थकों के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं।
**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

### करुणापूर्ण कृत्रिम बुद्धिमत्ता



हम कृत्रिम बुद्धिमत्ता की शक्ति के लिए एक बेहद प्रतिस्पर्धी दौड़ में हैं। हमें "नैतिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता" और "जिम्मेदार कृत्रिम बुद्धिमत्ता" से आगे बढ़कर "करुणापूर्ण कृत्रिम बुद्धिमत्ता" की ओर बढ़ना होगा।
**-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल शांति पुरस्कार विजेता**

## करंट अफेयर

# पोलैंड रूस से लगती सीमा पर बिछाएगा बारूदी सुरंग

पोलैंड अपनी पूर्वी सीमा पर रूस के बढ़ते खतरे के मद्देनजर बारूदी सुरंग बिछाएगा। यह जानकारी देश के उप रक्षामंत्री पावेल जालेव्स्की ने शुक्रवार को को दी। पोलैंड विवादास्पद हथियारों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने वाले अंतरराष्ट्रीय समझौते से आधिकारिक तौर पर अलग हो गया है। वर्ष 1997 में बारूदी सुरंग पर प्रतिबंध संबंधी संधि को मंजूरी दी गई थी, जिसे ओटावा संधि के नाम से भी जाना जाता है। यह संधि हस्ताक्षरकर्ताओं को बारूदी सुरंग रखने या बिछाने से रोकती है। कंबोडिया, अंगोला और बोस्निया और हर्जेगोविना सहित देशों के पूर्व संघर्ष क्षेत्रों में इन बारूदी सुरंगों की वजह से नागरिकों को हुई क्षति के मद्देनजर यह संधि अस्तित्व में आई। पोलैंड ने 2012 में इसकी पुष्टि की थी और 2016 में अपने सभी बारूदी सुरंग नष्ट कर दिये थे। हालांकि शुक्रवार को उसने संधि से हटने की घोषणा करते हुए कहा कि वह इन हथियारों का निर्माण फिर से शुरू करने की योजना बना रहा है। जालेव्स्की ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया, 'ये बारूदी सुरंग नाटो (उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन) के पूर्वी हिस्से में, पोलैंड के उत्तर में रूस के साथ और पूर्व में बेलारूस के साथ लगती सीमा पर लगाई जाएंगी।



## ऑफ बीट

# मानव जैसे घरेलू रोबोट अब बाजार में, बदलेगा जीवन

पिछले वर्ष नॉर्वे–अमेरिका की प्रौद्योगिकी कंपनी वनएक्स ने एक अनोखे उत्पाद की घोषणा की– 'दुनिया का पहला मानवनुमा रोबोट, जो घरेलू जीवन को बदलने के लिए बनाया गया है।' कुल 168 सेंटीमीटर लंबा और 30 किलोग्राम वजनी 'नियो' नामक इस रोबोट की कीमत लगभग 20,000 अमेरिकी डॉलर है और यह कपड़े तह करने और बर्तन धोने जैसी घरेलू गतिविधियों को स्वचालित ढंग से करने का दावा करता है। नियो में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रणाली अंतर्निहित है, लेकिन जटिल कार्यों के लिए कंपनी का एक कर्मचारी वर्चुअल रियलिटी हेलमेट पहनकर उसे दूरस्थ रूप से नियंत्रित करता है। इस दौरान ऑपरेटर घर के भीतर, रोबोट जो भी देखता है, उसे देख सकता है और यह प्रक्रिया भविष्य में सीखने के लिए रिकॉर्ड भी की जाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस वर्ष अन्य घरेलू मानवनुमा रोबोट भी बाजार में आ सकते हैं। हालांकि, नियो उन चुनौतियों को उजागर करता है जो हालिया एआई उछाल में देखने को मिली हैं–भारी प्रचार के साथ सीमित क्षमताओं वाले उत्पाद, गोपनीयता से जुड़े छिपे जोखिम और पर्दे के पीछे काम कर रहे अदृश्य दूरस्थ कर्मचारी। मानव जैसी मशीनों की कल्पना प्राचीन मिथकों से जुड़ी रही है, लेकिन उन्हें व्यावहारिक उपभोक्ता उत्पाद के रूप में देखना अपेक्षाकृत नया विचार है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771–4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

बंगाल में आगामी चुनाव पर सियासी हलचल तेज

# सत्ताधारी टीएमसी ने प्रत्याशियों को चुनने की शुरुआती प्रक्रिया शुरू की, 'कुछ बड़े' सदस्यों के चुनावी क्षेत्रों में फेरबदल होगा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में इस साल होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। राज्य की सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने उम्मीदवारों को चुनने की शुरुआती प्रक्रिया शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि पार्टी नेतृत्व इस बार कई बड़ें फैसले ले सकती है। इसके तहत राज्य मंत्रिमंडल के कुछ बड़े सदस्यों और पार्टी के अनुभवी विधायकों के चुनाव क्षेत्रों में बदलाव किया जा सकता है। इस बीच सियासी रणनीतिकारों का मामना है कि मुख्यमंत्री ममता को भाजपा से कड़ी टक्कर मिल सकती है। इसी के मद्देनजर सीएम ममता राजनीतिक सर्जरी में जुट गई है।

**अनुभवी चेहरों की सीटें बदलेंगी सीएम ममता**

बुधवार - गुरुवार को 2 दिवसीय बैठक भी कर चुकीं

## विधायकों के टिकट कटने और सीट बदलने पर मंथन



सीएम ममता बेनर्जी की सांसदों के साथ बैठक

### ममता के आवास पर हुई अहम बैठकें

कालीघाट स्थित सीएम ममता बनर्जी के आवास पर बुधवार और गुरुवार को दो दौर की अहम बैठकें हुईं। इसमें पार्टी के शीर्ष नेताओं ने हिस्सा लिया। आगामी चुनावों के लिए संभावित उम्मीदवारों के चयन पर प्रारंभिक चर्चा हुई।

बैठक में विचार किया गया कि मंत्रियों और अनुभवी विधायकों को इस बार नई सीटों से चुनाव लड़ाया जाए। कुछ मौजूदा विधायकों को दोबारा टिकट न देने पर भी बात हुई। ऐसे विधायकों को संगठन के काम में लगाया जाएगा। नेतृत्व का पूरा जोर इस बात पर है कि उम्मीदवारों की सूची में पुराने दिग्गजों और नए चेहरों के बीच एक सही संतुलन बनाया जाए।

### राज्यसभा चुनाव की रणनीति भी तैयार

बंगाल से 16 मार्च को होने वाले 5 राज्यसभा सीटों के चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन पर भी चर्चा शुरू हो गई है। टीएमसी कम से कम 4 सीटें जीतने की तैयारी में है, जबकि भाजपा को एक सीट से ही संतोष करना पड़ेगा। तीन सीटें पार्टी के नेताओं की होंगी, जबकि एक गैर-राजनीतिक चेहरा होगा।

### गोखले के नाम पर संशय



फिलहाल टीएमसी के राज्यसभा सांसदों में साकेत गोखले, ऋतब्रत बेनर्जी और सुब्रत बख्शी शामिल हैं। वहीं मौसम बेनजीर नूर पहले ही इस्तीफा देकर कांग्रेस में लौट चुकी हैं, जिससे एक सीट खाली है। सूत्रों का कहना है कि इस बार चारों सीटों पर बदलाव संभव है। सबसे बड़ी चर्चा एक वरिष्ठ पत्रकार को राज्यसभा भेजे जाने को लेकर है। साकेत गोखले को दोबारा मौका मिलने की संभावना कम है।

### ऋतब्रत विधानसभा में उतरेंगे



ऋतब्रत बेनर्जी को लेकर संकेत हैं कि उन्हें विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया जा सकता है। मौसुम नूर की सीट पर किसी अल्पसंख्यक महिला को मौका दिए जाने की संभावना जताई जा रही है।

### सुब्रत पर फैसला ममता करेंगी



वरिष्ठ नेता सुब्रत बक्शी के भविष्य पर अंतिम फैसला ममता लेंगी। विधानसभा चुनाव से पहले यह राज्यसभा चुनाव टीएमसी के लिए संगठनात्मक पुनर्संरचना और रणनीतिक संतुलन साधने का अहम अवसर है।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर का उद्घाटन कल



**नई दिल्ली।** बहुप्रतीक्षित दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर का उद्घाटन जल्द होने जा रहा है। फिलहाल कुल 82.15 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर में से 55 किलोमीटर का हिस्सा न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक चालू है। घोषणा की है कि बाकी हिस्से का उद्घाटन 22 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा। इससे समय की बचत होगी।

### कोचिंग सेंटर में आग 90 छात्र बाल-बाल बचे



**हैदराबाद।** हैदराबाद में शुक्रवार सुबह एक कोचिंग सेंटर में आग लग गई। यह अमीरपेट स्थित मैत्रीवनम नाम के एक अपार्टमेंट में आग लगी, इस दौरान कुछ छात्र अंदर फंस गए थे, लेकिन दो दमकल गाड़ियां और बचाव दल मौके पर पहुंचे और छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाला। फिलहाल, आग पर काबू पा लिया गया।

### गैंगरेप के दोषियों को सुनाई फांसी की सजा

**दौसा।** महिला से गैंगरेप और फिर उसकी निर्मम हत्या के बहुचर्चित मामले में अदालत ने कड़ा फैसला सुनाया है। इस मामले में दोनों दोषियों को फांसी की सजा सुनाई गई है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋतु चौधरी ने शुक्रवार को सजा सुनाई।

पश्चिम बंगाल एसआईआर विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने दिखाई सख्ती

# हाईकोर्ट से न्यायिक अधिकारियों की तैनाती का निर्देश, साथ ही समन्वय भी सुनिश्चित किया जाए

## पर्याप्त 'ए' श्रेणी के अधिकारियों की नियुक्ति नहीं की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में निर्वाचन आयोग की तरफ से कराए जा रहे एसआईआर)को लेकर उपजे विवाद के मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को कई अहम निर्देश दिए। अदालत ने कहा कि एसआईआर के काम में लगाए गए सीजेएम को हटाकर पुराने जजों को तलाशें।

सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से कहा कि न्यायिक अधिकारियों को राहत दें और बंगाल में एसआईआर के काम में सहायता के लिए पूर्व न्यायाधीशों को नियुक्त करने की दिशा में काम करें। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन के लिए पर्याप्त 'ए' श्रेणी के अधिकारियों की नियुक्ति न करने का भी संज्ञान लिया। एसआईआर में न्यायिक अधिकारियों को शामिल किया जाएगा। कोर्ट ने राज्य सरकार और चुनाव आयोग के बीच जारी गतिरोध को देखते हुए यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने समन्वय कर आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करने और अनुकूल कार्य वातावरण बनाने का निर्देश दिया।

**प्रक्रिया पर गतिरोध दूर किया जाए**

एसआईआर में लगाए गए सीजेएम को हटाकर पुराने जजों को तलाशें

### नियमित सुनवाई पर असर की आशंका



कोर्ट ने कहा कि बंगाल में असाधारण हालात के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। इस निर्देश से नियमित अदालतों में मामलों की सुनवाई प्रभावित हो सकती है, समय एसआईआर प्रक्रिया में लगेगा।

### याचिका पर सुनवाई और पक्षकारों की दलीलें

सीएम ममता बेनर्जी की ओर से दाखिल याचिका पर मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की पीठ ने सुनवाई की। राज्य की ओर से कपिल सिब्बल ने पैरवी की।

**राज्य सरकार के रवैए पर नाराजगी**

सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार के रुख पर नाराजगी जताते हुए कहा कि वह ईआरओ-एईआरओ के लिए योग्य अधिकारियों की व्यवस्था करने में विफल रही है।

### भड़काऊ बयानों पर सख्त टिप्पणी

कोर्ट ने भड़काऊ और धमकी भरे भाषणों के मामलों पर भी कड़ी टिप्पणी की। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि दुर्भाग्य से ऐसे बयान अक्सर चुनाव के दौरान दिए जाते हैं और आरोप-प्रत्यारोप का माहौल दो संवैधानिक संस्थाओं- चुनाव आयोग और राज्य सरकार- के बीच भरोसे की कमी दर्शाता है। डीजीपी से हलफना मामांगा। अगली सुनवाई मार्च में होगी।

### कोर्ट ने ये निर्देश दिए

- दावे और आपत्तियों का फैसला अब सेवारत और पूर्व न्यायिक अधिकारी करेंगे।
- सीजेएम को हटाकर अन्य उपयुक्त न्यायिक अधिकारियों/पूर्व जजों को लगाया जाए।
- बंगाल सरकार द्वारा पर्याप्त 'ए' श्रेणी के अधिकारियों को तैनात न करने पर गंभीर नाराजगी जताई।
- चुनाव आयोग को 28 फरवरी को बंगाल की ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित करने की अनुमति दी है।
- जरूरत पड़ने पर बाद में पूरक (सप्लीमेंट्री) सूची भी जारी की जा सकती है।
- प्रशासन एसआईआर प्रक्रिया में लगे न्यायिक अधिकारियों को लॉजिस्टिक सहायता और सुरक्षा प्रदान करे।
- न्यायिक अधिकारियों की मदद के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर और राज्य सरकार के अधिकारी भी तैनात रहेंगे।
- मुख्य न्यायाधीश अधिकारियों के साथ एक बैठक करें, ताकि पूरी प्रक्रिया सुचारु रूप से चल सके।
- अदालत का आदेश माना जाए और जिला प्रशासन व पुलिस को उनका पालन करना होगा।

दुबई में बेटे की मौत और मां की गुहार

### प्रवासी मजदूर की मौत पर केंद्र से जवाब तलब

दुबई में मजदूरी करने गए बेटे की मौत के बाद उसकी पार्थिव देह भारत लाने की मांग को लेकर एक मां ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार समेत अन्य पक्षों से जवाब मांगा है। अदालत ने नोटिस जारी किया और अगली तारीख 16 मार्च तय की है। मां ने अपने बेटे के अंतिम संस्कार के लिए उसकी देह भारत लाने की अनुमति मांगी है।

### बाबरी नाम पर मस्जिद निर्माण रोकने की मांग ठुकराई, दलील भी खारिज



सुप्रीम कोर्ट ने बाबर के नाम पर किसी भी मस्जिद के बनने या उसका नाम रखने पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने इस दलील को भी खारिज कर दिया कि ऐसी संरचनाएं एक 'क्रूर हमलावर' का सम्मान करती हैं। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की बेंच ने शुक्रवार को एक थोड़ी देर सुनवाई के बाद याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

सिलचर में गृहमंत्री शाह की हुंकार

# तीसरी बार सरकार बनाइए, हम एक-एक घुसपैठिए को निकालेंगे

सिलचर से असम विधानसभा चुनाव का शंखनाद किया



सीएम हिमंता सरमा ने गृह मंत्री अमित शाह किया स्वागत

एजेंसी ▶▶ सिलचर

देश के गृह मंत्री अमित शाह ने सिलचर से असम विधानसभा चुनाव 2026 का शंखनाद करते हुए 'घुसपैठ' और 'अतिक्रमण' को मुख्य मुद्दा बना दिया है। शाह ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि पिछली सरकारों की ढुलमुल नीतियों के कारण सीमाएं सुरक्षित नहीं थीं, जिससे घुसपैठियों ने असम के युवाओं के रोजगार और गरीबों के राशन पर डाका डाला।उन्होंने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के कार्यकाल में हुई कार्रवाई की सराहना करते हुए स्पष्ट किया कि भाजपा का 'तीसरा कार्यकाल' भी होगा।

### घुसपैठ की आग कांग्रेस ने फैलाई, इन्हें वोट बैंक बनाया

शाह ने कहा कि असम दशकों तक घुसपैठ की आग में झुलसा है, जिसका मुख्य कारण कांग्रेस का 'वोट बैंक' प्रेम था। उन्होंने दावा किया कि पहले की सरकारों ने जानबूझकर सीमाएं खुली छोड़ीं, जिससे अवैध प्रवासियों ने राज्य की जनसांख्यिकी को बदल दिया। शाह ने भरोसा दिलाया कि मोदी सरकार ने पिछले दस वर्षों में सीमाओं पर निगरानी को अभेद्य बनाया है। यदि जनता तीसरी बार आशीर्वाद देती है, तो तकनीक और सख्त कानून के जरिए हर एक घुसपैठिए को वापस भेजा जाएगा।

सरमा सरकार को सराहा

### लाखों एकड़ भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया

शाह ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की 'एक्शन मोड' वाली कार्यशैली की तारीफ करते हुए कहा कि सरकार ने लाखों एकड़ सरकारी और वन भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह जमीन घुसपैठियों के कब्जे में थी, जिसे अब असम के वास्तविक हकदारों को लौटाया जा रहा है। शाह ने दो टूक शब्दों में कहा कि असम की पवित्र भूमि पर किसी भी अवैध कब्जे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कछार जिले में शाह ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस ने राज्य में अपने शासनकाल के दौरान कोई विकास कार्यक्रम शुरू नहीं किया। अब प्रतिदिन 14 किलोमीटर सड़क का निर्माण हो रहा है, जो देश में सबसे अधिक है।

# राज्य में ध्रुवीकरण की राजनीति छोड़ रिपोर्ट कार्ड पेश करें असम के मुख्यमंत्री सरमा: प्रियंका गांधी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव और वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने असम सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि राज्य की संपत्ति को लूटा जा रहा है और इसे बड़े उद्योगपतियों तथा 'एक विशेष परिवार' को सौंपा जा रहा है। उन्होंने कहा कि असम के मुख्यमंत्री जनता को बांटने और ध्रुवीकरण की राजनीति में लगे हैं, जबकि उन्हें पिछले पांच वर्षों का अपना रिपोर्ट कार्ड पेश करना चाहिए।

दो दिवसीय असम दौरे के समापन पर पत्रकारों से बातचीत में प्रियंका वाड्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री को यह बताना चाहिए कि उन्होंने अपने कार्यकाल में राज्य के लिए क्या किया और आगे क्या करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सकारात्मक और रचनात्मक राजनीति के लिए प्रतिबद्ध है, जिसका उद्देश्य असम की संस्कृति, पहचान और परंपराओं की रक्षा करना है। इसके विपरीत, अन्य दल नफरत, ध्रुवीकरण और व्यक्तिगत हमलों की राजनीति कर रहे हैं।



लोकप्रिय असमिया गायक जुबीन गर्ग के निधन पर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि यह एक भावनात्मक मुद्दा है और इसका राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। प्रियंका गांधी ने जूबीन गर्ग को 'असम की आत्मा की आवाज' बताते हुए कहा कि उन्होंने प्रेम, सद्भाव, संस्कृति और पहचान के लिए गाया और वे राजनीति से ऊपर थे। उन्होंने कहा कि उन्हें श्रद्धांजलि देना उनके लिए भी भावुक क्षण था।

कांग्रेस महासचिव ने आरोप लगाया कि असम में रोजाना 'हिंसक और आक्रामक बयानबाजी' हो रही है, जो राज्य की संस्कृति और परंपराओं के खिलाफ है। उन्होंने कहा, 'यह हमारी संस्कृति नहीं है। जूबीन एकता और सद्भाव के प्रतीक थे।'

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्य के कुछ नेता ओछी राजनीति कर रहे हैं और कांग्रेस नेता गौरव गोगोई तथा उनके परिवार को बेबुनियाद आरोपों के जरिए निशाना बनाया जा रहा है। प्रियंका वाड्रा ने दावा किया कि उनके राजनीतिक विरोधी उनसे डरते हैं, इसलिए उन पर हमला किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश में राहुल गांधी के एक अदालती मामले में पेशी को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आयकर विभाग जैसी एजेंसियों की कार्रवाई लंबे समय से हो रही है। 'हमारे लिए ईडी और आईटी के मामले सम्मान का बैज जैसे हैं,' उन्होंने टिप्पणी की।

प्रियंका वाड्रा ने कहा कि असम के युवा रोजगार और विकास चाहते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता प्रचार के झांसे में नहीं आएगी और रचनात्मक तथा सकारात्मक राजनीति को चुनेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की कि वे विभाजनकारी राजनीति छोड़कर राज्य के विकास पर ध्यान केंद्रित करें और जनता के सामने अपना स्पष्ट रिपोर्ट कार्ड रखें।

### कुंद्रा को बिटकॉइन मामले में जमानत

**नई दिल्ली।** बिजनेसमैन से एक्टर बने राज कुंद्रा को शुक्रवार को 150 करोड़ रुपए के बिटकॉइन स्कैम मामले में जमानत मिल गई है। पीएमएलए के तहत विशेष न्यायालय ने राज कुंद्रा को शुक्रवार को जमानत दे दी है।

### बॉलीवुड डायरेक्टर भट्ट को जमानत



**उदयपुर।** 30 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी के मामले में फिल्म निर्देशक विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी श्वेतांबरी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी श्वेताम्बरी भट्ट को कोर्ट ने नियमित जमानत दे दी है और साथ ही दोनों पक्षों को मध्यस्थता के जरिए मामले को सुलझाने की सलाह दी है।


## अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त (1) **अतुल** पुत्र राजेश निवासी ग्राम कुलासी, हरियाणा, (2) **नीरज उर्फ निरज कुमार** पुत्र स्वर्गीय श्री राजेश निवासी ग्राम कुलासी, हरियाणा, (3) **लक्ष्य डांगी** पुत्र स्वर्गीय श्री संदीप निवासी मकान नंबर-229, छोटा स्टैंड के पास, कंझावला चौक, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 04/2026 धारा 308(4)/125 भारतीय न्याय संहिता एवं 25/27 शस्त्र अधिनियम थाना बेगमपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि (1) **अतुल (2) नीरज उर्फ निरज कुमार (3) लक्ष्य डांगी** मिल नहीं रहे हैं, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि (1) **अतुल (2) नीरज उर्फ निरज कुमार (3) लक्ष्य डांगी** फरार हो गए हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं)। इनके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा **84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता** की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 04/2026 धारा 308(4)/125 भारतीय न्याय संहिता एवं 25/27 शस्त्र अधिनियम थाना बेगमपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्तों (1) **अतुल (2) नीरज उर्फ निरज कुमार (3) लक्ष्य डांगी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **28.03.2026** को हाजिर हों।

**आदेशानुसार: सुश्री अनुराधा जिंदल,**
**अतिरिक्त मुख्य न्यायिक न्यायाधीश,**
**उत्तर-पश्चिम न्यायालय संख्या-101, प्रथम तल,**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली।**

DP/2219/RD/2026

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सचिन आहूजा** पुत्र जोगिंदर आहूजा निवासी डी–3/89, टैगोर गार्डन, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 1592/2014 धारा 420/34 भा.द.स., थाना राजौरी गार्डन, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सचिन आहूजा** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सचिन आहूजा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 1592/2014 धारा 420/34 भा.द.स., थाना राजौरी गार्डन, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सचिन आहूजा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **27.04.2026** को हाजिर हो।

**आदेशानुसार: श्री शशांक नन्दन भट्ट,**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–02 (पश्चिम)**
**कमरा नं. 356, तीसरा तल,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/2187/WD/2026

## अभियोजित व्यक्ति की उपस्थिति के लिए आवश्यक उद्घोषणा
(धारा 82 सीआर.पीसी देखें)

**न्यायालय में : श्री मयंक गोयल, माननीय एसीजेएम-02-कम एसीजे, राउज एवेन्यू कोर्ट कॉम्प्लेक्स, कोर्ट रूम सं. 205**

| | |
|---|---|
| आरसी नं. | : RC-0482022S0013 |
| शाखा | : सीबीआई/एससी-1 |
| धारा | : 170, 471, 419 आर/डब्ल्यू 511 आईपीसी के तहत |
| केस टाइटल | : सीबीआई बनाम वंदना चौधरी |

चूंकि मेरे समक्ष शिकायत की गई है कि आरोपी वंदना चौधरी, पुत्री पंचमणि चौधरी, निवासी एल3ए, गली नं. 7, विजय विहार, रोहिणी सेक्टर-4, नई दिल्ली और 16/25, गली नं. 13 देव नगर, करोल बाग, नई दिल्ली ने धारा 170, 471, 419 आरडब्ल्यू, 511 आईपीसी के तहत दंडनीय अपराध किया है (या करने का संदेह है) और इसके परिणामस्वरूप जारी गिरफ्तारी वारंट को इस आधार पर वापस कर दिया गया है कि उक्त आरोपी वंदना चौधरी नहीं मिल सकीं और चूंकि मेरी संतुष्टि के लिए यह दिखाया गया है कि उक्त आरोपी वंदना चौधरी फरार हो गई हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए स्वयं को छिपा रही है)।

एतद द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त आरोपी वंदना चौधरी को 23.03.2026 तक उक्त शिकायत का उत्तर देने के लिए इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

CBC 32205/11/0116/2526

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक में दिल्ली बाईपास, शीला बाईपास, पावर हाउस, आई.सी. कॉलेज, डी-पार्क, मेडिकल मोड और जीन्द बाईपास चौक पर रेन शेल्टर का निर्माण (पुनः आमंत्रण) + 1 कार्य। | 19.02.2026 26.02.2026 | रु. 76.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक की सीमाओं में वार्ड-12 में सेक्टर-1 में सीसी गली का निर्माण। | 19.02.2026 02.03.2026 | रु. 70.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | आर्य नगर में गुरूकिरपा फोटोस्टेट के मकान और मिगलानी के मकान 692/25 के निकट धनवंतरी स्कूल के सामने सीसी गली सुषमा बंसल के मकान, तरूण गर्ग के मकान, विरेन्द्र अरोड़ा, नीलम बेरी के मकान के निकट गली, आर्य नगर वार्ड 17 एम.सी.आर. में खुराना के मकान 1043/19 के निकट सुनील सचदेवा के मकान 1008/19 के निकट गली, शिव मंदिर के निकट, रामफूल में पंडित लोकेश शर्मा के मकान के निकट गली, महताब बिल्डिंग में गली, वैश्य गर्ल्ज कॉलेज गली, अरविन्द पाहवा के मकान, गली नं. 3 में दिनेश हुरिया के मकान के निकट गली का निर्माण। | 19.02.2026 26.02.2026 | रु. 69.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/80/43204/1/88/7 दि. 20.02.26

# रूस, वेनेजुएला व अमेरिका को छोड़ अब 'ओपेक' से आ रहा है भर-भरकर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ अब भारत के बंदरगाहों पर सऊदी अरब के तेल टैंकरों की कतारें

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल खरीदार और उपभोक्ता देश है। हमारी अर्थव्यवस्था और दैनिक यातायात पूरी तरह से तेल के सुचारू आयात पर निर्भर है।

पिछले कुछ समय से देश की रिफाइनरियों में सबसे ज्यादा रूसी तेल रिफाइन हो रहा था लेकिन अब हवा का रुख पूरी तरह से बदल गया है। अमेरिकी व्यापार समझौते के बाद भारत सरकार ने अपनी तेल खरीद की रणनीति में एक बड़ा बदलाव किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अब भारतीय बंदरगाहों पर रूस के बजाय ओपेक देशों, विशेषकर सऊदी अरब के तेल टैंकरों की कतारें लगनी शुरू हो गई हैं। जानकारों का कहना है कि अगर 'ओपेक' देशों से तेल सही दाम पर मिलता है, तो भारत में डीजल और पेट्रोल के दाम में हल्की नरमी देखने को मिल सकती है। साल 2022 में जब रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध छिड़ा, तो पश्चिमी देशों ने मॉस्को पर कई तरह के आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए। उस वक्त भारत ने आम जनता की ऊर्जा जरूरतों को देखते हुए सस्ते रूसी तेल की जमकर खरीदारी की थी। एक समय ऐसा था जब भारत के कुल तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी महज एक फीसदी हुआ करती थी, जो युद्ध के बाद छलांग लगाकर करीब 40 फीसदी तक पहुंच गई और रूस हमारा सबसे बड़ा सप्लायर बन गया। जैसे-जैसे भारत ने रूसी तेल से दूरी बनाई है, चीन ने इस स्थिति का पूरा फायदा उठाया है।

# व्यापारिक रूप से लाभकारी होगा तो वेनेजुएला से खरीदेंगे तेल : जायसवाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ हमारी ऊर्जा नीति देश की जरूरतों और सुरक्षा को देती है प्राथमिकता

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने वेनेजुएला और रूस से तेल खरीद पर भारत का रुख साफ करते हुए कहा कि भारत ने रूस और वेनेजुएला दोनों से तेल खरीदने पर अपनी स्थिति पहले ही स्पष्ट कर दी है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ हफ्तों में इस विषय पर जो बयान दिए गए हैं, वही भारत की नीति को दर्शाते हैं। शुक्रवार को प्रेस वार्ता के दौरान जायसवाल ने कहा कि वेनेजुएला से तेल तभी खरीदा जाएगा जब यह व्यापारिक रूप से लाभकारी होगा। यानी कीमत, गुणवत्ता और लॉजिस्टिक्स सही होने पर ही यह विकल्प अपनाया जाएगा। इसके साथ ही रूस से तेल खरीदने के मामले में भी जायसवाल ने भारत की स्थिति साफ की। उन्होंने स्पष्ट किया कि हमारी ऊर्जा नीति देश की जरूरतों और सुरक्षा को प्राथमिकता देती है। तेल खरीद के फैसले राष्ट्रीय हित और व्यावसायिक लाभ को ध्यान में रखकर ही लिए जाएंगे।

## एआई प्रशिक्षण के लिए आईबीएम के साथ करार...




**नयी दिल्ली/ अमरावती।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी आईबीएम के साथ एक साझेदारी की घोषणा की, जिसके तहत राज्य के एक लाख युवाओं को कृत्रिम मेधा (एआई), साइबर सुरक्षा और क्वांटम कंप्यूटिंग में प्रशिक्षित किया जाएगा। नायडू ने कहा कि इस पहल से शिक्षार्थियों को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप कौशल प्राप्त होगा, जिससे आंध्र प्रदेश के उभरते प्रौद्यागिकी कार्यबल को मजबूती मिलेगी।राष्ट्रीय राजधानी के 'भारत मंडपम' में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में शिरकत करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि शुक्रवार को ही आईबीएम की वरिष्ठ उपाध्यक्ष एना पाउला और अन्य अधिकारियों के साथ एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए गए।

# यूएस-ईरान के बीच बढ़ते तनाव से 6 माह के हाई पर कच्चे तेल के दाम

मुंबई। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ गया है, जिसके कारण सोना-चांदी की कीमतों के साथ क्रूड ऑइल की कीमतों में भी तेजी देखने को मिल रही है। कच्चे तेल के दाम अपने छह महीने के हाई रिकॉर्ड पर पहुंचे गए हैं। शुक्रवार को ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स की कीमत 21 सेंट की वृद्धि के बाद 71.87 डॉलर पर आ गई। ऐसे ही यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड भी 66.66 डॉलर पर आ गया।

### क्यों बढ़ रहा विवाद

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को धमकी दी है कि यदि तेहरान परमाणु गतिविधियों के बारे में यदि कुछ दिनों के भीतर समझौते पर सहमत नहीं होता है तो इसका उन्हें परिणाम भुगतना पड़ेगा। ईरान को ट्रंप ने 10 से 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है। सैन्य अभ्यास के लिए ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होरमुज को बंद कर दिया। ये वही इलाका है जहां से दुनिया भर में लगभग 20% कच्चे तेल की सप्लाई होती है। ईरान और अमेरिका के बीच इस बढ़ते तनाव के कारण दुनिया भर में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल देखने को मिल रहा है।

## आईएमएफ की जॉर्जीवा ने कहा, भारत को लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी

# एआई से वैश्विक वृद्धि 0.8 प्रतिशत बढ़ेगी नौकरियों के लिए उच्च जोखिम भी मौजूद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




■ जॉर्जीवा ने चेतावनी भी दी, नौकरियां कम होने से वित्तीय स्थिति पर जोखिम

■ एआई का प्रभाव अत्यधिक सकारात्मक दिखाने से सावधान रहे

■ एआई वैश्विक आर्थिक वृद्धि को लगभग एक प्रतिशत अंक तक बढ़ा सकता है

अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टलिना जॉर्जीवा ने शुक्रवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) वैश्विक आर्थिक वृद्धि को 0.8 प्रतिशत तक बढ़ा सकती है और भारत के 'विकसित भारत' बनने के लक्ष्य को हासिल करने में मदद कर सकती है। जॉर्जीवा ने चेतावनी भी दी कि एआई से नौकरियां कम होने और वित्तीय स्थिरता पर जोखिम भी उत्पन्न हो सकते हैं। जॉर्जीवा ने यहां आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में कहा कि वह एआई को लेकर आशावादी हैं, लेकिन इसके प्रभाव को अत्यधिक सकारात्मक दिखाने से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एआई को अच्छाई की ताकत या बुराई की ताकत के रूप में इस्तेमाल किए जाने के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है।

### अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ेगी

जॉर्जीवा ने कहा, /"एआई वैश्विक आर्थिक वृद्धि को लगभग एक प्रतिशत अंक तक बढ़ा सकता है। हमारा अनुमान 0.8 प्रतिशत है। इसका मतलब है कि दुनिया की अर्थव्यवस्था कोविड महामारी से पहले की तुलना में तेजी से बढ़ेगी। यह नए अवसर और अधिक रोजगार सृजित करने के लिए शानदार है। भारत के लिए भी यही प्रभाव दिख रहा है और इसका अर्थ है कि भारत का विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

### *वैश्विक असमानता बढ़ने का खतरा*

*जॉर्जीवा ने कहा कि सबसे पहले, एआई से कुछ देशों के पास प्रौद्योगिकी होने और कुछ देशों के पास न होने के कारण वैश्विक असमानता बढ़ने का खतरा है। दूसरा, यह वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम पैदा कर सकता है, क्योंकि एआई अनियंत्रित होने पर वित्तीय बाजारों में संकट पैदा कर सकता है।*

### *40 प्रतिशत नौकरियां होगी प्रभावित*

*जॉर्जीवा ने कहा, /"हमने इस जोखिम को बहुत ऊपर आंका है। हम वास्तव में श्रम बाजार पर एआई के प्रभाव को एक 'सुनामी' की तरह देख रहे हैं। वैश्विक स्तर पर लगभग 40 प्रतिशत नौकरियां एआई से प्रभावित होंगी, कुछ में सुधार होगा और कुछ खत्म हो जाएंगी। उभरते बाजारों में 40 प्रतिशत प्रभावित होंगे, जबकि विकसित अर्थव्यवस्थाओं में यह आंकड़ा 60 प्रतिशत तक है। और यह बदलाव अपेक्षाकृत कम समय में ही होने जा रहा है।*

### जोखिम के प्रति सचेत रहना होगा

जॉर्जीवा ने कहा कि एआई उन देशों के लिए अधिक अवसर पैदा करता है जो डिजिटल बुनियादी ढांचा, कौशल विकास और एआई को तेजी से अपनाने में आगे हैं। उन्होंने कहा कि देशों को जोखिमों के प्रति सचेत रहते हुए अवसरों को अपनाना चाहिए। उन्होंने एआई से जुड़े तीन प्रमुख जोखिमों को गिनाते हुए कहा, /"मैं एआई को लेकर बहुत आशावादी हूं। हालांकि मैं बहुत भोली भी नहीं हूं, इससे काफी जोखिम भी जुड़े हैं।

### दस में से एक नौकरी के लिए कौशल की जरूरत

आईएमएफ के एक अध्ययन के मुताबिक, एआई के कारण अमेरिकी श्रम बाजार पर असर पड़ रहा है। अमेरिका में हर दस में से एक नौकरी के लिए अब अतिरिक्त कौशल की जरूरत है और इस कौशल से लैस लोगों को बेहतर वेतन मिलता है। जॉर्जीवा ने कहा, /"जब लोगों के पास ज्यादा पैसे होंगे, तो वे स्थानीय सेवाओं पर खर्च करेंगे। वे रेस्तरां, मनोरंजन आदि में जाएंगे, जिससे कम-कौशल वाले कर्मचारियों की मांग बढ़ेगी।

# टाटा पंच ईवी लांच, 468 किमी रेंज, महज 6.49 लाख रुपए में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ बैटरी-एज-ए-सर्विस (बीएएएस) में बैटरी की कीमत शामिल नहीं होती




इलेक्ट्रिक व्हीकल सेगमेंट में लीडर की भूमिका निभा रही टाटा मोटर्स ने शुक्रवार को अपने मशहूर इलेक्ट्रिक एसयूवी टाटा पंच ईवी का नया फेसलिफ्ट मॉडल लॉन्च किया है। आकर्षक लुक और दमदार बैटरी पैक से लैस इस किफायती इलेक्ट्रिक एसयूवी की शुरुआती कीमत 9.69 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) तय की गई है। नए टाटा पंच फेसलिफ्ट में सबसे बड़ा बदलाव इसके बैटरी पैक में किया है। कंपनी ने इस कार की आधिकारिक बुकिंग शुरू कर दी है, बहुत जल्द ही इसकी डिलीवरी भी शुरू की जाएगी। इस सब्सक्रिप्शन मॉडल में ग्राहक को ईवी खरीदते समय कम शुरुआती कीमत चुकानी पड़ती है, क्योंकि बैटरी की बड़ी लागत हट जाती है।

### बीएएएस स्कीम में 6.49 लाख कीमत

कंपनी ने इसके लिए बीएएएस मॉडल भी लॉन्च किया है, जिसके तहत इस इलेक्ट्रिक कार की शुरुआती कीमत 6.49 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) तय की है। इस स्कीम के तहत ग्राहकों को बैटरी रेंटल के लिए 2.6 रुपए प्रतिकिमी के हिसाब से ईएमआई देनी होगी। इलेक्ट्रिक कारों के मामले में बैटरी-एज-ए-सर्विस सब्सक्रिप्शन प्लान एक ऐसा मॉडल होता है जिसमें गाड़ी की बैटरी कार की कीमत में शामिल नहीं होती है। बल्कि उसे अलग से किराये या उपयोग के हिसाब से लिया जाता है।

# निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 7 उपायों की घोषणा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने देश के निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को सात उपायों की घोषणा की जिनमें ई-कॉमर्स निर्यातकों के लिए ऋण सहायता एवं वैकल्पिक व्यापार साधनों को समर्थन शामिल है। ये उपाय 25,060 करोड़ रुपये के निर्यात प्रोत्साहन मिशन का हिस्सा हैं। इस मिशन के 10 में से तीन घटकों को जनवरी में पहले ही लागू किया जा चुका है। डिजिटल माध्यम से निर्यात करने वालों को समर्थन देने के लिए वाणिज्य मंत्रालय ने ब्याज अनुदान एवं आंशिक ऋण गारंटी के साथ ऋण सुविधाएं शुरू करने की घोषणा की है।'डायरेक्ट ई-कॉमर्स क्रेडिट' सुविधा के तहत 50 लाख रुपये तक सहायता 90 प्रतिशत गारंटी कवरेज के साथ उपलब्ध होगी। 'ओवरसीज इन्वेंटरी क्रेडिट' सुविधा के अंतर्गत पांच करोड़ रुपये तक सहायता 75 प्रतिशत गारंटी कवरेज के साथ दी जाएगी। इस पर 2.75 प्रतिशत ब्याज अनुदान मिलेगा जो प्रति आवेदक सालाना अधिकतम 15 लाख रुपये तक सीमित रहेगा। सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए कार्यशील पूंजी के किफायती साधन के रूप में निर्यात 'फैक्टरिंग' को बढ़ावा देने हेतु पात्र लेन-देन पर 2.75 प्रतिशत ब्याज अनुदान दिया जाएगा। यह सुविधा भारतीय रिजर्व बैंक/ आईएफएससीए से मान्यता-प्राप्त संस्थाओं के जरिये उपलब्ध होगी।

### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर हुआ 725.72 अरब डॉलर



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 13 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 8.66 अरब डॉलर बढ़कर 725.72 अरब डॉलर के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पूर्व छह फरवरी को समाप्त सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 6.71 अरब डॉलर घटकर 717.06 अरब डॉलर रह गया था। इससे पहले का सर्वोच्च स्तर जनवरी में 723.774 अरब डॉलर का रहा था। आरबीआई की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, 13 फरवरी को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 3.55 अरब डॉलर बढ़कर 573.60 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के रूप में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में घट-बढ़ के प्रभाव शामिल होते हैं।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 31 पैसे टूटकर 90.99 पर बंद

मुंबई। अमेरिका-ईरान के परस्पर बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी की वजह से शुक्रवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 31 पैसे टूटकर 90.99 (अस्थायी) पर बंद हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में तेजी का रुख भी रुपये को समर्थन देने में विफल रहा। इस पर अमेरिका और ईरान के बीच आने वाले दिनों में जंग छिड़ने की बनती स्थिति का विशेष प्रभाव रहा। ंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 90.94 पर खुला और सत्र के दौरान 91.04 के दिन के निचले स्तर तक चला गया।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### शेयर बाजार में तेजी लौटी सेंसेक्स 316 अंक उछला

**मुंबई (एजेंसी)।** शेयर बाजारों में शुक्रवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 316 अंक की बढ़त के साथ जबकि निफ्टी 25,550 के पार बंद हुआ। बैंकिंग और धातु शेयरों में खरीदारी, व्यापार समझौते में प्रगति को लेकर आशावाद के साथ 'पैक्स सिलिका' में भारत की भागीदारी की खबरों से बाजार को समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 316.57 अंक यानी 0.38 प्रतिशत चढ़कर 82,814.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 633.94 अंक बढ़कर 83,132.08 अंक तक पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 116.90 अंक यानी 0.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,571.25 अंक पर बंद हुआ। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''भारतीय शेयर बाजारों ने एक दिन पहले की भारी गिरावट के बाद जोरदार वापसी की। बड़े शेयरों में मजबूत खरीदारी देखने को मिली। व्यापार समझौते को लेकर स्पष्ट संकेतों और 'पैक्स सिलिका' में भारत के प्रवेश से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है।



### सोना 850 रुपये चढ़कर 1.59 लाख रुपये पर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मजबूत वैश्विक रुख के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 1000 रुपये बढ़कर 1,60,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जबकि चांदी 6500 रुपये की बढ़ोतरी के साथ 2.51 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार को 1,59,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) पर बंद हुई थी। हालांकि, शुक्रवार को चांदी की कीमतें 2,51,000 रुपये प्रति किलोग्राम रही। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 30.83 डॉलर यानी 0.62 प्रतिशत बढ़कर 5,027.13 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी 2.55 प्रतिशत बढ़कर 80.5 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। कोटक सिक्योरिटीज के जिंस शोध विभाग में सहायक उपाध्यक्ष कायनात चेनवाला ने कहा, 'सोना 5,020 डॉलर प्रति औंस से ऊपर पहुंच गया। जबकि संभावित अमेरिका-ईरान संघर्ष पर बढ़ती चिंताओं के कारण चांदी भी 81 डॉलर प्रति औंस के करीब पहुंच गई है।

### एयर इंडिया के विमानों की विश्वसनीयता में हुआ सुधार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एयर इंडिया के बेड़े की विश्वसनीयता में सुधार हुआ है और कलपुर्जों का भंडार भी बढ़ाया गया है। एयर इंडिया के सीईओ और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने यह बात कही। टाटा समूह के स्वामित्व वाली इस एयरलाइन को अपने पुराने बोइंग 777 और 787 विमानों के साथ तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ा है, जिससे उड़ानों में देरी और रद्दीकरण की नौबत आती रही है। विल्सन ने बताया कि पुराने बोइंग 787 विमानों के उन्नयन का काम शुरू हो गया है। विल्सन ने कहा कि परिचालन क्षमता को मजबूत करना एयरलाइन के मुख्य क्षेत्रों में से एक है और अब विमानों की कार्यक्षमता पहले से बेहतर हुई है। विल्सन के मुताबिक, एयरलाइन समूह का लक्ष्य 2030 तक अपने विमानों की संख्या को वर्तमान के 300 से बढ़ाकर 500 के पार ले जाना है। जैसे-जैसे उन्नयन का काम बढ़ रहा है, दोनों पुराने बोइंग बेड़े लगातार सुधार दिखा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कलपुर्जों की उपलब्धता में काफी वृद्धि की गई है। विमानों को अधिक विश्वसनीय बनाने के लिए एयरलाइन लगातार पुराने पुर्जों को बदलने और आधुनिक प्रौद्योगिकी के साथ उन्हें अद्यतन करने का काम कर रही है।

## राशिफल

**मेष** — परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**वृष** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कर्क** — सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

**वृश्चिक** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** — जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

### दिसंबर तक 14 पीएलआई योजनाओं में 28,748 करोड़ रुपये हुए वितरित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहन देने के लिए शुरू की गई 'उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन' (पीएलआई) योजना के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दवा समेत 14 क्षेत्रों को अब तक 28,748 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। सरकार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सरकार ने वर्ष 2021 में घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के इरादे से 14 क्षेत्रों के लिए 1.97 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ पीएलआई योजनाओं की घोषणा की थी। दिसंबर, 2025 तक पीएलआई योजना के तहत 14 क्षेत्रों में कुल 836 आवेदनों को मंजूरी दी जा चुकी थी जिनमें कुल 2.16 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश शामिल हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि इन क्षेत्रों में 20.41 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कुल बिक्री और 8.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात हुआ।

### पत्रकारों के प्रतिनिधिमंडल ने आईआईटी व एनआईईएलआईटी रोपड़ का दौरा किया



**चंडीगढ़।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रोपड़ ने पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), जयपुर के प्रतिनिधिमंडल एवं राजस्थान से आए पत्रकारों का अपने परिसर में स्वागत किया। निदेशक प्रो. आहूजा ने कहा कि आईआईटी रोपड़ का उद्देश्य प्रतिभा को प्रोत्साहित करना, नवाचार को गति देना और विश्वस्तरीय अनुसंधान के माध्यम से वास्तविक चुनौतियों का समाधान करना है।प्रतिनिधिमंडल का स्वागत निदेशक प्रो. राजीव आहूजा तथा डीन (कैप्स) प्रो. पुष्पेंद्र पाल सिंह ने किया। जनसंपर्क अधिकारी श्री निखिल स्वामी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। संस्थान में शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से स्थापित एएनएनएएम एआई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फॉर एग्रीकल्चर उत्कृष्टता केंद्र (300 करोड़ से अधिक निवेश) सतत कृषि को नई दिशा दे रहा है। यह पहल मृदा एवं फसल पूर्वानुमान विश्लेषण, स्मार्ट सिंचाई, कीट प्रबंधन तथा जलवायु अनुकूल खेती के लिए एआई आधारित समाधान विकसित कर रही है। हाल ही में आयोजित एएनएनएएम एआई हैकाथॉन 2025 में देशभर के नवाचारकर्ताओं ने भाग लेकर कृषि चुनौतियों के व्यावहारिक एआई समाधान प्रस्तुत किए। संस्थान मृदा स्वास्थ्य मैपिंग एवं प्रिसीजन फार्मिंग मॉडल जैसे उपकरण विकसित करने हेतु राष्ट्रीय भागीदारों के साथ भी कार्य कर रहा है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C./ 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखें**


मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अभिजीत कुमार मुखर्जी पुत्र** स्व. श्री रंजीत कुमार मुखर्जी, **निवास: S-46/42** इदिरा गाँधी कैम्प, तैमूर नगर, एनएफसी, साउथ दिल्ली ने **FIR No. 208/2024, U/s 21/61/85 NDPS Act., थाना: अपराध शाखा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अभिजीत कुमार मुखर्जी** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अभिजीत कुमार मुखर्जी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 208/2024, U/s 21/61/85 NDPS Act., थाना: अपराध शाखा, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अभिजीत कुमार मुखर्जी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अतुल अहलावत
एएसजे (स्पे0 जज NDPS Act), कोर्ट नं. 35
पी. बिल्डिंग पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/1811/Crime/2026
(Court Notice)


## शब्द पहेली - 6145




**बाएँ से दाए-**
2.पिता की बहन-2
5.कठोर-2
7.खून,रुधिर-2
8.मशरुम,फफूंद-3,2
9.इसे मकड़ी बुनती है-2
10.अपशिष्ट पदार्थ-2
11.धैर्य,संयम-2
13.स्फूर्ति,चंचलता-4
15.ओस,निशाजल-4
17.राशि निर्धारण-5
18.हलकापन-5
20.खालीपन,रिक्तता-4
23.स्नान करवाना-4
26.दंड-2
27.कार्य-2
28.कुर्बानी-2
29.कहानी का लेखक-5
30.प्रतिबिंब-2
31.गाना,नगमा-2
32.मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**
1.बंदूक की गोली-4
3.व्याकुलता-4
4.दौरान,मध्य में-5
5.सत्ताधारी-4
6.नरम,अकठोर-4
10.शराब,सुरा-2
12.ईश्वर-2
14.गतिशीलता-5
16.नवीन,नया -2,3
19.उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20.प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21.मवाद-2
22.नाजुकता-4
23.मना करना-4
24.मैं का बहुवचन -2
25.नाकारा,बेकार-4

**शब्द पहेली -6144 का हल**





# जम्पा की गेंदबाजी के बाद मार्श के तूफान में उड़ा ओमान

## ऑस्ट्रेलिया ने ओमान को नौ विकेट से हराकर विश्व कप से विदा ली



- मार्श और हेड ने 93 रन जोड़े
- जम्पा ने चार विकेट झटके
- ओमान ने मात्र 104 रन बनाए

भाषा ▶▶| पाल्लेकल

टूर्नामेंट से जल्दी बाहर होने का अपमान झेल रही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टी-20 विश्व कप के अपने आखिरी लीग मैच में शुक्रवार को ओमान को नौ विकेट से हराकर विदा ली। जिम्बाब्वे और श्रीलंका से अप्रत्याशित हार के बाद ऑस्ट्रेलिया ग्रुप चरण से ही बाहर हो गया है। प्रतिष्ठा के लिये खेल रही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने औपचारिकता के इस मैच में ओमान को 16.2 ओवर में ही 104 रन पर आउट कर दिया था। लेग स्पिनर एडम जम्पा ने चार विकेट चटकाये। जवाब में कप्तान मिचेल मार्श के 33 गेंद में नाबाद 64 रन और ट्रेविस हेड के 19 गेंद में 32 रन की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने 9.4 ओवर में जीत दर्ज की। यह सौ रन से अधिक के लक्ष्य का पीछा करते हुए टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे तेजी से दर्ज की गई जीत है। मार्श ने अपनी पारी में सात चौके और चार छक्के लगाये। वहीं हेड ने छह चौके लगाये। दोनों ने 93 रन की साझेदारी की। इससे पहले जम्पा के चार विकेट की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने ओमान को 104 रन पर आउट कर दिया। जम्पा ने 21 रन देकर चार विकेट लिये जबकि जेवियर बार्टलेट और ग्लेन मैक्सवेल को दो दो विकेट मिले। ओमान की टीम 16.2 ओवर में आउट हो गई। वसीम अली ने ओमान के लिये 33 गेंद में 32 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया और पहली ही गेंद पर बार्टलेट ने आमिर कलीम का विकेट ले लिया। अगली चार गेंदों पर रन नहीं बने जिसके बाद करण सोनावले ने मिडआन पर चौका लगाकर ओमान का खाता खोला। आखिरी गेंद पर ग्लेन मैक्सवेल ने स्लिप में करण का कैच टपकाया। ओमान के कप्तान जतिंदर सिंह ने अगले ओवर में मार्कस स्टोइनिस को चौका लगाया और बार्टलेट को भी इसके बाद चौका जड़ा। करण ने नाथन एलिस का स्वागत चौके के साथ किया। एलिस ने हालांकि अगली ही गेंद पर सफलता हासिल की और कट शॉट खेलने के प्रयास में करण विकेट गंवा बैठे।

# सुपर आठ जंग: पाक स्पिनरों को साधने की रणनीति के साथ उतरेंगे कीवी बल्लेबाज

- पाकिस्तान और न्यूजीलैंड में आज शाम 7 बजे से भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| कोलंबो



न्यूजीलैंड की टीम शनिवार 21 फरवरी को टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण ग्रुप दो के शुरुआती मैच में पाकिस्तान का सामना करेगी तो जीत के लिए सबसे अहम कारक होगा कि उसका मजबूत मध्यक्रम प्रतिद्वंद्वी टीम की स्पिन विविधता का माकूल जवाब दे सके।

न्यूजीलैंड के बल्लेबाज आईसीसी के इस बड़े टूर्नामेंट में अभी तक शीर्ष स्तर का खेल नहीं दिखा सके हैं, जिसमें बस सलामी बल्लेबाज टिम सिफर्ट और फिन एलेन ही हैं, जिन्होंने मिलकर तीन अर्धशतक लगाए हैं। लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाज इन दोनों का ठीक से साथ नहीं दे पाए हैं। ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मार्क चैपमैन और डेरिल मिचेल जैसे बल्लेबाज निरंतर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। फिलिप्स और रविंद्र ने हालांकि एक-एक अर्धशतक लगाया है लेकिन कुल मिलाकर उनका प्रदर्शन फीका ही रहा है।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे विजेंदर

**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेंदर सिंह और स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना रविवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से 11वीं कॉग्निजांट नई दिल्ली मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे। इस मैराथन में 30 हजार से ज्यादा लोगों के हिस्सा लेने की उम्मीद है और यह देश की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता से एक बनने वाली है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से प्रमाणित, 'एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन एंड डिस्टेंस रेस' से मान्यता प्राप्त और विश्व एथलेटिक्स से स्वीकृत यह मैराथन वैश्विक एथलेटिक कैलेंडर में अपनी जगह मजबूत कर रही है।

### 'अंडरडॉग' के बावजूद हम सहज : इब्राहिम

**कोलंबो।** जिम्बाब्वे के सहायक कोच डॉयन इब्राहिम ने कहा कि भारत के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच से पहले वे छुपेरुस्तम (अंडरडॉग) कहे जाने के बावजूद सहज हैं और उनकी टीम ने तैयारी में सभी चीजें सही की हैं। इब्राहिम ने यह भी कहा कि उनकी टीम के लिए यह भी जरूरी यह है कि इस मौके पर वे घबराएं नहीं। जिम्बाब्वे ने श्रीलंका को छह विकेट से हराकर ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल किया। सुपर आठ चरण में जिम्बाब्वे का सामना मौजूदा चैंपियन भारत, दो बार के चैंपियन वेस्टइंडीज और 2024 के फाइनल में पहुंचे दक्षिण अफ्रीका से होगा।

वुमैन्स राइजिंग स्टार्स एशिया कप : श्रीलंका ए को 5 विकेट से हराया, राधा ने किया हरफनमौला प्रदर्शन

# भारतीय गेंदबाजों ने श्रीलंका की बल्लेबाजी को किया तहस-नहस, फाइनल में एंट्री



एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

कप्तान राधा यादव ने शानदार हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए भारत ए की टीम को शुक्रवार को श्रीलंका ए पर 5 विकेट से जीत दिलाकर वुमैन्स राइजिंग स्टार्स टी20 एशिया कप के फाइनल में पहुंचा दिया।

श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन यह उस पर भारी पड़ गया। राधा की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने उसके बल्लेबाजी लाइन-अप को तहस-नहस कर उन्हें 118 रन पर आउट कर दिया।

बाएं हाथ की स्पिनर राधा ने 19 रन देकर 4 विकेट लिए। राधा को एक और बाएं हाथ की स्पिनर तनुजा कंवर (20 रन देकर 2 विकेट) और लेग स्पिनर प्रेमा रावत (9 रन देकर 2 विकेट) का अच्छा साथ मिला।

## राधा यादव ने पहले झटके 4 विकेट, फिर 18 गेंद में ठोके 31 रन



### भारतीय गेंदबाजों ने सेमीफाइनल में दिखाया दम

सेमीफाइनल मैच में इंडिया ए वुमेंस टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। इस मुकाबले में श्रीलंका की ए टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ श्रीलंका महिला टीम के बल्लेबाज रन बनाने के लिए संघर्ष करते हुए दिखे। श्रीलंका की पूरी टीम 19.4 ओवर में सिर्फ 118 रन पर ढेर हो गई। लंका की पारी में सबसे ज्यादा रन संजना कविंदी ने बनाए, उन्होंने 35 गेंदों में 31 रन की धीमी पारी खेली। वहीं, शशिनी गिम्हानी ने 17 गेंदों में 22 रन की तेज पारी खेली। उनके अलावा हंसिमा करुणारत्ने ने 14 रन और सथ्या संदीपनी ने 15 रनों का योगदान दिया। भारत की गेंदबाजी की बात करें तो वहां कप्तान राधा यादव ने 3.4 ओवर में 19 रन देकर 4 विकेट चटकाए। वहीं, प्रेमा रावत ने 4 ओवर में सिर्फ 9 रन देकर 2 विकेट लिए। तनुजा कंवर ने भी 2 विकेट झटके।

### वृंदा ने बनाए 42 रन

लक्ष्य का पीछा करते समय भारत ने एक समय 21 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन इसके बाद उसे ज्यादा परेशानी नहीं हुई। टीम के लिए वृंदा दिनेश 42 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। लेकिन राधा ने बल्लेबाजी में योगदान करते हुए 18 गेंदों पर सात चौकों की मदद से नाबाद 31 रन बनाए, जिससे भारत ने 13.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। फाइनल में भारत का सामना बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच शुक्रवार को होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 22 फरवरी को खेला जाएगा।

# बांग्लादेश 'ए' ने जीता मुकाबला टूटा पाकिस्तानी टीम का सपना

## फाइनल में भारत से मुकाबला



एजेंसी ▶▶| बैंकाक

बांग्लादेश 'ए' ने महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स के फाइनल का टिकट कटा लिया है। टेर्डथाई क्रिकेट ग्राउंड पर शुक्रवार को खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में बांग्लादेश 'ए' ने पाकिस्तान 'ए' को 54 रनों से हरा दिया। इस हार के साथ ही पाकिस्तान का फाइनल खेलने और खिताब जीतने का सपना टूट गया। फाइनल में बांग्लादेश की भिड़ंत भारतीय टीम के साथ 22 फरवरी को होगी।

### बांग्लादेश की शुरुआत खराब

टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही। टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। पूरी टीम सिर्फ 110 रन पर सिमट गई। बांग्लादेश के लिए कप्तान फहीमा खातून ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 32 गेंदों में 40 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी पारी के दौरान फहीमा ने 5 चौके जमाए। उन्हें दूसरे छोर से बाकी बल्लेबाजों का साथ नहीं मिल सका। शर्मिन सुल्ताना ने 15 रनों का योगदान दिया, जबकि शमिमा ने 13 रन बनाए। गेंदबाजी में पाकिस्तान की ओर से कप्तान हफ्सा खालिद ने 4 ओवर में सिर्फ 25 रन देकर 2 विकेट लिए।

### पाकिस्तानी बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह बिखरी

*111 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम का बल्लेबाजी क्रम ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। पाकिस्तान की ओर से सिर्फ तीन ही बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार कर सकीं। पूरी टीम 56 रन पर ऑलआउट हो गई। सर्वाधिक 14 रन शावाल जुल्फिकार के बल्ले से आए। हफ्सा ने 15 गेंदों में 12 रन बनाए। गेंदबाजी में बांग्लादेश की ओर से संजीदा अख्तर मेघला ने 3.3 ओवर में 6 रन देकर 3 विकेट लिए। फहीमा खातून ने 6 रन देकर दो विकेट लिए।*

## वैभव का दमदार शॉट, तोड़ दिया पानी का पाइप

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट में उभरते सितारे के तौर पर तेजी से पहचान बना रहे वैभव सूर्यवंशी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी और लंबी हिट लगाने की क्षमता के कारण वे पहले ही क्रिकेट प्रेमियों के बीच चर्चा का विषय बने हुए हैं। अब उनकी आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स ने एक वीडियो साझा किया है, जिसमें प्रैक्टिस के दौरान उनका जोरदार शॉट पानी का पाइप तोड़ देता है। यह क्लिप सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।

## एफआईएच प्रो लीग: भारतीय टीम की नजरें वापसी पर

**होबार्ट।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम घरेलू मैदान पर बुरी तरह हारने के बाद शनिवार को यहां स्पेन के खिलाफ मैच के साथ एफआईएच प्रो लीग के विदेशी चरण की शुरुआत में नए कप्तान हार्दिक सिंह के नेतृत्व में वापसी करने और एक नई शुरुआत करने के लिए बेताब होगी। सीरीज का होबार्ट चरण 25 फरवरी तक तस्मानिया हॉकी सेंटर में होगा, जिसमें मेजबान ऑस्ट्रेलिया भी शामिल है।

महिला टी-20 क्रिकेट

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वापसी के इरादे से उतरेगी भारत की महिला ब्रिगेड



एजेंसी ▶▶| एडिलेड

भारतीय महिला टीम को अगर ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर पहली बार ऐतिहासिक श्रृंखला जीतनी है तो उसकी बल्लेबाजों को शनिवार 21 फरवरी को तीसरे और आखिरी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में मेजबान टीम की अनुभवी गेंदबाजी इकाई के खिलाफ एकजुट होकर आक्रामक प्रदर्शन करना होगा। भारतीय महिला टीम अभी तक ऑस्ट्रेलिया में तीनों प्रारुपों में कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं जीत पाई है। इसे बदलने के लिए भारत को यहां बेहतर बल्लेबाजी की जरूरत है, जिसकी शुरुआत सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा से होगी।

### टीमें इस प्रकार

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, भारती फूलमाली, क्रांति गौड़, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमालिनी, अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, स्नेह राणा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा।

**ऑस्ट्रेलिया:** सोफी मोलिनू (कप्तान), तहलिया मैकग्रा, डार्सी ब्राउन, निकोला कैरी, किम गार्थ, ग्रेस हैरिस, फोबे लिचफील्ड, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगान शुट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहम। मैच दोपहर 1.45 बजे शुरू होगा।

### एडिलेड की पिच कैनबरा के मुकाबले अलग

एडिलेड की पिच कैनबरा की पिच के मुकाबले अलग है और भारतीय बल्लेबाजों को यहां अपने पिक-अप शॉट्स पर भरोसा करना चाहिए। एक बेहतरीन आउटफील्ड भी बल्लेबाजी के लिए बेहतर है। कप्तान हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स और ऋचा घोष को बल्ले पर आती गेंद पसंद है और उन्हें यहां कुछ मदद मिलने की उम्मीद है। हालांकि मैदान की सतह चिकनी होने से जिम्मेदारी भारतीय तेज गेंदबाजों रेणुका सिंह, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़ और अमनजोत कौर पर होगी कि वे अपनी लाइन एवं लेंथ में स्थिर रहें क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज किसी भी ढील का आसानी से फायदा उठा सकती हैं।

**जॉर्जिया वोल सबसे बड़ा खतरा :** युवा खिलाड़ी जॉर्जिया वोल सबसे बड़ा खतरा हो सकती हैं, जिन्होंने अब संन्यास ले चुकी मेग लैनिंग और एलिसा हीली के जाने के बाद पारी के आगाज की भूमिका को जिम्मेदारी से संभाला है। इनकी जगह भरना बहुत बड़ी बात है लेकिन 22 साल की यह खिलाड़ी अब तक कमाल की रही है। भारतीय तेज गेंदबाजों को वोल को रोकना होगा और स्पिनरों दीप्ति शर्मा और श्री चरणी को भी बीच के ओवरों में योगदान देना होगा। वहीं सदरलैंड और ऐश गार्डनर के अलावा फोबे लिचफील्ड को शांत रखना भी जरूरी है।



Divisa

आँखों को दीजिए कुदरती आई मंत्रा

100% Ayurvedic

Helps In :
• Eye Strain • Eye Dryness
• Eye Tiredness • Eye Freshness • Eye Cleanliness

असर पहले दिन से




Dr. Juneja's EYE Mantra®

12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।

प्रयोग विधि: 2 से 3 ड्रॉप्स दिन में तीन बार या चिकित्सकीय परामर्शानुसार इस्तेमाल करें।

Clinically Tested

24x7 Helpline: 8196822222 • www.eyemantra.com • Available at all leading medical stores

## पीएम मोदी ने एआई व डीपटेक स्टार्टअप के सीईओ के साथ की बैठक

# भारत केंद्रित समाधान विकसित करने पर विमर्श

### मातृभाषा में उच्च शिक्षा के लिए एआई उपकरणों के विस्तार की अपील



पीएम नरेंद्र मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने एआई व डीपटेक स्टार्टअप के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के साथ शुक्रवार को बैठक की और कृषि, पर्यावरण संरक्षण एवं मातृभाषा में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने जैसे क्षेत्रों में कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी के उपयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। पीएम के साथ आयोजित गोलमेज बैठक में 16 एआई एवं डीपटेक स्टार्टअप के सीईओ तथा संस्थापकों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। पीएम कार्यालय (सेवा तीर्थ) के बयान के अनुसार, पीएम मोदी ने मजबूत 'डेटा गवर्नेंस' की आवश्यकता पर जोर दिया, दुष्प्रचार के प्रति सावधान रहने को कहा और भारत की जरूरतों के अनुरूप समाधान विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) को सरल एवं व्यापक डिजिटल नवाचार का उदाहरण बताते हुए भारतीय कंपनियों पर विश्वास जताया और घरेलू उत्पादों पर भरोसा करने के लिए प्रोत्साहित किया। पीएम ने अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी भागीदारी बढ़ाने की बात भी कही और भारतीय स्टार्टअप में निवेशकों की मजबूत रुचि का उल्लेख किया। बैठक में एब्रिज, अदालत एआई, ब्रेनसाइट एआई, क्रेडो एआई, एका केयर, ग्लीन, इनोगल, इनवीडियो, मिको, ओरिजिन, प्रोफेज, रासेन, रुब्रिक, सैटश्योर, सुपरनोवा और सायफा एआई के सीईओ व संस्थापक उपस्थित थे।

- मजबूत 'डेटा गवर्नेंस' की आवश्यकता पर जोर
- एआई दुष्प्रचार के प्रति सावधान रहने को कहा



पीएम नरेंद्र मोदी एआई व डीपटेक स्टार्टअप के सीईओ के साथ

### स्वास्थ्य क्षेत्र में करें एआई का प्रयोग

*पीएम मोदी ने स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई का उपयोग उन्नत 'डायग्नोस्टिक्स', 'जीन थेरेपी' और रोगी रिकॉर्ड प्रबंधन को अधिक कुशल बनाने के लिए किया जा रहा है, ताकि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सकें। कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाने एवं जलवायु जोखिम प्रबंधन के लिए भू-स्थानिक (जियोस्पेशियल) और 'अंडरवॉटर इंटेलिजेंस' का उपयोग किया जा रहा है। बैठक में साइबर सुरक्षा, नैतिक एआई, अंतरिक्ष, स्थानीय भाषा के माध्यम से न्याय एवं शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने तथा पारंपरिक प्रणालियों के आधुनिकीकरण से उद्यम उत्पादकता मजबूत करने वाले स्टार्टअप भी शामिल थे।*

### कृषि व पर्यावरण में बढ़ाएं एआई का उपयोग

पीएम मोदी ने कृषि व पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में एआई प्रौद्योगिकी के उपयोग पर चर्चा करते हुए फसल उत्पादकता और उर्वरक उपयोग की निगरानी के जरिये मिट्टी के स्वास्थ्य की रक्षा करने की संभावनाओं पर विचार साझा किए। भारतीय भाषाओं एवं संस्कृति के महत्व पर बल देते हुए मोदी ने मातृभाषा में उच्च शिक्षा के लिए एआई उपकरणों के विस्तार का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने नवप्रवर्तकों को साहसिक जोखिम उठाने और प्रभावशाली समाधान विकसित करने के लिए बधाई दी।

### सर्बिया के राष्ट्रपति ने की भारत की सराहना

भारत एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के अवसर पर सर्बिया के राष्ट्रपति



अलेक्जेंडर वुसिक ने आयोजन की सफलता के लिए भारत को बधाई दी और एआई के क्षेत्र में भारत की पहल की सराहना की। राष्ट्रपति वुसिक ने कहा कि एआई मुद्दा अब पारंपरिक मीडिया और सोशल नेटवर्क्स में भी प्रमुख विषय बन गया है, जो अपने आप में बड़ी सफलता है। भारत ने एआई के बुनियादी ढांचे, डेटा सेंटर और कंप्यूटर समेत विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निवेश शुरू किया है। सर्बिया भी, एक छोटा देश होने के बावजूद, इसी दिशा में प्रयास कर रहा है।

## भारत एआई इनोवेशन का ग्लोबल हब बनेगाः पिचाई



गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई ने शुक्रवार को पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। बैठक के बाद सुंदर पिचाई ने कहा कि भारत एआई के साथ एक असाधारण रास्ता तय करने वाला है। उन्होंने कहा कि एआई के फायदे हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए वैश्विक सहयोग आवश्यक है और इसमें अमेरिका-भारत साझेदारी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि भारत में शुरू हुए कई इनोवेशन वैश्विक स्तर पर प्रोडक्ट्स को बेहतर बना रहे हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि गूगल पे जैसे प्लेटफॉर्म ने दुनिया भर में डिजिटल भुगतान को नई दिशा दी है।

### पीएम मोदी ने अलग-अलग देशों के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय वार्ता की

इंडिया एआई इंपैक्ट समिट के दौरान भारत के पीएम नरेंद्र मोदी अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी कर रहे हैं। पीएम मोदी ने लिकटेंस्टीन के वंशानुगत राजकुमार, एलोइस फिलिप मारिया के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। उन्होंने श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके और यूएन के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से भी मुलाकात की। पीएम मोदी स्लोवाकिया गणराज्य के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी से भी मिले।

### भारत में लाखों छात्रों के लिए एआई क्रिएटिविटी बढ़ाएगा अडोबीः नारायण

अडोबी के चेयरमैन और सीईओ शांतनु नारायण ने कहा कि कंपनी भारत में लाखों छात्रों के लिए रचनात्मकता के अवसर बढ़ा रही है और उन्हें एआई कौशल से सशक्त बना रही है, जिससे पीएम नरेंद्र मोदी के विजन को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। कंपनी ने कहा कि वह अपने प्रमुख टूल जैसे अडोबी फायरफ्लाई, फोटोशॉप और एक्रोबैट को भारत के मान्यता प्राप्त उच्च शिक्षण संस्थानों के माध्यम से छात्रों को मुफ्त उपलब्ध कराएगी। इससे छात्र एआई-फर्स्ट करियर के लिए तैयार हो सकेंगे। इस टूलकिट के जरिए छात्रों को अडोबी के रचनात्मक और उत्पादकता सॉफ्टवेयर के साथ पाठ्यक्रम, प्रशिक्षण और प्रमाणपत्र भी मिलेंगे, जिससे वे पढ़ाई पूरी करने के बाद अलग पहचान बना सकें।



### भारत के पास अविश्वसनीय अवसरः क्रिस्टियानो एमॉन

सेमीकंडक्टर विनिर्माता क्वालकॉम के अध्यक्ष एवं सीईओ



क्रिस्टियानो एमॉन ने कहा कि एआई से एक बुनियादी बदलाव आएगा जिससे नए उपकरण, अनुभव एवं सेवाएं विकसित होंगी और एक 'विशाल अवसर' पैदा होगा जो इस परिवर्तन से लाभ उठाने के लिए भारत को एक 'अविश्वसनीय' मौका प्रदान करता है इंटरनेट के शुरुआती दौर को पीछे छोड़ते हुए सीधे मोबाइल इंटरनेट को अपनाने वाले भारत जैसे देश के लिए एआई के मामले में भी यही बात 'फिर से सच साबित होने जा रही है'। भारत एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र भी बन रहा है। एआई की मदद से आप इन प्रौद्योगिकियों द्वारा समर्थित बड़े बदलावों का शुरुआत से ही हिस्सा बन सकते हैं।

## एआई से बनेंगे नए रोजगार के अवसर, लोगों को मिलेगा व्यापक लाभः उपराष्ट्रपति

इंडिया एआई इंपैक्ट समिट 2026 में शामिल सीईओ और प्रतिनिधियों ने उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। इस अवसर पर राधाकृष्णन ने कहा कि एआई भविष्य में केवल मौजूदा नौकरियों को बदलने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि नए रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा। एआई स्वास्थ्य, शिक्षा और सुशासन जैसे क्षेत्रों में बड़े बदलाव का माध्यम बनेगा। एआई कार्यों की सटीकता बढ़ाता है, कामकाज को सरल बनाता है और समाज को व्यापक लाभ पहुंचाता है। उन्होंने भारत के समावेशी और लोगों पर केंद्रित एआई दृष्टिकोण पर जोर देते हुए कहा कि इसका उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों तक अवसर पहुंचाना है।

### एआई दुनिया के कार्यक्षेत्र को तेजी से बदल रहा

बैठक के दौरान प्रतिनिधियों ने अपने विचार साझा करते हुए बताया कि एआई दुनिया के कार्यक्षेत्र को तेजी से बदल रही है और नए अवसर खोल रही है। स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार जैसे क्षेत्रों में एआई की परिवर्तनकारी क्षमता बहुत बड़ी है और भारत बड़े स्तर पर एआई आधारित नवाचार और उपयोग से लाभ उठाने की अच्छी स्थिति में है। प्रतिनिधियों ने इंडिया एआई मिशन द्वारा मजबूत और सहयोगात्मक एआई पारितंत्र बनाने के प्रयासों की सराहना भी की।



विदेशी प्रतिनिधि उपराष्ट्रपति के समक्ष अपने विचार व्यक्त करते हुए

## खबर संक्षेप

### मेडिकल इमरजेंसी में टेस्ला ने बचाई जान

**नई दिल्ली।** एक टेस्ला मालिक ऋषि वोहरा ने अपने पोस्ट में बताया कि कंपनी की ऑटोनॉमस



ड्राइविंग तकनीक ने एक गंभीर मेडिकल इमरजेंसी के दौरान उसकी जान बचा ली। फ्रीवे पर ड्राइव करते समय वह अचानक बेहोश हो गया था, लेकिन कार ने संभावित जानलेवा हादसे को टाल दिया। टेस्ला की फुल सेल्फ ड्राइविंग प्रणाली ने यह पहचान लिया कि वह बेहोश हो चुके हैं।

### लुबना बनीं न्यू जर्सी की मुस्लिम महिला जज

**न्यू जर्सी।** अमेरिका के न्यू जर्सी राज्य में भारतीय मूल की लुबना काजी ने इतिहास रच दिया है। वह न्यू



जर्सी में नियुक्त होने वाली पहली मुस्लिम महिला जज बन गई हैं। उनकी इस उपलब्धि को न केवल भारतीय समुदाय बल्कि वैश्विक मुस्लिम समाज के लिए भी गर्व का क्षण माना जा रहा है। लुबना काजी की नियुक्ति अमेरिकी न्यायिक प्रणाली में बढ़ती विविधता की दिशा में अहम कदम है। उन्होंने अपनी शिक्षा और कानूनी प्रशिक्षण के माध्यम से न्याय प्रणाली में मजबूत स्थान बनाया। उन्होंने अपने करियर में न्याय, निष्पक्षता और ईमानदारी को प्राथमिकता दी।

## संयुक्त राष्ट्र महासचिव संग बैठक में यूएन में सुधारों, वैश्विक दक्षिण की मजबूती के मुद्दे पर की चर्चा

# एआई सम्मेलन के समापन दिवस पर प्रधानमंत्री ने की दुनिया के दिग्गज नेताओं से मुलाकात

पीएम ने टेक कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों द्वारा स्वास्थ्य सेवा, कृषि, अंतरिक्ष क्षेत्र में किए गए कार्य को लेकर सभी की सराहना की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत की मेजबानी में आयोजित किए गए अंतरराष्ट्रीय स्तर के 'इंडिया एआई इंपैक्ट सम्मेलन-2026' के समापन का दिन यानी शुक्रवार भी राष्ट्रीय राजधानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दुनिया के शीर्ष नेताओं और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डीपटेक स्टार्टअप क्षेत्रों से जुड़े हुए मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ की गई उच्च-स्तरीय बैठकों के नाम रहा। जिसमें संयुक्त राष्ट्र (यूएन) महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के साथ हुई बैठक में दोनों शीर्ष नेताओं ने एआई को सर्वव्यापी बनाने और इस दिशा में संयुक्त राष्ट्र की रचनात्मक भूमिका के मुद्दे पर चर्चा की है। पीएम ने अपनी कुछ एक्स पोस्ट के जरिए इन बैठकों के बारे में जानकारी दी है। जिसमें यूएन महासचिव गुटेरेस के साथ हुई वार्ता को लेकर उन्होंने सोशल मीडिया मंच पर लिखा, यूएन महासचिव के साथ हुए संवाद में हमने एआई को सर्वव्यापी बनाने के मामले पर विचार-विमर्श किया है। इसके अलावा हमने एक बेहतर ग्रह के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करने के मकसद से किए जा रहे प्रयासों को लेकर भी भारत के समर्थन को दोहराया। संयुक्त राष्ट्र सुधारों खासकर वैश्विक दक्षिण को अधिक सशक्त बनाने के विषय पर भी हमने अपने विचार आपस में साझा किए हैं।

- श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके, मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. रामगुलाम के साथ भी हुई
- सेवा तीर्थ में एआई और डीपटेक स्टार्टअप के सीईओ के साथ भी किया पीएम ने संवाद



### श्रीलंका, मॉरीशस के राष्ट्राध्यक्षों से की चर्चा

श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ हुई बैठक को लेकर प्रधानमंत्री ने प्रसन्नता जताई है। उन्होंने कहा कि हमने भारत संबंधों में हाल ही में हुई प्रगति की समीक्षा की। साथ ही ऊर्जा, कनेक्टिविटी, बुनियादी ढांचा, कौशल विकास, संस्कृति, नीली अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों पर संवाद किया। वहीं, मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम को लेकर पीएम ने एक्स पोस्ट के माध्यम से बताया कि हमारी बातचीत में एआई, प्रौद्योगिकी, संस्कृति और आम जन के बीच संबंधों के क्षेत्र में स्थापित दोनों देशों की उन्नत रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने को लेकर साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। भारत की नजर में हमारी महासागर परियोजना में मॉरीशस एक महत्वपूर्ण भागीदार है। हम क्षेत्रीय सुरक्षा और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए घनिष्ठ सहयोग से काम करना जारी रखेंगे।

### सीईओ से बोले, मानवता के कल्याण पर रहे ध्यान

इन सबके बीच पीएम ने अपने आधिकारिक निवास सेवा तीर्थ में करीब 16 एआई और डीपटेक स्टार्टअप्स के सीईओ के साथ एक गोलमेज बैठक की। जिसमें उन्होंने टेक कंपनियों के इन शीर्ष अधिकारियों द्वारा स्वास्थ्य सेवा, कृषि, अंतरिक्ष, साइबर सुरक्षा, सामाजिक उद्यम और अन्य क्षेत्रों में किए गए सराहनीय कार्य को लेकर सभी की सराहना की। एक्स पोस्ट में उन्होंने बताया कि हमने अपनी वार्ता के दौरान मानवता के कल्याण को आगे बढ़ाने में एआई की क्षमता का लाभ उठाने के तरीकों पर चर्चा की है। इसके अलावा उन्होंने कुछ चर्चित वैश्विक एआई और टेक आधारित कंपनियों के सीईओ से पृथक रूप से द्विपक्षीय मुलाकात भी की। जिसमें क्वालकॉम इंक के अध्यक्ष और सीईओ क्रिस्टियानो आर.एमोन, ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन मुख्य रूप से शामिल हैं।

## अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से राष्ट्रपति ट्रंप को बड़ा झटका

# अदालत ने कहा- ट्रंप टैरिफ गैरकानूनी, इसे लगाने का अधिकार सिर्फ संसद को

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट से राष्ट्रपति ट्रंप को बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने कहा है कि ट्रंप को टैरिफ लगाने का कानूनी अधिकार नहीं है। कोर्ट ने कहा कि ट्रंप का दुनिया के देशों पर लगाया गया टैरिफ गैरकानूनी है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया कि ट्रंप ने नेशनल इमरजेंसी के लिए रखे गए कानून का इस्तेमाल करके बड़े टैरिफ लगाकर अपने अधिकार का उल्लंघन किया। अदालत ने कहा कि कानून प्रेसिडेंट को टैरिफ लगाने का अधिकार नहीं देता। चीफ जस्टिस जॉन रॉबर्ट्स के 6-3 के फैसले में कोर्ट ने निचली अदालत के उस फैसले को सही ठहराया, ट्रंप ने बड़े पैमाने पर इंपोर्ट टैक्स लगाने के लिए इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट का इस्तेमाल करके अपने अधिकार का गलत इस्तेमाल किया। 1977 में बना यह कानून, प्रेसिडेंट को नेशनल इमरजेंसी के दौरान कॉमर्स को रेगुलेट करने की इजाजत देता है।



### 6 बनाम 3 के बहुमत से आया फैसला

अदाल का यह फैसला 6 बनाम 3 के बहुमत से आया सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला इमरजेंसी पावर्स लॉ के तहत लगाए गए टैरिफ से जुड़ा है, जिसे आधार बनाकर ट्रंप लगभग हर दूसरे देश पर बड़े रेसिप्रोकल टैरिफ लगाए। ज्यादातर जजों ने फैसले में कहा कि संविधान बहुत साफ तौर पर कांग्रेस को टैक्स लगाने की पावर देता है, जिसमें टैरिफ भी शामिल हैं। चीफ जस्टिस जॉन रॉबर्ट्स ने लिखा कि संविधान बनाने वालों ने टैक्स लगाने की पावर का कोई भी हिस्सा एग्जीक्यूटिव ब्रांच को नहीं दिया था। जस्टिस सैमुअल अलिटो, क्लेरेंस थॉमस और ब्रेट कैवनॉ ने इससे असहमति जताई।

## आर्टेमिस-2 का दूसरा ईंधन परीक्षण सफल, 6 मार्च को लॉन्च की तैयारी

एजेंसी ▶▶ फ्लोरिडा

फ्लोरिडा के केप कैनावेरल में गुरुवार की रात नासा के वैज्ञानिकों के लिए बड़ी राहत लेकर आई। नासा ने अपने विशालकाय मून रॉकेट में ईंधन भरने की अंतिम रिहर्सल दोबारा की, जो पिछली बार तकनीकी खराबी के कारण रोकनी पड़ी थी। इस बार टीम ने रॉकेट में 7 लाख गैलन से भी ज्यादा सुपर कोल्ड ईंधन भरा। काउंटडाउन को निर्धारित योजना के अनुसार अंतिम 30 सेकंड तक ले जाया गया, फिर अंतिम 10 मिनट की प्रक्रिया दोबारा दोहराई गई।

## बोर्ड ऑफ पीस की बैठक में ट्रंप की ईरान को चेतावनी

# 10 दिन में करें डील, नहीं तो तबाही के लिए रहें तैयार

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका और ईरान के बीच अब तक दो बड़ी बैठक हो चुकी है। पहला ओमान में और दूसरा जिनेवा में। दोनों ही बैठक में कोई नतीजा नहीं निकला।

अभी भी दोनों मुल्क अपनी शर्तों को लेकर अड़े हुए हैं। इस बीच अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन में बोर्ड ऑफ पीस का पहला उद्घाटन समारोह हुआ। इस समारोह में बोर्ड में शामिल देश के प्रतिनिधित्व शामिल हुए। इस मंच से एक बार फिर से ट्रंप ने ईरान को चेताया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को लेकर कहा कि अमेरिका को ईरान के साथ एक सार्थक और ठोस समझौता करना होगा। ट्रंप के अनुसार, दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है और यह बातचीत सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है।



### स्थायी समाधान निकाले ईरान

*ट्रंप ने साफ किया कि ईरान को परमाणु हथियार रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। यह बात अमेरिकी प्रशासन ने ईरान को पहले ही साफ बता दी है। उनका मानना है कि अमेरिका को ईरान के साथ कुछ जरूरी कदम उठाने होंगे ताकि इस परमाणु हथियार के मुद्दे का स्थायी समाधान निकाला जा सके। ट्रंप ने बताया कि आने वाले लगभग दस दिनों के अंदर स्थिति और अधिक साफ हो जाएगी। जिसका मतलब है कि बातचीत के परिणामों पर जल्द ही कोई ठोस अपडेट मिल सकता है।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109